हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • मंगलवार • 15.07.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 351 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### तरलोक सिंह चौहान होंगे झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को नियुक्त किया गया है। जस्टिस तरलोक सिंह चौहान वर्तमान में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस है। वहीं झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिया गया था, जिसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है। जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की नियुक्ति की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने सोमवार, 14 अप्रैल को अपने एक्स अकाउंट पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड समेत देश के कई राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का तबादला किया गया है और संबंधित अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं।

### आंध्र प्रदेश में लॉरी पलटने से नौ लोगों की मौत

**अन्नामय्या :** आंध्र प्रदेश के अन्नामैया जिले के पुल्लमपेट मंडल में आम से लदी एक लॉरी के पलटने से खेतों में काम करने वाले नौ मजदूरों मौत होने पर राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शोक व्यक्त किया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित तिरुपति जिले के चेट्टीगुंटा कॉलोनी के 21 खेतिहर मजदूर आम तोड़ने के लिए राजमपेट मंडल के इसुकापल्ली गांव गए थे और उसी ट्रक में आम लेकर रेलवे कोडुरु बाजार लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि लॉरी चालक का उस पर से नियंत्रण खोने पर लॉरी तटबंध से टकराकर पलट गयी जिसमें काम करने वाले नौ मजदूरों की मौत हो गयी तथा अन्य 12 घायल हो गए। पुलिस ने बताया मृतकों की पहचान चित्तेम्मा, सुब्बा रत्नम, गज्जला दुर्गय्या, गज्जला श्रीनु, गज्जला लक्ष्मी देवी, राधा, गज्जला रमण वेंकट सुब्बम्मा और मुनिचंद्र के रूप में की गई। मुख्यमंत्री नायडू ने भीषण सड़क दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने अन्नामय्या ज़िले के अधिकारियों से बात की और दुर्घटना की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

# देशभर में आइटी डिपार्टमेंट का सबसे बड़ा ऑपरेशन, एक साथ 200 ठिकानों पर रेड




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देशभर में इनकम टैक्स विभाग ने फर्जीवाड़े के खिलाफ जोरदार कार्रवाई करते हुए सोमवार को 200 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने बताया कि रजिस्टर्ड या गैर रजिस्टर्ड दलों को राजनीतिक दान देने, बीमा, ट्यूशन फीस और कई तरह के लोन के भुगतान के बदले लोगों द्वारा की गई झूठी कटौतियां के दावे इन मामलों में शामिल हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

### कई बिचौलियों ने गलत छूट का उठाया फायदा

सूत्रों के मुताबिक, इस अभियान के तहत उन लोगों की तलाशी ली जा रही है, जो फर्जी छूट का दावा करने में मदद करते हैं। इनमें फाइलर और अकाउंटेंट शामिल हैं। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80 जीजीसी के तहत राजनीतिक पार्टियों या इलेक्टोरल ट्रस्ट को दिए गए दान पर टैक्स में छूट मिलती है। लेकिन सूत्रों ने बताया कि कई बिचौलियों ने इस छूट का गलत फायदा उठाया है।

ये लोग 5 से 10 फीसदी कमीशन लेकर फर्जी बिल बनाते थे, जिनके जरिए टैक्सपेयर्स टैक्स में कटौती का दावा करते थे। अधिकारियों ने यह भी कहा है कि कई टैक्सपेयर्स बिना सही डॉक्यूमेंट्स के अपने क्लेम को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे थे।

### आईटी विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी

यह धांधली सिर्फ पॉलिटिकल डोनेशन तक सीमित नहीं थी। कई लोग ट्यूशन फीस और मेडिकल खर्चों के नाम पर भी नकली बिल बनाकर टैक्स चोरी कर रहे थे। विभाग ने इस फजीर्वाड़े का पर्दाफाश करने के लिए देशभर में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की है।

### NUDGE कैंपेन के बाद शुरू हुई कार्रवाई

बता दें कि यह कार्रवाई विभाग के हालिया NUDGE कैंपेन के बाद शुरू हुई है, जिसमें टैक्सपेयर्स को उनके रिटर्न में संदिग्ध या अप्रमाणित कटौतियों के बारे में पहले से सूचित किया गया था। साथ ही जुमार्ने से बचने के लिए स्वेच्छा से संशोधित या अपडेट रिटर्न दाखिल करने की सलाह दी गई थी।

### छत्तीसगढ़ में एसईसीएल ओपन कास्ट के मैनेजर और एसी के यहां आयकर का छापा



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार सुबह बिलासपुर, मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी समेत कई इलाकों में एक साथ दबिश दी है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, ये छापेमारी टैक्स चोरी की शिकायतों के आधार पर की गई है, और पूरा मामला साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) से जुड़ा बताया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह करीब 8 बजे चिरमिरी के पोड़ी नवापारा स्थित एसईसीएल ओपन कास्ट के मैनेजर रविशंकर चक्रधारी और मनेंद्रगढ़ निवासी एसी मनीष गुप्ता के घर इनकम टैक्स की टीमें पहुंचीं। चार गाड़ियों में आई टीम ने दोनों घरों को चारों ओर से घेर लिया और घर के अंदर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू कर दी। इस दौरान किसी को अंदर-बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के अलावा बिलासपुर में भी आधा दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर रेड पड़ी है। छापेमारी को लेकर इनकम टैक्स विभाग की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, विभाग की टीमें बैंक स्टेटमेंट, प्रॉपर्टी डील्स, डिजिटल ट्रांजैक्शन और अन्य आर्थिक दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही हैं। छापे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया गया। दोनों शहरों में प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है और कार्रवाई की निगरानी उच्च स्तर से की जा रही है।

## शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताए, अब उनके धरती पर वापसी की यात्रा शुरू हो गई हैं। एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही है। इस कड़ी में आईएसएस से उनका स्पेसक्राफ्ट अनडॉक हो चुका हुआ है।

यह मिशन भारत समेत हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है। शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार हैं और अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग शाम करीब 4:50 बजे हुआ है। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट 22.5 घंटे की यात्रा के बाद यानी मंगलवार दोपहर 3:01 बजे आईएसटी पर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा। यह पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी और उसमें किसी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी।

### रघुवर दास ने हेमन्त सोरेन से की मुलाकात शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**रांची :** दिल्ली दौरे पर गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल रघुवर दास ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। यह मुलाकात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुई, जहां रघुवर दास ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से कामना है कि गुरुजी जल्द स्वस्थ हों और एक बार फिर झारखंड की सेवा में लगें। बता दें कि दिशोम गुरु के नाम से प्रसिद्ध शिबू सोरेन बीते पखवाड़े से बीमार चल रहे हैं। उन्हें मल्टिपल ऑर्गन नन-फक्शनिंग की शिकायत के बाद दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि डॉक्टरों के मुताबिक उनकी स्थिति अब नियंत्रण में है।

## सीसीएल कर्मी से एक करोड़ लेवी मांगने वाले चार नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सीसीएल कर्मी से एक करोड़ की लेवी मांगने वाले चार भाकपा माओवादी नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए माओवादी संगठन के योगेन्द्र गंझू, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नाहक को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

सोमवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन क्षेत्र के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लेवी वसूलने के लिए इकट्ठा हुए थे और इनके पास से हथियार व नक्सली पर्चे भी बरामद हुए हैं।यह कार्रवाई 25 जून को सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के एक कर्मचारी से एक करोड़ रुपये की लेवी मांगने और जान से मारने की धमकी के मामले में की गई है।

एसएसपी ने बताया कि 25 जून को सीसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन कमेटी के सदस्य मनोज जी के नाम पर एक करोड़ रुपये की लेवी मांगी गई थी। धमकी दी गई थी कि यदि दो जुलाई तक राशि का भुगतान नहीं किया गया तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

कोलकर्मी की लिखित शिकायत के आधार पर खलारी थाना में सात जुलाई को प्राथमिकी संख्या 46/25 दर्ज किया गया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इसी दौरान 14 जुलाई की मध्य रात्रि को दल को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी के 4-5 सक्रिय सदस्य मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बक्सी बंगला चट्टी नदी के पास व्यवसायी, ठेकेदार और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलने के लिए जमा हुए हैं।

## ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाएं : मुख्य सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य सचिव ने आइटी डिपार्टमेंट को ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के तमाम विभागों के प्रमुखों संग गहन मंथन किया। झारखंड सरकार अपना पूरा काम डिजिटल तरीके से करने की ओर कदम बढ़ा रही है। सरकार का आइटी डिपार्टमेंट इसके एक्शन प्लान पर काम शुरू कर चुका है।

मुख्य सचिव ने आइटी डिपार्टमेंट को ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश दिया। इस व्यवस्था को जनवरी 2026 के पहले पूर्ण करने को कहा। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से इसे लागू करने का तरीका बताने वाले रेलटेल, एनआइसी और जैपआइटी के तकनीकी विशेषज्ञों को निर्देश दिया कि वे टाइमलाइन बनाकर इसे क्रियान्वित करें। उन्होंने



कहा कि सरकारी फाइलें काफी संवेदनशील होती हैं, इसलिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि फाइलें साइबर फ्रॉड की शिकार नहीं बनें। तकनीकी व्यवस्था सुगम हो, ताकि अनावश्यक देरी नहीं हो। कार्यालय के बाहर दूसरी जगह से भी ई-ऑफिस के जरिये कार्य करने की सहूलियत हो। उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए सर्वप्रथम सभी पुरानी फाइलों को स्कैन कर उनका पीडीएफ फाइल अपलोड करें। ऐसा नहीं हो कि फिजिकल फाइल पढ़कर डिजिटल निर्णय लेने की नौबत आये। मुख्य सचिव ई-ऑफिस लाइट के क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को उसकी प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।

### चार विभागों में ई-ऑफिस शुरू-

राज्य सरकार के चार विभाग कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा, वित्त विभाग, आईटी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस सिस्टम की प्रक्रिया शुरू है। इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अन्य विभाग भी इस व्यवस्था को लागू करने में आगे आ रहे हैं। इन विभागों के लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। कई विभागों ने अपने अधिकारियों के ई-ऑफिस सिस्टम पर ईमेल बना दिया है। मुख्य सचिव ने बाकी बचे विभागों को भी ई-ऑफिस सिस्टम पर आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

### ई-ऑफिस सिस्टम के लाभ-

ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एक क्लिक पर फाइलें सामने होंगी। उनका भौतिक रख-रखाव नहीं करना पड़ेगा। सभी फाइलें एक जगह संरक्षित और सुरक्षित रहेंगी। एक फाइल की कई-कई बार फोटोकॉपी आदि से बचाव होगा। आग, बाढ़, कीड़े, चूहों और फंगस से बचाने की जद्दोजहद से मुक्ति मिलेगी। फाइलों पर निर्णय लेने की गति बढ़ेगी। यह पारदर्शी होगा, इस कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होगी। फाइलें रेड टैपिंग से मुक्त होंगी। विभागों की कार्यकुशलता बढ़ेगी। पेपरलेस काम होने से यह पर्यावरण हितैषी भी होगा।

## नफरत फैलाने वाले बयानों पर रोक लगाना जरूरी, सुप्रीम कोर्ट ने ‘हेट स्पीच’ पर जताई चिंता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पर बढ़ रहे हेट स्पीच (नफरती भाषणों) को लेकर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि आजकल लोग ‘अभिव्यक्ति की आजादी’ के नाम पर कुछ भी बोल रहे हैं और इसे सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि बहुत खतरनाक है। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज फ्रांसिस विश्वनाथन ने उस मामले में की जिसमें वजाहत खान नाम के व्यक्ति ने एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को हेट स्पीच पर सख्त



निर्देश देते दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाले बयानों पर रोक लगाना जरूरी है, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी पर कोई आंच न आए। कोर्ट ने यह भी कहा कि लोगों को खुद समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कितनी कीमती है और इसका दुरुपयोग न करें।

### कोर्ट की अहम बातें

हर बार सरकार को बीच में आकर कार्रवाई करनी पड़े, यह सही तरीका नहीं है। लोगों को खुद जिम्मेदारी से पेश आना चाहिए और हेट स्पीच वाले पोस्ट शेयर, प्रमोट या लाइक करने से बचना चाहिए। एक बार जो बात इंटरनेट पर आ जाती है, वह हमेशा के लिए रह जाती है, सिर्फ पोस्ट डिलीट करने से कुछ नहीं होगा। अभिव्यक्ति की आजादी एक महत्वपूर्ण अधिकार है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल अदालतों में मामलों की भीड़ बढ़ा रहा है।

### वजाहत खान को मिली राहत

वजाहत खान के वकील ने कोर्ट में कहा कि उनके पुराने ट्वीट्स के लिए वे माफी मांगते हैं और अब वे सिर्फ यह चाहते हैं कि कोर्ट यह देखे कि क्या दर्ज की गई एफआईआर वाकई उन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी है। कोर्ट ने सवाल किया कि हर बार नई एफआईआर दर्ज करके और जेल में डालकर क्या हल निकलेगा? इससे कोई स्थायी समाधान नहीं निकलता।

### पिछली सुनवाई का जिक्र

24 जून को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और कुछ राज्यों असम, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस वजाहत खान की उस याचिका पर दिया गया था जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की थी।

वजाहत खान पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट किए जिनसे धार्मिक नफरत और साम्प्रदायिक तनाव फैल सकता था। उनके खिलाफ अलग-अलग राज्यों में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं।

## भारत-चीन के संबंध दुनिया के लिए अहम सीमा पर कम हुआ तनाव : एस जयशंकर



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन के दौरे पर हैं। अपने चीनी समकक्ष वांग के साथ बैठक के दौरान अपने शुरूआती वक्तव्य में जयशंकर ने कहा, आज हमारी बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। कल हम शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रारूप में मिलेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से लड़ना है। यह हम सभी की साझा चिंता है और भारत को उम्मीद है कि आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को मजबूती से अपनाया जाएगा। विदेश मंत्री के रूप में आप (वांग यी) लंबे समय से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए जिम्मेदार रहे हैं। मुझे इस समय हमारे संबंधों की स्थिति पर चर्चा करने पर खुशी हो रही है, विशेषकर ऐसे समय में जब दुनिया में बड़े बदलाव हो रहे हैं। मैं रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करता हूं। जयशंकर ने आगे कहा, पिछले नौ महीनों में हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने की दिशा में अच्छा प्रगति की है। यह सीमा पर तनाव के समाधान और वहां शांति बनाए रखने की हमारी क्षमता का परिणाम है। यही पारस्परिक रणनीतिक विश्वास और संबंधों के सहज विकास की बुनियाद है। अब जरूरी है कि हम सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दें, जिनमें तनाव कम करना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हमारे संबंधों के कई पहलू और आयाम हैं, क्योंकि हम पड़ोसी देश भी हैं और प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भी। लोगों के बीच संपर्क को सामान्य बनाने की दिशा में उठाए गए कदम आपसी सहयोग को बढ़ा सकते हैं।

## एक नजर

### मोबाइल रिचार्ज की बढ़ती कीमतों से आम उपभोक्ता बेहाल

**बड़कागांव :** मोबाइल रिचार्ज महंगा होने के कारण आम गरीब उपभोक्ता के ऊपर गहरा प्रभाव पड़ा है। आम गरीब उपभोक्ता अक्सर रिचार्ज नहीं करा पा रहे हैं। क्योंकि उनके पास सीमित आय होती है। जब रिचार्ज की कीमतें बढ़ती हैं तो, यह उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। दिहाड़ी मजदूर या रोजमर्रा कामकाज करने वाले, उनकी आय इतनी नहीं होती है कि वे हर महीने एक निश्चित राशि, मोबाइल रिचार्ज पर खर्च कर सकें। मोबाइल रिचार्ज की महंगाई की मार ऐसी पड़ रही है कि कई लोग 2 से 3 मोबाइल सिम प्रयोग कर रहे थे। परंतु अब हालत बिल्कुल बदला बदला सा दिखने लगा है। उपभोक्ता एक दो सिम को बंद करवा रहे हैं या पैसे का अभाव के कारण रिचार्ज नहीं करा पा रहे हैं। सिर्फ एक सिम से ही काम चलाना मुनासिब समझ रहे हैं। मिला-जुला कर हम कह सकते हैं कि मोबाइल रिचार्ज महंगा होने के कारण आम उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए सांसद

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सोमवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री सह गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद के आवास पर पहुंचकर उनके छोटे भाई स्व.भरत कपूर के श्रद्धांजलि सभा सह ब्रह्मभोज में शामिल हुए। सांसद जायसवाल रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के बड़की पोना पंचायत स्थित ग्राम मुरुबन्दा स्थित मंत्री के आवास पहुंचे और यहां सबसे पहले दिवंगत के तस्वीर पर पुष्पार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दु:ख से उबरने के लिए अदम्य शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेष रूप से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि शेखर चौधरी, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा के मीडिया मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, रंजन फौजी, प्रवीण कुमार सोनू सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### भाजपा नेत्री ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**हजारीबाग :** ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से एक गंभीर मामले को लेकर मुलाकात की। ज्ञात हो कि जबरा पावर हाउस के समीप एक व्यक्ति से मोबाइल छिनतई के क्रम में अपराधियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। इस घटना में जबरा निवासी प्रदीप प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मेडिका प्राईवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज में अत्यधिक आर्थिक खर्च को लेकर इलाज करवाने को लेकर परिजनों ने भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता से असक्षमता व्यक्त किया। इस विषम परिस्थिति में शेफाली गुप्ता ने रिम्स प्रशासन से बात कर बेहतर उपचार सुनिश्चित कराने हेतु भर्ती करवाने का सहयोग प्रदान किया। जिसके बाद रिम्स, रांची में भर्ती कराया गया, जहां वे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से इस घटना में शामिल दोषियों व नशा के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

# बुनियादी सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, पीडी जेनरेशन, जिओ टैगिंग, जन मन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस, एवं जेएसएलपीएस के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाए और उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आवास योजनाओं में कम प्रगति वाले प्रखंडों पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवासों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराएं। आवास योजना में प्रथम एवं द्वितीय किस्त के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मस्टर रोल जेनरेशन को बढ़ावा देने, अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सिंचाई से संबंधित योजनाओं जैसे बिरसा कूप सिंचाई योजना की प्रगति को और गति देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। पंचायती राज व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी पंचायत भवन नियमित रूप से खुले रहने चाहिए तथा पंचायत सचिवालय से नागरिकों को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए। पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के समाधान पर भी विशेष बल दिया। जेएसएलपीएस अंतर्गत डीडीयू-जीकेवाई, लखपति दीदी, मुद्रा लोन जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि वे अपने प्रखंड क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें एवं योजनाओं के धरातलीय कार्यान्वयन की निगरानी करें। साथ ही, अधीनस्थ कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें।

### मकान गिरने एवं ग्रामीण के दबने को लेकर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

**बड़कागांव :** प्लान्डु गांव में लगातार हो रही बरसात के कारण मिट्टी का कच्चा मकान गिरने से दादा पोती के दबने की खबर अखबार में छपने के पश्चात हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने संज्ञान लिया है। और उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया एवं बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया। मामले को लेकर प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार ,पंचायत सेवक रंजू कुमारी ने सोमवार सुबह 7 :00 प्लान्डु गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ज्ञात हो की मकान ढहने से दादा और पोती के मलवे में दब गए थे। ग्रामीणों के प्रयास से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था ।प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर विकास ने बताया कि मंगलवार को आपातकालीन ग्राम सभा कर पीड़ित को आवास स्वीकृत की जाएगी। लगभग 15 दिनों के अंदर सुरेश करमाली की पत्नी के नाम प्रधानमंत्री आवास आवंटित करा दी जाएगी। आवास के लिए कई प्रक्रियाएं हैं जिसे पूरी करनी पड़ती है। वही प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि प्रखंड में 2025- 26 में प्रधानमंत्री आवास के लिए 11000 घरों का सर्वे किया गया है।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहर की समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की और उन्हें जल्द से जल्द समाधान करने का आग्रह किया। विधायक ने शहर में दिनोंदिन गंभीर होती ट्रैफिक समस्या और चोरी की बढ़ती घटनाओं की ओर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया की पार्किंग, अतिक्रमण और बिना योजना के चल रहे वाहनों के कारण नागरिकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा चोरी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों ने भी नगरवासियों को असुरक्षित महसूस करवाया है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। मुलाकात के दौरान विधायक ने कोर्रा, जबरा और बाबूगांव, मटवारी सहित शहर के विभिन्न इलाकों में नशा और गौ-तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों पर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा की ये गतिविधियां न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती हैं बल्कि समाज को भीतर से खोखला कर रही हैं। विधायक ने स्पष्ट किया की इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे और साथ ही समाज के जागरूक लोगों को भी आगे आना होगा। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया की नगर निगम क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जल्द ही एक ठोस योजना बनाई जाएगी। चोरी और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी, उन्होंने यह भी कहा कि नशा और गौ-तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनआरएलएम की टीम करेगी हजारीबाग के पंचायतों का दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की एक उच्चस्तरीय टीम द्वारा सोमवार को समाहरणालय सभागार में हजारीबाग जिले के दौरे को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त, एनआरएलएम प्रतिनिधि टी. एस. कृष्णन, डीआरडीए निदेशक, संबंधित बीडीओ, जेएसएलपीएस के डीपीएम एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। टीम द्वारा जानकारी दी गई कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एनआरएलएम की टीम हजारीबाग जिले के तीन प्रखंडों चौपारण, सदर एवं ईचाक के कुल सात पंचायतों का दौरा करेगी। चौपारण प्रखंड के झापा, गोबिंदपुर, बच्छई पंचायत, सदर प्रखंड के भेलवारा एवं मंडई पंचायत, तथा ईचाक प्रखंड के डुमरांव एवं डाडीघाघर पंचायत शामिल हैं। दौरे के दौरान एनआरएलएम की टीम पंचायतों में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि एनआरएलएम, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जनमन अभियान, एनएसएपी सहित अन्य योजनाओं की जमीनी स्तर पर समीक्षा करेगी। टीम प्रत्येक पंचायत में चयनित पांच ग्रामीण मजदूरों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझने का प्रयास करेगी। साथ ही, ग्रामीणों को एनआरएलएम की अवधारणा, योजनाएं और उनके लाभ के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त टीम जिला स्तर पर जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण करेगी। इस दौरे का उद्देश्य योजनाओं की प्रभावशीलता, क्रियान्वयन की स्थिति एवं लाभुकों तक उनकी पहुंच की समग्रता से जांच करना है।

## आत्मरक्षा का प्रतीक है लाठी खेल प्रतियोगिता : मोनू अख्तर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखण्ड पंचायत पाण्डेयबारा के ग्राम केसठ में रविवार रात्रि को 5 स्टार क्लब केसठ द्वारा लाठी-भाला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला और आजसू पार्टी के नेता मोनू अख्तर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और लाठी खेल कर किया। प्रतियोगिता का आगाज उत्कृष्ट कमेंट्री कर फैजान अंसारी ने किया। रेफरी जुबैर और मोईन ने खेल का ईमानदारी से संचालन कर अपनी भूमिका निभाई। वही मीडिया कवरेज अक्सर अंसारी ने किया। मौके पर बरही पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि लाठी-भाला खेल प्रतियोगिता से आपसी भाईचारगी एवं आत्मविश्वास बढ़ती है। मुहर्रम के मौके पर हमें संकल्प लेना है कि एक भी बेटी निरक्षर न रहे, और इस प्रतियोगिता के बाद, यहाँ के युवा लाठी नहीं, बल्कि कलम थामेंगे क्योंकि अब लाठी का नहीं, कलम का जमाना है। कलम ही मिसाइल बनकर आपको आगे ले जाएगी। वही आजसू पार्टी के नेता मोनू अख्तर ने कहा कि लाठी-भाला खेल प्रतियोगिता आत्मरक्षा का प्रतीक है। प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमे विजेता एकता क्लब ढाब को कूलर, उपविजेता हुसैनी क्लब दर्जीचक को साइकिल एवं शेर क्लब बाराटांड़ को ग्राइंडर मिक्सर देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सभी टीमों को सेलिंग फैन दिया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में पर मो० जुबैर, दानिश, साहब, अशफाक, तौफीक, अफसर, गुलबहार अंसारी, सोनू अंसारी सहित पूरे 5 स्टार क्लब केसठ सहित कई लोग शामिल थे।

## बड़कागांव में हाथियों का कहर जारी लाकुरा में राशन दुकान को किया ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** पिछले 20 दिनों से बड़कागांव क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी है आपको बता दें पिछले महीने 25 तारीख को 25 हाथियों का झुंड बड़कागांव क्षेत्र के जोराकठ जंगल की ओर से आए थे और आज 20 दिन बीत जाने के बाद भी वन विभाग हाथियों को बड़कागांव ग्रामीण क्षेत्र से बाहर निकलने में असमर्थ है, इसका खामियाजा ग्रामीण और किसान भुगत रहे हैं। अलग-अलग गांव और पंचायत में हाथियों का झुंड तबाही मचा रहा है।

करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है, हाथियों के उत्पात का शिकार मुख्य रूप से ग्रामीण और किसान हो रहे हैं जिनके फसलों को हाथी खा रहे हैं और पैरों तले रौंद भी रहे हैं ' इसी कड़ी में रविवार की रात लाकुरा गांव में ललन कुमार पिता शिव कुमार महतो ग्राम अशोक नगर बड़कागांव निवासी के राशन दुकान को हाथियों ने निशाना बनाया और उसके दुकान का शटर तोड़कर सारा राशन का सामान खा गए और काउंटर, कुर्सी, रैक कई तरीके के समान तोड़ दिए भुक्तभोगी ने बताया की 6 बोरा चावल, दो बोरा चीनी ,दो बोरा आटा और एक बोरी दाल समेत कई खाने की चीजो को हाथियों ने चट कर दिया। लगभग 2 लाख का नुकसान होने का अनुमान है , ललन कुमार ने कहा कि वन विभाग हमारे इस नुकसान की भरपाई करें।

# रामगढ़ में 'दिशा' की बैठक संपन्न, विकास योजनाओं का हुआ रिव्यू, अधिकारियों को मिले महत्वपूर्ण निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** सोमवार को रामगढ़ जिला समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष -सह- सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में रामगढ़ जिले में संचालित विभिन्न विभागों की जनहितकारी और विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पिछली बैठक में हुए कार्यों की प्रगति पर चर्चा के साथ ही क्षेत्र की कई ज्वलंत और गंभीर समस्याओं पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। बतौर समिति अध्यक्ष सांसद मनीष जायसवाल ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि रामगढ़ जिले में व्यापक स्तर पर चले अवैध कोयला और बालू तस्करी पर नियंत्रण करने हेतु उचित पहल करें। जिला खनन टास्क फोर्स की विजिबिलिटी बढ़ाएं। जिले में संचालित अवैध कोल माइंस कब्रगाह बनकर लोगों की एहलीला समाप्त कर रही है। इन्हें तत्काल मिशन मोड में चिन्हित करके सीसीएल का सहयोग लेकर इसके मुंहाने को बंद करके डोजरिंग किया जाय। जिला खनन विभाग अवैध कोल माइंस चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करें। ताकि हर हर महादेव किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो और सरकार को राजस्व का भी नुकसान ना हो। इसके अलावे उन्होंने पतरातू प्रखंड स्थित केंद्रीय विद्यालय, भुरकुंडा जो फिलहाल सीसीएल के भवन में चल रहा है। यह भवन जर्जर स्थिति में है और बच्चे पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। ऐसे में इस विद्यालय के लिए भवन निर्माण का जो स्थल चिन्हित है उसे भुरकुंडा से अलग कर दिया गया है। इसका जगह परिवर्तित कर भुरकुंडा में ही उक्त विद्यालय के लिए भूमि चिन्हित किया जाए। बैठक में मनरेगा, अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), स्वच्छ भारत मिशन, नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वॉटर प्रोग्राम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिशन, अटल मिशन फॉर रिन्यूएबल अर्बन ट्रांसफॉरमेशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट स्कीम, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पब्लिक इंटीग्रेंट प्रोग्राम, रेलवे, हाईवे, वाटर वेज, माइंस से संबंधित आधारभूत संरचना निर्माण की योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, ई-नाम, पीएमकेएसवाई, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सहित कई अन्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों और ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने जनहित में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए।

## संक्षिप्त खबरें

### मुन्ना सिंह और युवा नेता सोनू इराकी ने हेमन्त सोरेन से की मुलाकात



**हजारीबाग :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं मुन्ना सिंह और युवा नेता सोनू इराकी ने दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने दिशोम गुरु एवं झारखंड आंदोलन के प्रणेता परम शिबू सोरेन जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की। मुलाकात के दौरान हजारीबाग क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक विषयों एवं जनहित की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्थानीय जनता की अपेक्षाओं, अधूरे विकास कार्यों तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को प्रभावी ढंग से रखा। सिंह ने भरोसा जताया कि राज्य सरकार जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

### प्रथम सोमवारी को लेकर प्रखंड के शिवालयों में लगी श्रद्धालुओं के भीड़



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के तमाम 151शिवालयों में प्रथम सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। लोगों ने शिवलिंग के ऊपर बेलपत्र चढ़ाकर दूध दही से जल अभिषेक कर पूजा अर्चना किये। वहीं झारखंड में प्रसिद्ध बड़कागांव के महुदी पहाड़ 500 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित बुढ़वा महादेव प्राचीन शिव मंदिर में श्रावन के प्रथम सोमवारी को लेकर शिव भक्तों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई । लोग कतार में लगकर पूजा अर्चना किये। श्रद्धालु शिवलिंग पर देर शाम तक जलाभिषेक करते नजर आए। तमाम शिवालयों में हर हर महादेव की जय घोष से मंदिर गुंजमान रहा। बुढ़वा महादेव में पूजा अर्चना के दौरान मुख्य रूप से दामोदर प्रसाद मेहता, सुबोध जायसवाल, विकाश कु कुशवाहा, बीगल किशोर महतो, हुलास प्रसाद दांगी, बालेश्वर महतो, मनोहर महतो, सरजू महतो अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

### मां भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब




**इटखोरी :** विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर स्थित सावन के प्रथम सोमवार के पावन दिन पर मां सहस्त्र शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लग गया। एक हजार से अधिक कांवरिया भी बाबा का जलाभिषेक करने यहां पहुंचे। इस दौरान भोलेनाथ का दरबार बोल बम के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। सोमवार की सुबह चार बजे से ही यहां देवघर के कांवरिया पथ का नजारा देखने को मिला। दर्जन भर से अधिक गांवों के लोग कांवर लेकर बोलबम का जयकारा लगाते हुए सहस्त्र शिवलिंग महादेव के दरबार में जाते हुए नजर आए। कांवरियों ने सर्वप्रथम पवित्र उत्तरवाहिनी महाने नदी में स्नान किया। फिर पात्र में जल भरकर सहस्त्र शिवलिंग महादेव का जलाभिषेक किया। मंदिर आनेवाले कांवरियों ने पुन: महाने नदी में जल भरकर अपने अपने गांव में स्थित शिवालयों में भी जाकर शिवलिंग पर जल अर्पण किया। कांवरियों के अलावे भी हजारों लोगों ने बेलपत्र पुष्प का चढ़ावा करने के बाद सहस्त्र शिवलिंग महादेव का जलाभिषेक किया। मंदिर की सचिव सीओ सविता सिंह ने शिवभक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए पुलिस बल व जवानों की तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह दलबल के साथ मौजूद थे। मां भद्रकाली कांवर सेवा समिति के द्वारा कांवरियों को पिलाया गया शर्बत कांवर लेकर सहस्त्र शिवलिंग महादेव का जलाभिषेक करने के लिए यहां आए शिव भक्तों के बीच शरबत का वितरण किया गया। झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप स्टॉल लगाकर युवकों ने कांवर यात्रा में शामिल भक्तों को शरबत पिलाकर पुण्य बटोरा।

### विधायक ने 1,51,000 पौधे लगाने का लिया संकल्प, झील परिसर में किया पौधों का वितरण



**हजारीबाग :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा संकल्प लिया है। इस वर्ष उन्होंने 1,51,000 (एक लाख इक्यावन हजार) पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में उन्होंने सोमवार को झील परिसर में आम जनता के बीच पौधों का वितरण किया और सभी से अपने-अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिनमें आम, अमरूद सहित विभिन्न प्रकार के पौधे शामिल थे। प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग की हरियाली और पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में भी उन्होंने एक लाख पौधों के रोपण का संकल्प लिया था, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके इस कार्य की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहना की थी। इस वर्ष हरियाली महोत्सव के रूप में चलाए जा रहे इस अभियान की शुरूआत पूर्व में ही कर दी गई थी। इसी क्रम में झील परिसर में हजारों लोगों के बीच पौधों का वितरण किया गया। विधायक प्रसाद स्वयं सुबह 6 :00 बजे झील पहुंचे और लगभग दो घंटे तक लगातार नागरिकों के बीच पौधों का वितरण करते रहे। अब तक इस वर्ष करीब 15,000 पौधों का वितरण किया जा चुका है और आने वाले दिनों में यह अभियान और तेजी से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधों को प्राप्त करते हुए यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की उचित देखभाल करेंगे और हजारीबाग को हराभरा बनाएंगे। प्रसाद ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे एक-एक पौधे को परिवार के सदस्य की तरह अपनाएं और उसकी देखभाल करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## एक नजर

### झारखंड के कई जिलों में 15 और 16 को भारी बारिश की आशंका

**रांची :** झारखंड के कई जिलों में 15 और 16 जुलाई को बहुत भारी बारिश की आशंका व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है उनमें 15 जुलाई को उत्तर पश्चिम जिले पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा और कोडरमा जिला शामिल है। वहीं 16 जुलाई को राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है उनमें उत्तर पश्चिम और उत्तरी मध्य वर्ती जिले शामिल है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में 82 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस दौरान राज्य के जिन इलाकों में बारिश हुई है उनमें रांची में 10 मिमी, धालभूमगढ़ में 62, नावाडीह में 40 गढ़वा में 40.5, जमशेदपुर में 25, राजधनवार में 23, नामकुम 19.6, पुटकी में 19, चाईबासा में 17.4, बड़किसुरैया 17 और तेनुघाट में 14.6 मिमी शामिल है। वही सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में आशिक बूंदाबांदी दर्ज की गई और बादल छाए रहे। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और दिन में भी हल्की ठंड का एहसास हुआ। रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री, जमशेदपुर में 34.3, डालटेनगंज में 33.8, बोकारो में 33.1 डिग्री और चाईबासा में 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्यामंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग

**रांची :** माकपा के राज्य सचिवमंडल ने धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के आसनबनी में सेल की ओर से कृषि योग्य भूमि का जबरन अधिग्रहण करने की घटना पर चिंता प्रकट की है। पार्टी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि खेती लायक जमीन से रैयतों और किसानों को जबरन बेदखल करने के लिए तसरा परियोजना की संचालक कुख्यात आउटसोर्सिंग एजेंसी केटीएमपीएल के लोगों ने स्थानीय पुलिस के संरक्षण में रैयतों पर लाठीचार्ज की है। इस घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। इस दौरान गुंडों ने खेत में लगे धान के बीज और सब्जी को भी नष्ट कर दिया। घटना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। माकपा के राज्य सचिवमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से इस मामले में हस्तक्षेप किए जाने का अनुरोध किया है। साथ ही पार्टी ने धनबाद जिला प्रशासन से रैयतों के साथ बातचीत कर इस मामले का सर्वमान्य हल निकालने की मांग की है। माकपा के राज्य सचिवमंडल आउटसोर्सिंग कंपनी केटीएमपीएल के चिन्हित कर ऐसे लोगों पर भी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### प्रशांत विद्यार्थी बने झारखंड अधिवक्ता परिषद के नए अध्यक्ष

**रांची :** झारखंड अधिवक्ता परिषद के रानी सती मंदिर परिसर में हुए प्रांत स्तरीय दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन सोमवार को संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत विद्यार्थी (रांची) को झारखंड अधिवक्ता परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में दो बार महामंत्री पद पर कार्य कर चुके हैं। वहीं विजय नाथ कुंवर (बोकारो) को पुनः महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, जबकि सुनील कुमार (रांची) को पहली बार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा को संगठन आयाम का क्षेत्रीय प्रमुख बनाया गया है। यह जानकारी झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रांत मीडिया सह प्रमुख रीतेश कुमार बॉबी, अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मंत्री और झारखंड-बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में केंद्रीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में नए प्रमुखों की नियुक्ति की गई है।

# खेलगांव में 22 अगस्त से सेना भर्ती रैली, डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में वर्ष-2025-26 के लिए सेना भर्ती रैली संभावित 22 अगस्त से 04 सितंबर तक रांची के खेलगांव में होगा। इस आयोजन को लेकर उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में बैठक हुई। बैठक के दौरान खेलगांव रांची में 22 अगस्त से 04 सितंबर तक होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल विकास भोला ने उपायुक्त रांची से विशेष रूप से कहा कि रांची जिला के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिला के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनाएं। ये हमारी प्राथमिकता है। कर्नल विकास ने कहा कि रैली के दौरान जो युवा इस रैली में भाग लेंगे, उन्हें



मौलिक सुविधा एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं रैली स्थल पर कराने को कहा गया है। रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा, रैली स्थल निर्धारित विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल कवर, रैली स्थल पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम संभावित रैली के सभी दिनों में सुबह चार बजे से उपलब्ध कराने को कहा गया। इस पर उपायुक्त ने कहा कि सारी व्यवस्थाएं जो भी जिला प्रशासन की तरफ से संभव होगा, वह उपलब्ध करा दी जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी सेना में शामिल होने वालें उम्मीदवारों का शोषण करने वाले दलालों से सावधान रहें। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पूरे पारदर्शी तरीके से होती है। इसमें जो कोई भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अर्हता पूरी नही करता। उनकी भर्ती किसी भी हालत में नही हो सकती है। इसलिए आप सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहेंगे, उनके किसी भी झांसे में आने की आवश्यकता नहीं है।

**इन पदों में भर्ती के लिए होगी रैली-**

(ग्रुप ए) अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), (ग्रुप बी) अग्निवीर (तकनीकी), (ग्रुप सी) अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर) तकनीकी), (ग्रुप डी) अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, (ग्रुप ई) अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास, सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे। खेलगांव में भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक संभावित। सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे, अन्यथा उन्हें भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल ऑनलाइन चरित्र, निवास और जाति प्रमाण पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। रैली प्रवेश पत्र को बारिश से सुरक्षित रखें।

**सभी अभ्यर्थियों को एंड्रॉयड फोन लाना अनिवार्य है।**

बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक शहर अजीत कुमार, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, डायरेक्टर रिक्रूटिंग कर्नल विकास भोला एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निगम बढाए गए होर्डिंग शुल्क को ले वापस : चेंबर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड चेंबर की इंडोर आउटडोर उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन राजीव चटर्जी की अध्यक्षता में सोमवार को चेंबर भवन में हुई। बैठक में नगर निगम की ओर से होर्डिंग शुल्क में की जाने वाली वृद्धि से हो रही परेशानियों पर सदस्यों ने चर्चा की। कहा गया कि नगर निगम की ओर से प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ होर्डिंग शुल्क वसूला जा रहा है। इसे निगम को वापस लेना चाहिए। बैठक में कहा गया कि नियमानुसार प्रत्येक पांच वर्ष में शुल्क में वृद्धि का प्रावधान है। उप समिति चेयरमैन राजीव चटर्जी और बिपिन वर्मा ने संयुक्त रूप से इसपर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस कारण व्यापारियों को अनावश्यक रूप से कठिनाइयां हो रही हैं। इसपर निगम के उच्चाधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए। बैठक में यह फैसला लिया गया कि इस संबंध में समिति एक ज्ञापन निगम को सौंपेगा। इसके बाद भी निगम हमारी मांग को स्वीकार नहीं करता है तो समिति न्यायालय जाने के लिए बाध्य होगा। बैठक में उप समिति चेयरमैन राजीव चटर्जी, बिपिन वर्मा, सदस्य सुभाजीत डे, राजेश कुमार, पुष्कर कुमार, विकास पाठक सब्बीर हुसैन, रूहान हुसैन, देवेन्द्र प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बस मालिक और ट्रांसपोर्टर सात तारीख से पूर्व दें कर्मियों का वेतन : श्रमायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सहायक श्रमायुक्त की अध्यक्षता में सोमवार को बस मालिकों और ट्रांसपोर्टरों की बैठक डोरंडा स्थित श्रम भवन में आयोजित की गई। सहायक श्रमायुक्त ने मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 के अन्तर्गत स्थापना, प्रतिष्ठान के निबंधन और नवीनीकरण एवं मोटर परिवहन में नियोजित चालक तथा सह चालकों को उक्त अधिनियमों के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। बैठक में सहायक श्रमायुक्त ने सभी बस मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मियों को प्रत्येक माह की सात तारीख तक उनके मजदूरी का भुगतान हर परिस्थिति में करें। ताकि मजदूरों के हित में बनी मजदूरी भुगतान अधिनियम का पालन हो सके। वहीं उन्होंने सर्वोच्च



न्यायालय के रिट पर दिये गए निर्देश पर मोटर वाहन अधिनियम साथ ही मोटर परिवहन कर्मचारी अधिनियम के तहत निर्धारित कार्यावधि में सभी बस चालकों, सह चालकों (खलासियों) और अन्य कर्मचारियों के कार्य अवधि को प्रतिदिन अधिकतम आठ घंटे एवं सप्ताहिक 48 घंटे निर्धारित करने की बात कही। इसपर सभी बस चालकों एवं ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि उनके यहां नियोजित सभी कर्मियों से आठ घंटे से ज्यादा समय तक कार्य नहीं कराया जाता है। साथ ही कहा गया कि लंबी दूरी के परिवहन के कार्य में एक से ज्यादा कर्मियों को रखा जाता है। ताकि किसी एक व्यक्ति पर कार्य अधिकता का दबाव न हो। वहीं उपस्थित सभी बस मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को अपने सभी कर्मचारियों को बैंक खाता के माध्यम से उनका मजदूरी भुगतान करने निर्देश दिया गया। सहायक श्रमायुक्त ने नाबालिगों को किसी भी तरह के कार्य में अपने यहां नियोजित नहीं करने की हिदायत देते हुए इसके उल्लंघन की स्थिति में संभावित दंड के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

## मच्छर की रोकथाम के लिए सुबह-शाम कराएं वार्डों में फॉगिंग : उप प्रशासक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मच्छर से होनेवाली बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगर निगम की ओर से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर सोमवार को निगम के उप प्रशासक रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में उक्त अभियान की समीक्षा की गई। साथ ही इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में उप प्रशासक ने रांची के सभी वार्डों में नियमित रूप से सुबह-शाम फॉगिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी सह सुनिश्चित करें कि फॉगिंग और एंटी लार्वा दवा का नियमित छिडकाव हर क्षेत्र में हो। साथ ही जल-जमाव वाले क्षेत्रों, नालियों और गडढों में एंटी लार्वा दवा का छिडकाव करने का निर्देश उप प्रशासक ने दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता अभियान चलाते हुए नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई करने, इसे लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए पंपलेट बांटने, माइकिंग और वार्ड स्तर पर हर दिन बैठक करने को कहा है। उप प्रशासक ने निगम के सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी और स्वच्छता की टीम की ओर से विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करने और उचित कार्रवाई करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने फॉगिंग से संबंधित प्रत्येक दिन का रोस्टर निगम के सोशल मीडिया पेज पर अपलोड करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। ताकि, आम लोगों को अपने क्षेत्र में होनेवाले फॉगिंग कार्य के बारे में जानकारी रहे। इसके अलावा इस मौके पर मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पंपलेट लॉन्च किया गया। इसे लोगों के बीच बांटने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में उप प्रशासक ने राजधानी के आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि घरों में पानी जमा नहीं होने दें (कूलर, गमले, टंकी में) इस मौके पर आम लोगों को किसी समस्याओं की शिकायत पर निगम के टॉल फ्री नंबर 18005701235 पर संपर्क करने को कहा गया है। बैठक में निगम की सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी, नगर प्रबंधक, सैनिटरी सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर और वार्ड सुपरवाइजर सहित अन्य मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र पुलों का निर्माण कराए राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र पुलों का निर्माण कराने की बात कही है। इसको लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामीणों, विशेष रूप से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो सके। उन्होंने कहा है कि जब झारखंड का गठन हुआ था, उस समय राज्य के ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में पुल-पुलिया की भारी कमी के कारण आवागमन बेहद कठिन था। मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने प्राथमिकता के साथ सैकड़ों पुल-पुलियों का निर्माण कराया, जिससे पहली बार



इन क्षेत्रों तक वाहन पहुंच पाए. लेकिन आज भी रांची के सिल्ली और चतरा के हंटरगंज जैसे कई इलाकों में नदी पर पुल नहीं होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण आज भी बांस की अस्थायी पुलिया से नदी पार करने को मजबूर हैं। मरीजों को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाना पड़ता है, लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं।

## हेमन्त सरकार में आदिवासियों की स्थिति हुई बदतर : बबलू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने सोमवार को कहा कि हेमन्त की सरकार में आदिवासियों की स्थिति बदतर हुई है। केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व आज आईटीआई बजरा से राजभवन मार्च किया गया और पेसा कानून अधिनियम को अविलंब लागू करने को लेकर राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा गया। सोमवार को केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में विभिन्न आदिवासी, धार्मिक सामाजिक संगठनों के सैकड़ों कार्यकताओं ने आईटीआई बजरा पहुंच कर गुमला से पदयात्रा कर रांची पहुंचने वाले सभी आदिवासी नेताओं का स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व आईटीआई बजरा से राजभवन मार्च किया गया और पेसा कानून अधिनियम को




अविलंब लागू करने को लेकर राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि पेसा कानून अधिनियम से राज्य के विभिन्न जिलों के पाहन, पईनभोरा, कोटवार, महतो, मानकी मुण्डा, बैगा आदि जैसे लोगों को मिलने वाले अधिकार संरक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि पेसा कानून अधिनियम पेसा कानून पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम-1996 भारत में अनुसूचित क्षेत्रों पांचवीं अनुसूची में रहने वाले आदिवासी समुदायों को स्वशासन और उनके प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार देने के लिए बनाया गया है। इस कानून का उद्देश्य ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करना और जल जंगल जमीन जैसे संसाधनों पर उनके नियंत्रण को सुनिश्चित करना है। बबलू ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासियों की परंपरागत व्यस्था को नष्ट करने में लगी है। सरकार एक विशेष समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए, आदिवासियों की धर्म संस्कृति रीति रिवाज रुढ़िवादी प्रथा को खत्म करना चाहती है। इसलिए हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में पेसा कानून अधिनियम 1996 लागू नहीं कर रही है। मुख्य पहान जगलाल पाहन ने कहा कि पेसा अधिनियम 1996 में 23 प्रावधान और अधिनियम में कुल 17 धाराएं हैं इसके अंतर्गत विभिन्न प्रावधान ग्राम सभाओं और पंचायतों को शक्तियां प्रदान करते हैं। इन शक्तियों में ग्राम सभाओं को जल, जंगल, जमीन पर पूर्ण नियंत्रण, लघु खनिजों के प्रबंधन और उपयोग का अधिकार, भूमि अधिग्रहण में ग्राम सभा की सहमति, स्थानीय विवादों को सुलझाने की शक्ति, सामुदायिक संसाधनों (जैसे तालाब, वन) का प्रबंधन, विकास योजनाओं की मंजूरी और निगरानी, पारंपरिक प्रथाओं और संस्कृति की रक्षा, शराब की बिक्री और खपत पर नियंत्रण और स्थानीय संस्थाओं (स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र) पर निगरानी सहित अन्यि अधिकार शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में भक्तों की लगी भीड़



**रांची :** राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सावन की पहली सोमवारी को लेकर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई है। पहाड़ी मंदिर में रविवार देर रात नामकुम के स्वर्णरेखा से जल लेकर तड़के सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर के शिव मंदिर, लालपुर, डोरंडा, बरियातू, हिनू, हरमू , थड़पकना सहित अन्य शिवालयों में भी सोमवार सुबह से ही भीड़ लगी हुई है। सभी भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि मांग रहे हैं। हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, हर हर शंभू के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कतार वध होकर लोगों को जलाभिषेक करवा रहे हैं। इसके अलावा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी भक्तों का सहयोग कर रहे हैं। सुखदेव नगर थाना प्रभारी, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय लगातार सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने बताया कि सोमवार का व्रत करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

### लायंस क्लब ने जरूरतमंदों के बीच किया छाता और रेनकोट का वितरण




**रांची :** रांची लायंस क्लब की ओर से सोमवार को जगन्नाथपुर स्थित बिरसा शिक्षा निकेतन परिसर में छाता और रेनकोट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ छातों का वितरण जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांग जनों के बीच किया गया। इस अवसर पर क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप बंका ने खुद वितरण कार्य में भाग लेते हुए कहा कि बारिश के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना क्लब का सामाजिक दायित्व है। इसलिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहला कार्य किया है। आगे भी इस प्रकार का जनसेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन चेयरपर्सन अनुज कुमार सहाय ने किया। कार्यक्रम में बिरसा शिक्षा क्लब के सचिव अनिल, कुमार गोयल, पूर्व अध्यक्ष लायन हरविंदर वीर सिंह, लायन मनीष गाड़ोदिया, सुजाता गाड़ोदिया, लायन डॉ. अरुण और प्रियंका सहाय मौजूद थे।

### अग्रवाल युवा सभा ने की आम्रेश्वर धाम की धार्मिक यात्रा



**रांची :** अग्रवाल युवा सभा की ओर से सोमवार को आम्रेश्वर धाम खूंटी की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी 125 से भी अधिक श्रद्धालू और सदस्य डीपीएस स्कूल गेट के समीप एकत्रित होकर, एक साथ आम्रेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचकर उपस्थित सदस्यों और उनके परिवारजनों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। जल, दूध, शहद, घी, दही, अक्षत, बेलपत्र, शमी पत्र और पुष्प से शिवलिंग का अभिषेक कर आरती की गई। इसके बाद 101 किलो दूध से बनी खीर का भोग भोले बाबा को अर्पित कर, सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। बाद में अग्रसेन धारा के अंतर्गत दो स्थायी प्याऊ का उद्घाटन किया गया। प्याऊ काउद्घाटन आंगनबाड़ी की सीओ और प्रशासनिक अधिकारियों ने आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति, प्याऊ दानदाता एवं संस्था के सभी सदस्यों ने किया। साथ ही छह वातानुकूलित पंखों का भी अनावरण किया गया। मंदिर परिसर के विश्रामगृह में दोपहर भोजन और चाय-नाश्ते की उत्तम व्यवस्था अग्रवाल युवा सभा ने किया। प्रसाद वितरण के बाद सभी श्रद्धालू प्रस्थान हुए। संस्थाा के अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला ने बताया कि इस आयोजन का श्रेय कार्यक्रम संयोजकों सन्नी टिबड़ेवाल, अनीश सरावगी, यश सुरेका, तरुण सर्राफ, राहुल अग्रवाल, उज्ज्वल मुरारका का है। उन्होंने उनके प्रति आभार प्रकट किया।

### प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों के पास 15 अवैध दुकानों को किया जब्त



**रांची :** डोरंडा क्षेत्र में नगर निगम, जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों के 300 मीटर के दायरे में मीट, मछली और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए चलाया गया। मौके पर प्रशासन की ओर से कहा गया कि यह कार्रवाई बच्चों के स्वास्थ्य और शैक्षणिक वातावरण की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही है और भविष्य में आदेश के उल्लंघन पर खैर नहीं। सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान एजी मोड़, डोरंडा कॉलेज, लोरेटो स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की गई। नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम, स्थानीय थानों की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और संबंधित अंचल के अंचलाधिकारी की देखरेख में चलाए गए अभियान में 15 से अधिक ठेला-गुमटी हटाई गई और अवैध रूप से चल रहे दुकानों को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे शैक्षणिक व धार्मिक स्थलों के निकट इस तरह की बिक्री गतिविधि न करें। नगर निगम प्रशासक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में नगर निगम के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक, दंडाधिकारी स्तर के अधिकारी और ट्रैफिक डीएसपी मौजूद रहे।

## एक नजर

### उपविकास आयुक्त ने दौरा कर विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

**सतगावां** : प्रखंड सोमवार को उपविकास आयुक्त सतगावां पहुंच कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया है। उन्होंने सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रखंड के पदाधिकारी ,मनरेगा बीपीओ,मनरेगा कर्मियों ,पंचायत सेवक ,कनीया अभियंता रोजगार सेवकों आदि के साथ प्रखंड सभागार में घंटो बैठक कर क्षेत्र में चल रहे योजनाओं के बारे में जानकारी ली एवं कई दिशा निर्देश दिया है। तत्पश्चात प्रखंड में हो रहे विकास कार्यो का जायजा लेने प्रखंड के पंचायत का दौरा कर योजनाओं का निरीक्षण योजना स्थल पर पहुंचकर किया है ।उन्होंने कटैया पंचायत के ग्राम ढाव ,दुमदुम्मा में अबुआ आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण कर लाभुक को आवास सा समय पूर्ण करने का निर्देश दिया है ।आवास में दरवाजा एवं खिड़की नहीं लगे रहने के कारण उपस्थित पंचायत सेवक को आवास पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि अंतिम किस्त बीस हजार रुपया ,आवास पूर्ण करने की तुरंत बाद लघु के खाते में डाला जाएगा इसलिए आवास सा समय पूर्ण करें। उन्होंने पोखरडीहा पहुंचकर समतलीकरण, आम बागवानी, डोभा निर्माण आदि योजनाओं का निरीक्षण किया इस दौरान आम बागवानी के लाभुक ने बताया कि इस क्षेत्र में नीलगायों का आतंक काफी बढ़ गया है लगाई हुई फसल एवं पौधे को नुकसान पहुंचा देता है ।इसको लेकर कटीले तार बागवानी के चारों ओर लगवाने की मांग किया गया है। तत्पश्चात विकास आयुक्त ने घुनेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया । उपस्थित स्थानीय ग्रामीण व पुजारी से मंदिर के बारे में जानकारी ली साथ ही साथ वहां पर उपस्थित पुजारी ने बिजली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सेड निर्माण, पार्क निर्माण, पूर्व में कई मूर्तियों की चोरी होने की जानकारी दी साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरा लगवाने को लेकर उपस्थित ग्रामीण एवं पुजारी ने मांग किया एवं उप विकास आयुक्त ने उपस्थित ग्रामीणों को मांग पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। इसके पश्चात ग्राम वैधडीह पहुंचकर बस स्टैंड निर्माण कार्य का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया गया।

### उपायुक्त के निर्देश पर बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वाले 16 दुकानदारों पर लगाया जुर्माना



**झुमरीतिलैया** : शहर के खुदरा पट्टी, दर्जी मुहल्ला ,नंदी बाबा चौक एवं आर्या रोड़ में नगर परिषद के द्वारा सोमवार को व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस का कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर एक टीम के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे 65 दुकानों का ट्रेड लाइसेंस जाँच किया गया। जिमसें 16 दुकानदारों पर ट्रेड लाइसेंस नही रहने पर जुमार्ना लगाया गया । नगर प्रशासन ने कहा कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 455: के तहत किसी भी व्यवसाय को शुरू करने से पहले नगर पालिका से लाइसेंस लेना अनिवार्य है यदि कोई व्यवसाय बिना लाइसेंस के पाया जाता है, तो उस पर 25,000 रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह शहर के सभी दुकानदारों से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द अपना ट्रेड लाइसेंस बनवा ले। अभियान में रेवेन्यू इंस्पेक्टर शम्भू कुमार रजक,संतोष कुमार, अजित कुमार, अभिषेक मेहता, सुदर्शन श्रीवास्तव,लखन सिंह, राजेश कुमार,भोला कुमार दास समेत होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।

# सावन के पहले सोमवार पर महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो** : सावन माह के पहले सोमवार को लेकर जिले के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। लगभग बोकारो के हर सेक्टर में स्थित प्रसिद्ध महादेव मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा वहीं सेक्टर 9 के प्रसिद्ध रघुनाथ मंदिर में भी भक्तों का जन शैलाब दिखा। सुबह तड़के 3 बजे से ही महिला, पुरुष व बच्चे जलाभिषेक के लिए कतार में लग गए। हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। भक्त गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प चढ़ाकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे थे। मान्यता है कि सावन के पहले सोमवार को भोलेनाथ को जल अर्पित करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जलाभिषेक के लिए अलग-अलग लाइनें लगाई गई थीं, ताकि भीड़ नियंत्रित रहे। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाते हुए मंदिर पहुंच रही थीं, वहीं युवाओं में भी भारी उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने भी जल चढ़ाकर शिवलिंग का पूजन किया। मंदिर के पुजारियों ने विशेष रुद्राभिषेक और पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। भक्तों ने उपवास रखकर और दिनभर भजन-कीर्तन में भाग लेकर शिव भक्ति में लीन रहे। सावन का यह पावन अवसर पूरे बोकारो में श्रद्धा और आस्था के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन में भोलेनाथ की पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

## मानव अधिकार मिशन महासम्मेलन को लेकर तैयारी तेज, उपायुक्त से की गई मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : आगामी रविवार को बोकारो जिले में आयोजित होने वाले मानव अधिकार मिशन महासम्मेलन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में मानव अधिकार मिशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की और प्रशासनिक सहयोग का आग्रह किया। इस महासम्मेलन में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही मानव अधिकार मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन न केवल एक संवाद का मंच होगा बल्कि जन-जागरूकता का भी एक सशक्त माध्यम बनेगा। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पी.के. लाल ने बताया कि यह सम्मेलन मानवाधिकारों को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार मिशन पिछले कई वर्षों से देशभर में सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और लोगों के हित में अपनी स्पष्ट पहचान बना चुका है।

## मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति का पुनर्गठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो की प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की नई प्रबंध समिति/कार्यकारिणी समिति का गठन परिषद की एजुकेशनल सोसायटी के नए सदस्यों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से कर लिया गया। विद्यालय के विद्यापति सभागार में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में परिषद के महासचिव नीरज चौधरी द्वारा विगत 02 फरवरी, 2025 को परिषद की आमसभा में लिए गए निर्णय के आलोक में विद्यालय की नई एवं पुनर्गठित प्रबंध समिति/कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई, जिसे सर्वसम्मति और ध्वनिमत से स्वीकृत किया गया। मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की नई प्रबंध समिति/कार्यकारिणी समिति में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अनुभवी सदस्यों को स्थान दिया गया है, जिनमें अविनाश कुमार झा संरक्षक, राजेंद्र कुमार अध्यक्ष, बटोही कुमर एवं विजय कुमार झा उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार झा सचिव और सुनील मोहन ठाकुर तथा मनोज कुमार झा संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। शिक्षा सदस्य के रूप में डॉ. यू. सी. झा और वित्त सदस्य के रूप में प्रदीप झा को शामिल किया गया है। निर्माण कार्यों के लिए बहुरन झा और अविनाश कुमार झा 'अवि' को निर्माण सदस्य नियुक्त किया गया है। पदेन सदस्यों में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष, महासचिव और प्रिंसिपल, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

## विद्यालय में साइकिल का किया गया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**(डोमचांच/ कोडरमा)** : जिले कोडरमा अंतर्गत डोमचांच नगर क्षेत्र स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी डोमचांच में विद्यालय की तीन छात्राओं को आज साइकिल दिया गया। आज विद्यालय परिसर में देश में ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध गौरव राय ने संध्या कुमारी , आराध्या कुमारी और पलक कुमारी को अपने हाथों से साइकिल दिया। विद्यालय के डायरेक्टर रजनीश शर्मा , प्राचार्य रामप्रवेश पांडेय सहित विद्यालय के शिक्षकों ने गौरव राय का स्वागत किया और डायरेक्टर रजनीश कुमार के द्वारा अंग वस्त्र, मेमोंटो और चांदी का लक्ष्मी गणेश का सिक्का देकर स्वागत किया। प्राचार्य आर बी पांडेय जी के द्वारा संबोधन भाषण में बच्चो के समक्ष गौरव राय का परिचय करवाया गया। गौरव राय ने बताया की पिछले साल तीन छात्राओं को उनके द्वारा साइकिल दे कर प्रोत्साहित किया गया था और उन्होंने वादा किया था कि जो छात्राएँ अच्छा करेंगी तो उनको भी साइकिल दिया जाएगा। गौरव राय ने बताया कि दो साइकिल उनके तरफ से और एक सी ले उनके भाई और रेलवे में कार्यरत अश्वनी कुमार के द्वारा उपलब्ध करवाया गया।इस अवसर पर अभिषेक पांडेय, एहसान अली, रूपेश रॉय, शालिनी कुमारी और रेणु देवी उपस्थित रही। विद्यालय के डायरेक्टर रजनीश शर्मा ने गौरव राय के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा की गौरव राय के कार्य बेहद सराहनीय हैं और इंसान को दूसरों की मदद करनी चाहिए ये अनुकरणीय कार्य है जो गौरव राय को सबसे अलग बनाता है। गौरव राय ने बताया कि आज तक उनके द्वारा, उनके परिवार और मित्रो के द्वारा 305 साइकिल जरूरतमंदों को दी जा चुकी है। इसके अलावा 234 सिलाई मशीने भी उपलब्ध कराई गई हैं ताकि महिलाएं और बेटिया आत्मनिर्भर बनें और रोजगार का सृजन करे। वही एक साइकिल रेलवे अधिकारी अश्विनी कुमार के द्वारा दिया गया है।

## बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में 12 वर्षीय बालक विमुक्त, नियोजक पर होगी कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : सोमवार को बाल श्रम उन्मूलन के विरुद्ध चंदवारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व श्रम अधीक्षक, कोडरमा अनिल कुमार रंजन द्वारा किया गया। अभियान के दौरान मदनगुड़ी टोल प्लाजा के समीप स्थित मगध लाइन होटल से एक 12 वर्षीय बाल श्रमिक को रेस्क्यू कर विमुक्त कराया गया। तत्पश्चात बालक को बाल कल्याण समिति, कोडरमा को सौंपा गया। प्राप्त सूचना के अनुसार बालक के पुनर्वासन एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही की प्रक्रिया प्रगति पर है।श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने बताया कि बाल श्रम करवाना एक गंभीर अपराध है। नियोजक के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम, 1986 के तहत कार्रवाई की जाएगी तथा 20,000 का जुमार्ना भी वसूला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई नियोजक बाल श्रम कराते पाया गया, तो उसके विरुद्ध 20,000 से 50,000 तक आर्थिक दंड या 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा अथवा दोनों का प्रावधान है। इस अभियान में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के साथ-साथ श्रम अधीक्षक कार्यालय के पंकज कुमार, संजय कुमार एवं सिकंदर कुमार भी उपस्थित रहे।

# मोदी वर्णवाल समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : मोदी वर्णवाल समाज के अहिवरण वंशज का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को देर शाम ग्रैंड सूर्य होटल में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार ने कुशलता से किया एवं परियोजना निदेशक विकास कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर जेपीएन बरनवाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार बंटी सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग लोकसभा एवं वंशज संरक्षक रामेश्वर मोदी भदानी जी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सबने अहिवरण जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का आगाज चंद्र लता बरनवाल ने स्वागत गीत पेश कर किया। वहीं शेमरॉक गुरुकुल के बच्चों ने स्वागत नृत्य करते हुए लोगों का मन मोह लिया जिसे लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष सूर्य देव मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं निवर्तमान सचिव पंकज बरनवाल ने 2023 25 सत्र के कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत कर उल्लेख किया। तत्पश्चात 2023 25 के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष को अंग वस्त्र देकर गरिमा के साथ विदाई दी गई। सत्र 2025 27 के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि व संरक्षकों के द्वारा निर्विरोध प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और शपथ दिलाई गई। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष प्रवीण मोदी, सचिन चंदन बरनवाल, कोषाध्यक्ष अजय बरनवाल एवं युवा अध्यक्ष पीयूष कुमार पारस को सम्मानित एवं मंचासीन कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण मोदी ने समाज को एकजुट और सशक्त बनाने की बात कही साथ ही सबका सहयोग एवं योगदान के अपेक्षा जाहिर की। सचिव चंदन बरनवाल ने नई कमिटी की घोषणा कर सबको प्रशस्ति पत्र दिलवा कर सबका सम्मान करवाया। अध्यक्ष प्रवीण मोदी के विशेष आमंत्रण पर उपस्थित समाज के प्रबुद्ध जनों को एक पौधा प्रतीक चिन्ह के रूप में देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीमा बरनवाल प्रतिनिधि झांसी की रानी योगा ग्रुप, लक्ष्मी बरनवाल महिला जिला अध्यक्ष मोदी बरनवाल समाज, प्रदीप सुमन योग गुरु, अजय बरनवाल जिला अध्यक्ष आर.एम.बी. वी.एस, शशिकांत बरनवाल प्रबंधक केनरा बैंक, देवनारायण मोदी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, ईश्वर देव मोदी पूर्व अध्यक्ष, चंद्र लता बरनवाल संगीतकार एवं शिक्षिका, आशा बरनवाल प्रतिनिधि जय सिया राम सत्संग कमिटी एवं मंजू बरनवाल समाज सेवी को सम्मानित किया गया। वंशज के संरक्षक रामेश्वर मोदी ने पारिवारिक एकता और निरंतर संवाद पर जोर दिया। मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार बंटी ने संगठन की सक्रियता की सराहना करते हुए युवाओं को जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी । वहीं मुख्य अतिथि डॉक्टर बरनवाल ने समाज की नई पीढ़ी को नेतृत्व में देख प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज को ऊर्जा और शक्ति प्रदान होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शंभू बरनवाल, पल्लव कुमार, विनीत कुमार, दीप प्रकाश, विकास बरनवाल, राकेश बरनवाल, बिनोद बरनवाल सहित कई कार्यकताओं की अहम भूमिका रही ।

## संक्षिप्त खबरें

### सम्पूर्ण विप्र समाज ने स्व.चन्द्र शेखर दुबे ऊर्फ ददई दुबे को शोक-सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



**बोकारो** : सम्पूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई द्वारा सोमवार को सेक्टर 5 पुस्तकालय मैदान में जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर हाल ही में दिवंगत हुए सम्पूर्ण विप्र समाज के सम्मानित संरक्षक सह अभिभावक, कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व सांसद सह पूर्व मंत्री तथा कोयला क्षेत्र के मजदूर सह वर्षों से जन-जन के दिलों पर राज करने वाले स्व. चन्द्र शेखर दुबे ऊर्फ ददई दुबे को श्रद्धांजलि दी गयी। इस शोक सभा में बोकारो जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र ने कहा कि स्व. ददई दुबे एक बहुत ही नेक दिल इंसान होने के साथ ही एक अच्छे नेतृत्वकर्ता, लम्बे समय तक विश्रामपुर के जनप्रतिनिधि तथा धनबाद के लोकप्रिय सांसद रहे। इस कोयलांचल क्षेत्र के मजदूर मसीहा के रूप में रहकर जो उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उसे इस क्षेत्र के लोगों को भूल पाना असम्भव है। खास करके उनका जाना, सम्पूर्ण विप्र समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके संरक्षण में सम्पूर्ण विप्र समाज एक बहुत बड़ा वटवृक्ष का रूप ले चुका है। सम्पूर्ण विप्र समाज, उनके समाज में योगदान को कभी भूल नहीं सकता है। वे सदैव हीं समाज के हर विप्रों के दिन में विराजमान रहेंगे।

### रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और मेरी सहेली टीम ने तीन नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बचाया



**बोकारो** : बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट बीकेएससी के अधिकारियों और 'मेरी सहेली' टीम ने सतर्कता दिखाते हुए तीन नाबालिग बच्चों को संकट की स्थिति में घूमते हुए सुरक्षित बचा लिया। उपनिरीक्षक अरुणा उरांव, कांस्टेबल रथू हांसदा, कांस्टेबल आर.आर. कुमार और एलसी सुपर्णा बिस्वास द्वारा की गई जांच के दौरान, प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक 14 वर्षीय लड़का, साहिल साई कुमार को अकेले पाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह बिना टिकट यात्रा कर रहा था और अपने माता-पिता को बिना बताए घर से भाग आया था। इसी प्रकार, लगभग 12:30 बजे पार्किंग क्रमांक 01 के पास एक नाबालिग लड़की को भी संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा गया। पूछताछ में उसने भी बिना टिकट यात्रा की बात स्वीकार की और बताया कि वह भी अपने अभिभावकों को बिना बताए घर से निकल आई थी। इसके अलावा, लगभग 2:15 बजे एक अन्य नाबालिग लड़की स्नेहा मुंडा (15 वर्ष, निवासी- बिरसानगर, जमशेदपुर) को भी संकटग्रस्त अवस्था में घूमते हुए पाया गया, जिसने भी अपने घर से बिना बताये भागने की बात स्वीकार की।

### सावन की दूसरी सोमवारी पर कंवर पदयात्रा का आयोजन



**चंदवारा** : सावन के महीने की दूसरी सोमवारी, 21 जुलाई 2025 को कंवर पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक यात्रा को सफल बनाने के लिए मोहनी धाम मंदिर पूतों में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और निर्णय लिया कि सुबह 6:00 बजे कंवर पदयात्रा निकलेगी ।बैठक की अध्यक्षता चंदवारा प्रखंड की प्रमुख मंजू देवी ने की। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया ।बैठक में सभी उपस्थित व्यक्तियों ने संकल्प लिया कि वे इस पुण्य कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे और कंवरिया पदयात्रा के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर चंदवारा प्रखंड से आने वाले सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों और कोडरमा जिले के लोगों ने भी इस धार्मिक यात्रा में भाग लेने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रमुख रूप से योगाचार्य सुषमा सुमन, दिलीप सिंह प्रदीप कुमार सुमन, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, और चंदवारा पश्चिम पंचायत के मुखिया संतोष कुशवाहा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी उपस्थित व्यक्तियों ने हाथ उठाकर शपथ ली कि वे कंवरिया पदयात्रा के लिए जनसमुदाय को जागरूक करेंगे और इस धार्मिक कार्यक्रम को विराट रूप में सफल बनाएंगे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा, बल्कि समाज में एकता और दृढ़ता का प्रतीक बनेगा।

### किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरणः अनुपमा वर्मा



**बोकारो** : रोटरी क्लब चास ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनाबाद में छात्राओं के लिए किशोरी स्वास्थ्य योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि किशोरियों को स्कूलों-कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा देकर उन्हें अपने शरीर, हार्मोनल बदलावों और आत्म सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉक्टर अनुपमा वर्मा ने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा की स्वस्थ्य किशोरी ही स्वस्थ्य महिला बनती है। डॉ वर्मा ने छात्राओं को माहवारी के समय विशेष रूप से स्वच्छता बरतने को कहा ।अतः किशोरियों का स्वास्थ्य केवल उनका व्यक्तिगत मुद्दा नहीं बल्कि समाज और देश के विकास से भी जुड़ा हुआ है। डॉ अनुपमा वर्मा ने कहा किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। रो.शैल रस्तोगी ने कहा कि आज छात्राओं को दी गई शिक्षा उनके लिए जीवन में बेहद उपयोगी रहेगी। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि किशोरीयों के पोषण, शिक्षा और सुरक्षा हम सबका सामाजिक दायित्व है। श्वेता ने कहा कि अपने सामाजिक दायित्व के तहत स्कूल की 250 किशोरियों को सेनेटरी पैड निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराया गया है।

## बज्रपात से दो महिलाओं की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**बोकारो :** जिले के गोपालपुर पंचायत अंतर्गत सोमवार की शाम तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस समय हुआ जब सभी महिलाएं खेत में काम कर रही थीं। मृतकों की पहचान मीरा देवी (35 वर्ष), पति राजेश कालिंदी और पार्वती देवी (55 वर्ष), पति स्व. उद्धव कालिंदी के रूप में की गई है। दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, घायल महिलाओं में मोहिनी कुमारी (18 वर्ष), पिता अनादी कालिंदी, काजल देवी (40 वर्ष), पति अनादी कालिंदी और नियती देवी (35 वर्ष), पति अनंत कालिंदी शामिल हैं। सभी घायलों को त्वरित उपचार के लिए सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### विमल लकड़ा के स्वास्थ्य स्थिति जानने अस्पताल पहुंचे विधायक जयराम महतो

# स्वास्थ्य नासाज की खबर से खेल प्रेमियों में चिंता का माहौल : देवेंद्रनाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** रांची पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा पिछले 15 दोनों इलाजरत है। रांची दीपा टोली के क्युरेस्टा अस्पताल में विशेष मेडिकल टीम के निगरानी में इलाज चल रहा है। तबीयत की स्थिति जानने 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' के विधायक जयराम कुमार महतो पहुंचे। अस्पताल प्रबंधक ने पौधा देकर उनका सांस्कृत स्वागत किया। आईसीयू में एडमिट लकड़ा जी के स्थिति के बारे में न्यूरो डिपार्टमेंट के



डॉक्टर संजय कुमार से विस्तृत जानकारी लिया। विमल लकड़ा वह उसके परिजनों से मुलाकात किया। धर्मपत्नी कांति लकड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि सिमडेगा के अपने पैतृक गांव में खेत काम करने के दौरान अचानक चक्कर आने से गिर पड़े। सोमवार को सदर अस्पताल सिमडेगा से क्युरेस्टा अस्पताल रांची रेफर किया गया। विधायक से बातचीत के दौरान न्यूरो डिपार्टमेंट के डॉक्टर संजय कुमार ने कहा कि सिर पर ब्लड क्लॉटिंग पाया गया है। अभी स्थिति नियंत्रण में है उन्हें आईसीयू में बेहतर इलाज दिया जा रहा है। विधायक जी के साथ देखने पहुंचे संगठन वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि लकड़ा जी के स्वास्थ्य नासाज के खबर से हॉकी जगत,खेल प्रेमियों एवं उनके प्रशंसकों में चिंता का माहौल बना हुआ है। अति शीघ्र बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

बताते चलने की इससे पूर्व श्री लकड़ा जी स्वास्थ्य स्थिति जानने के लिए राज्यपाल संतोष गंगवार, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी व कई विधायक,सांसद पहुंच चुके हैं।

# प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति पर नाराजगी, छात्र पहुंचे प्रखंड कार्यालय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकडू प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुकडू में इन दिनों माहौल काफी गर्म है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार बनर्जी की प्रतिनियुक्ति बीते 10 जुलाई 2025 को चांडिल प्रखंड के मध्य विद्यालय मुसरीबेड़ा में कर दी गई है। यह खबर सामने आते ही छात्र, अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन के बीच यह मुद्दा चर्चा का विषय बन गया है।

**विद्यालय में हुई आपात बैठक, उठे कई सवाल**

सोमवार को विद्यालय परिसर में अभिभावकों, छात्रों, स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति को लेकर नाराजगी जताई गई। वहीं, बैठक के दौरान शिक्षकों की कमी, विद्यालय की सुरक्षा के लिए चाहरदीवारी निर्माण, मिड डे मील की गुणवत्ता और अन्य मूलभूत समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सभी की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि इस मामले को लेकर जल्द ही सरायकेला जिला उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**मध्याह्न अवकाश के बाद छात्र पहुँचे प्रखंड कार्यालय**

बैठक के तुरंत बाद विद्यालय में मध्याह्न अवकाश हो गया। इसी बीच बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रधानाध्यापक को वापस लाने की मांग को लेकर अनुशासन के साथ तीन लाइन में कतारबद्ध स्कूल से पैदल मार्च करते हुए लगभग 250 मीटर दूर स्थित कुकडू प्रखंड कार्यालय पहुँच गए। इस दौरान कई अभिभावक भी छात्रों के साथ मौजूद रहे। बच्चों की भीड़ और आवाज सुनकर प्रखंड कार्यालय से अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान स्वयं बाहर आए और छात्रों से बात की। उन्होंने बच्चों की मांगों को गंभीरता से सुना और वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी देने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद छात्र शांतिपूर्वक स्कूल लौट गए।

## रूडसेट में 38 दिवसीय कंप्यूटरीकृत अकाउंटिंग एवं बुक कीपिंग प्रशिक्षण का हुआ भव्य उद्घाटन

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रुडसेट संस्थान सिल्ली में 38 दिवसीय कंप्यूटरीकृत अकाउंटिंग एवं बुककीपिंग प्रशिक्षण बैच का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में कंप्यूटरीकृत अकाउंटिंग की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवा बेहतर रोजगार या स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। मुख्य अतिथि ने ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षणार्थी को भी संदेश दिया कि आज के दौर में हर कोई सुन्दर दिखना चाहती है।

## अंधारझोर में शिल्पकारों से मिले उपायुक्त पारंपरिक कला को दिलाएंगे नया बाजार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा : स्थानीय** शिल्पकारों के उत्पाद को सही बाजार तथा उनके उत्पाद को उचित मूल्य मिले, उनकी आजीविका का संवर्धन हो तथा पारंपरिक कला से युवा सीखें, अपनायें और एक नई पौध तैयार हो इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सजग प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बोड़ाम प्रखंड के सुदूर अंधारझोर गांव के शिल्पकारों से मुलाकात करने पहुंचे। मौके पर बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन भी मौजूद थे। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों/शिल्पकारों से मुलाकात कर उनकी कला को जाना, समस्याओं को सुना तथा सरकार की योजनाओं की भी जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया । उपायुक्त ने शिल्पकारों से तबला, मांदर, ढोल, मृदंग आदि को बनाने में लगने वाले समय, लागत, निर्माण सामग्री, उपलब्ध बाजार एवं उनके उत्पाद की मांग तथा उत्पाद को मिलने वाले मूल्य की जानकारी ली । करीब 70 परिवारों के गांव अंधारझोर में ग्रामीणों ने कई पीढ़ियों से शिल्पकला को संरक्षित रख रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लागत के अनुपात में मूल्य नहीं मिलना तथा बाजार की समस्या होने के कारण युवा इस कला को आगे बढ़ाने में उतनी दिलचस्पी नहीं रख रहे हैं, कम आमदनी को देखते हुए दूसरा पेशा भी अपनाने लगे हैं। शिल्पकारों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में भी प्रयास किए गए हैं जिससे लाभ हो रहा है, इस सहयोग को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शिल्पकारों के उत्पाद को पहचान दिलाने, बाजार उपलब्ध कराने के लिए ठोस पहल हेतु आश्वस्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रावण मास प्रथम सोमवारी भोले के रंग में रंगे कावड़ यात्री



**अनगड़ा :** अनगडा क्षेत्र अंतर्गत बहेया गांव से श्रावण माह प्रथम सोमवारी पर कांवड़ यात्रा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लक्ष्मण बाबा के नेतृत्व में स्वर्णरेखा नदी से बाबा लक्ष्मेश्वर धाम बाहेया लक्ष्मेश्वर धाम तक जल-कांवड़ यात्रा निकली श्रद्धा, भक्ति और उत्साह रंगारंग झांकी का अनुपम संगम रही। इस यात्रा में मुख्य रूप से क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा शामिल थी साथ ही भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रामसाय मुंडा बाहेया ग्राम प्रधान शिवलाल पहान, ननकु महतो, देवनाथ महतो सहित श्रद्धालु भक्तगण शामिल थे।

### आजसू पार्टी ने तीन सूत्री मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**ईचागढ़ :** आजसू प्रखंड कमिटी ने तीन सूत्री मांग को लेकर सोमबार को प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी और प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के अनु उपस्थिति में उनके प्रधान लिपिक को ज्ञापन सौंपा। वही प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के चुनीडीह,रांगाडीह, डूंगरीडीह,छोटा आमड़ा आदि गांवों में डायरिया का प्रकोप है। उन्होंने सभी गांवों में ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव,विशेष रुप से कुंवा व चापानलों में ब्लीचिंग पाउडर डाला जाए, स्वच्छता अभियान एवं साफ सफाई कार्यक्रम चला कर ग्रामीणों को जागरूकता किया जाए।उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश किसानों द्वारा खेतों में बोया गया धान का बीज लगातार हो रही भारी बारिश के कारण पुरी तरह नष्ट हो गया है। उन्होंने विभाग से दुबारा नि:शुल्क धान बीज तथा क्षति हुए फसलों का ससमय मुआवाजा राशि देने की मांग किया है। वही आजसू ने पिछले कुछ दिनों में हुई मुसलधार बारिश के कारण कई गांवों में कच्चे मकान ध्यस्त हो गए है,जिससे कोई परिवार बेघर हो गया है। उन्होंने मांग किया है कि उन सभी परिवारों को पीएम आवास, आबुआ आवास से लाभान्वित किया जाए। वही प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि ईचागढ़ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहाल हैं,अस्पताल में बेड की बहुत ही कमी है, बेड में बेटसीट तक बिछाया हुआ नहीं रहता है और डॉक्टर भी समय पर उपलब्ध नहीं रहते है। मौके पर भोला नाथ महतो, जीतू राम महतो,शरत चंद्र महतो, तुलसी महतो, दिलीप कुमार दास,दुर्गा प्रसाद गोप,दशरथ महतो,निर्मल महतो, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 38 दिवसीय कंप्यूटरीकृत अकाउंटिंग बुककीपिंग प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रुडसेट संस्थान सिल्ली में 38 दिवसीय कंप्यूटरीकृत अकाउंटिंग एवं बुककीपिंग प्रशिक्षण बैच का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कुंदन कुमार मुरी ओ पी थाना प्रभारी ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्री कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में कंप्यूटरीकृत अकाउंटिंग की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवा बेहतर रोजगार या स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। मुख्य अतिथि ने ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षणार्थी को भी संदेश दिया कि आज दौर में हर कोई सुन्दर दिखना चाहती है इस लिए ब्यूटी पार्लर का बुत मांग है आप सभी मन लगाकर सीखे और अपना खुद का स्वरोजगार करे। उन्होंने रूडसेट संस्थान द्वारा युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के कार्य की सराहना की। उन्होंने यह भी संदेश किया कि आज के दौर में बहुत ज्यादा नासा खोरी, फ्रोड या किसी अन्य के बहकावे में आप कभी नहीं आयेगे । ये सभी रास्ते से आप को सावधानी रहनी है।आवश्यकता पड़ने पर जल्द पुलिस को सूचित करे क्योंकि पुलिस आप के सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने प्रशिक्षण ले रहे सभी पक्षिणार्थी को संदेश देते हुए कहा कि आप मन लगाकर प्रशिक्षण ले और आय का स्त्रोत बढ़ाए जिस से आप के परिवार को स्पोर्ट मिलेगा।

## सर्पदंश से युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित पटमदा थाना क्षेत्र के बिड़रा गांव में सोमवार सुबह एक व्यक्ति की सांप काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 39 वर्षीय सत्यजीत कालिंदी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात वह अपने घर में जमीन पर सोया हुआ था तभी जहरीले सांप (चित्ती) ने उसे काट लिया। भोर में करीब 4 बजे जब उसे कुछ अजीब महसूस हुआ तो उसने पत्नी दुलाली कालिंदी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने सुबह करीब 8 बजे उसे माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे दो इंजेक्शन दिए लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान सुबह 9 बजे उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा गया और देर शाम गांव में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# स्वस्थ्य उपकेन्द्र के डॉक्टरों के लापरवाही से एक युवक मृत्यु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** कुसूम टोली निवासी संतोष मुण्डा की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि समय पर एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण संतोष को उचित समय पर रिम्स नहीं ले जाया जा सका, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई। यह गंभीर चिंता का विषय है कि प्राथमिक उपचार के बाद भी उन्हें एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिली और वे दो घंटे तक तड़पते रहे।घटना की जानकारी मिलने पर विधायक प्रतिनिधि मंडल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी शशि प्रभा से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि इस मामले की विभागीय जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। क्योंकि ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई आवश्यक है। साथ ही, विधायक प्रतिनिधि मंडल ने कुसूम टोली जाकर संतोष मुण्डा के परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस घटना से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और आपातकालीन सुविधाओं, विशेषकर एंबुलेंस की उपलब्धता, को सुनिश्चित करने की आवश्यकता उजागर होती है। उम्मीद है कि जांच के बाद उचित कदम उठाए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी से बचा जा सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव मंडल अध्यक्ष रेजाक अंसारी जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि खाद्य विभाग अजय करमाली विधायक प्रतिनिधि प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग छोटेलाल महतो विधायक प्रतिनिधि मत्स्य विभाग संजय नायक प्रखण्ड महासचिव शकिर अंसारी सहित कांग्रेस नेता आलम अंसारी मिडिया प्रभारी कुलेश्वर मुण्डा अन्य ।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2– 03/ 2025-26**
**Letter No.** **Date :- 14/07/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- | Construction of Single Checkdam on Bagai Nala Block- Kersai |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 84,59,600=00 |
| 3. | Cost of Tender Paper (Rs.) | Rs. 10,000=00 |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,70,000=00 |
| 5. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date 30/07/2025 Time 2:00PM. |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of tender on website | Date 08/08/2025 Time up to 5:00 PM. |
| 9. | Online submission of Tender Fee and EMD | Start Date 30/07/2025 Time -2:00 PM<br>Last Date 08-08-2025 Time up to 5:00 PM. |
| 10. | Date of opening of e-tender | Date- 11/08/2025 Time- 02.00 PM |
| 11. | Officer Inviting Tender | EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION, DIVISION, SIMDEGA. |
| 12 | Contact no. of Procurement & E-mail of e-procurement Officer | 9123447790<br>midivsimdg@gmail.com |
| 13. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 |

Note:-
➢ **(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
M.I.Division, Simdega

PR 357230 Simdega (25-26)_D


# राजनगर में आयुष विभाग के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर, 160 लोगों की जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** राजनगर प्रखंड अंतर्गत दुर्गा मैदान में सोमवार को आयुष विभाग के सौजन्य से प्रखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता फैलाना और आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राजनगर पंचायत की मुखिया राजो टूडू की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पूनम कुमारी एवं मुखिया राजो टूडू ने संयुक्त रूप से किया। सुबह 10 बजे



से लेकर शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कुल 160 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में विशेष रूप से जोड़ों का दर्द, घुटनों में दर्द, मांसपेशियों की जकड़न, पैरों में सूजन जैसी आम समस्याओं के लिए जांच और इलाज की व्यवस्था की गई थी। आयुष पद्धति के तहत इन बीमारियों का इलाज कर स्थानीय लोगों को त्वरित राहत प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. सविता सिंह, डॉ. गौरी मांझी, डॉ. शैलेश कुमार और डॉ. बिभूति उपस्थित रहे। इसके अलावा योग प्रशिक्षक और स्वास्थ्य सहिया भी शिविर में मौजूद रहे और लोगों को रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व योग के लाभों के बारे में जानकारी दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
प्रपत्र संख्या–1

**ई– निविदा**

निविदा संख्या :- 19/JMT/2025-26 दिनांक 14-07-2025

| क्र0 स0 | विवरणी<br>कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी<br>प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 mtr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of Jainagar ,Domchanch & Koderma Block MVS Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya on turnkey basis. Year 2025-2026. | 18488.12 | 184.89 | 10,000/- | 27 Months + 3 months (trial and run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 18-07-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 22-07-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 05-08-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05-08-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | 07-08-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

**PR 357238 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D**

# बिहार में आकर्षण का केंद्र बनी दो हजार वर्ष पुरानी मूर्ति

बिहार के भागलपुर जिले के शाहकुंड प्रखंड में एक निजी मकान की खुदाई के दौरान एक नायाब प्राचीन मूर्ति मिली है जो दो हजार वर्ष पुरानी बतायी जा रही है। यह प्रतिमा अपनी विशिष्ट बनावट के कारण कौतूहल का विषय बनी हुई है। फिलहाल इसे भागलपुर संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है जिसे बाद में डिस्प्ले में रखने की बात कही जा रही है। करीब डेढ़ फीट ऊंची यह मूर्ति अपने संश्लिष्ट रुपाकार के कारण पुरातत्व विशेषज्ञों के साथ ही आम लोगों के लिये भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस मूर्ति के नेत्र तीखे हैं तथा गले में रेखाएं उकेरी हुई हैं जो इसे जीवंतता प्रदान करते हैं। दोनों कानों में कुण्डल तथा विशिष्ट शैली में बने मुकुट धारण किये इस मूर्ति के सिर के पीछे बनी अर्ध गोलाकार आकृति इसे अन्य मूर्तियों की तुलना में भिन्नता प्रदान करते हैं। बाहों में बाजूबंद, दोनों हाथों में कड़े और कमर में करधनी शोभित है। विशिष्ट शैली के अधोवस्त्र से युक्त इसका दाहिना हाथ एक स्त्री आकृति के सिर पर है जबकि बायां हाथ खुदाई में खंडित हो गया है। शाहकुंड का क्षेत्र ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। प्राचीन काल में यह क्षेत्र अंग जनपद का एक अभिन्न हिस्सा था जो 7 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में गौड़ राजा शशांक (सन् 602 से 620 ई.) के अधीनस्थ था। ऐसी मान्यता है कि शशांक ने शाहकुंड की खेरी पहाड़ी पर एक किले का निर्माण कराया था। पुराविद् अजय कुमार सिन्हा के अनुसार राजा शशांक के कार्यकाल में शाहकुंड ने चरम उत्कर्ष को प्राप्त किया। उसने अंगक्षेत्र में कई 'एकमुखी' शिवलिंगों की स्थापना की थी,जिनके अवशेष यहां की पहाड़ी और आस-पास के क्षेत्र में आज भी देखे जा सकते हैं। शाहकुंड की खेरी पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में करीब सवा दो फीट ऊंचा और डेढ़ फीट से अधिक व्यास वाला एक शिवलिंग स्थापित है। शिव मंदिर में एक बहुत बड़ा करीब 20 फीट व्यास वाला विशाल कुआं है जिसमें से बहुत सारी प्राचीन मूर्तियां और कई अन्य पुरातत्व सामग्रियों के अवशेष प्राप्त हुए हैं जो खेरी पहाड़ी पर यत्र-तत्र बिखरे पड़े हुए हैं। इस कुएं से देवी पार्वती की एक प्राचीन मूर्ति भी मिली थी जिसे शिव मंदिर के सामने स्थापित कर दिया गया है। करीब डेढ़ दशक पूर्व ग्रामीणों द्वारा की गई खुदाई में उक्त प्राचीन शिवलिंग और पुराने मंदिर की दीवार, चौखट, किवाड़ आदि के अवशेष मिले थे।

भागलपुर के शाहकुंड से मिली उक्त मूर्ति की पहचान के बारे में विशेषज्ञों के बीच मतैक्य नहीं है किंतु उपलब्ध तथ्यों के अनुसार यह मूर्ति भगवान विष्णु की होने के संकेत मिलते हैं। भागलपुर के पूर्व संग्रहालय अध्यक्ष शिव कुमार मिश्र बताते हैं कि शिल्प कला के अनुसार यह एक दुर्लभ मूर्ति है जो करीब 2000 वर्ष पुरानी है जिसकी पहचान कठिन है। श्री मिश्र बताते हैं कि बिहार के नवादा में भी कुछ ऐसी ही दिखनेवाली मूर्ति मिली थी जो भगवान वासुदेव की है किंतु शाहकुंड में मिली इस प्रतिमा पर बिना सम्यक पहचान के अंतिम मुहर नहीं लगाई जा सकती है लेकिन भागलपुर के वर्तमान संग्रहालय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार यादव इस मूर्ति की पहचान भगवान वासुदेव के रूप में करते हैं और इसे सातवीं शताब्दी की बताते हैं।

अवकाश प्राप्त संग्रहालय अध्यक्ष डॉ ओ. पी. पाण्डेय जो कि एक मूर्ति विशेषज्ञ भी हैं, के अनुसार इस प्रतिमा की विशिष्ट बनावट के कारण इसकी पहचान जटिल है। शाहकुंड में समय समय पर मिल रही प्राचीन मूर्तियों और शाहकुंड पहाड़ी की तलहटी में बिखरे पड़े पुरातात्विक अवशेषों के आधार पर डॉ. पाण्डेय का अनुमान है कि प्राचीन काल में शाहकुंड में मूर्ति निर्माण का कार्य बड़े पैमाने पर होता होगा। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि इस मूर्ति का निर्माण किसी स्थानीय शिल्पी के द्वारा स्थानीय मान्यताओं के आधार पर किया गया होगा जिसके कारण इसकी पहचान निर्धारित करने में कठिनाई हो रही है।

# उत्तराखंड ही नहीं, देशभर में चलना चाहिए 'ऑपरेशन कालनेमि'

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

सनातन हिन्दू धर्म और संस्कृति पर कई तरह से प्रहार किए जा रहे है, इसके उदाहरण भी आए दिन सामने आते हैं, किंतु जिस तरह से लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसे किसी भी नकारात्मक जिहाद के विरोध में उत्तराखंड सरकार द्वारा एक्शन लेने के बाद 'ऑपरेशन कालनेमि' शुरू किया गया है। इसने कुछ ही दिन में यह सच्चाई सभी के सामने ला दी है कि सनातन हिन्दू धर्म को बदनाम करने के लिए जो अनेक षड्यंत्र चल रहे हैं, उनमें से एक साधुवेष धारण करना भी है। एक आस्थावान सनातनी साधु वेष को देखकर अपनी क्या प्रतिक्रिया देगा, यह किसी को आज बताने की जरूरत नहीं, किंतु बदले में उसे क्या मिलेगा, यह अहम है। ऐसे में ये तमाम छद्म वेषधारी हिन्दू आस्था पर सीधे प्रहार कर रहे हैं।

वस्तुतः भारतीय शास्त्रों में देखें तो 'कालनेमि' रामायण काल का एक राक्षस था, जिसने छद्मवेश धारण कर 'संजीवनी' लेने जा रहे हनुमानजी का रास्ता रोकने की कोशिश की थी। रामायण की सुप्रसिद्ध मायावी राक्षसनी ताड़का उसकी दादी थी व मारीच उसके पिता। 'कालनेमि' अपनी माया से किसी का भी रूप धारण कर सकता था इसलिए रावण ने उसे यह महत्वपूर्ण कार्य सौंपा कि वह किसी भी हाल में हनुमानजी को 'संजीवनी' हिमालय से न लाने दे, ताकि लक्ष्मणजी की बेहोशी मृत्यु में बदली जा सके। लेकिन जैसे ही हनुमानजी को 'कालनेमि' के एक साधु वेश में होने का पता चला, उन्होंने अत्यंत क्रोधित हो उसी समय 'कालनेमि' का वध कर दिया था।

वर्तमान दौर में भी कई 'कालनेमि' सनातन हिन्दू धर्म को तरह-तरह से समाप्त करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। अब हरिद्वार से पकड़े गए इन सभी इस्लामिक कालनेमियों को देखिए, जो हिन्दू साधु के वेश में सनातनधर्मियों को ठग रहे थे। मो. अहमद पुत्र रहु निवासी ग्राम बोडिंग हाउस जिला हरदोई उत्तर प्रदेश। रशीद पुत्र बफाती निवासी वार्ड नंबर 7 फूलबाग थाना नरसिंह गढ़ जिला राजगढ़। मोहम्मद इमरान पुत्र मो. इस्लाम निवासी 11 बी तिलजला थाना कड़ाया कोलकता पश्चिम बंगाल। मोहम्मद जैनउद्दीन पुत्र शेख अब्बास निवासी बेलवारी वार्ड न0 13 अंचल पलासी पखरी बिहार। मोहम्मद सलीम (पिरान कलियर, हरिद्वार)। रुकन रकम उर्फ शाह आलम- बांग्लादेशी नागरिक, जिसने तिलक और जटा धारण कर रखे थे; वह खुद को 'शिव योगी' बता रहा था। इसी तरह से अन्य अपराधी और ठग पकड़े गए हैं, जोकि हिन्दू सनातन धर्म को साधु वेश धारण कर बदनाम कर रहे थे।

इस संदर्भ में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कह रहे हैं कि वर्तमान समय में भी बहुत सारे 'कालनेमि' छद्म वेष बनाकर अनेक स्थानों पर अपनी पहचान छुपाकर के धार्मिक भावनाओं को आहत करने का काम कर रहे हैं। उनका यह कृत्य सनातन को



नुकसान पहुंचाता है और जो सच्चे धर्म की खोज में, पुण्य की खोज में और अपनी आत्मा के प्रकाश को प्राप्त करने के लिए, भगवान की शरण में जाते हैं। देवभूमि या अन्य स्थानों पर जाते हैं। उनका किसी न किसी रूप में मार्ग भटकाने का काम ये छद्म वेषधारी ठग करते हैं। ऐसे सभी लोगों की पहचान कर उन्हें रोकने और उनकी सच्चाई उजागर करने के लिए ही हमने ये ऑपरेशन 'कालनेमि' चलाया है। हमारी सरकार जनभावनाओं, सनातन संस्कृति की गरिमा की रक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

हाल ही में एक प्रकरण उत्तर प्रदेश की एटीएस के प्रयासों से भी छांगुर बाबा उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन का सामने आया है। उसके पास से एक किताब 'शिजर-ए-तैयबा' भी बरामद हुई है। जिसके बारे में कहा जा रहा है कि इस किताब का इस्तेमाल लव जिहाद और इस्लामिक कन्वर्जन के लिए किया जा रहा था। पुस्तक का मकसद कोई धार्मिक प्रचार नहीं, बल्कि विशेष एजेंडे के तहत ब्रेनवॉश करना था। पुस्तक में मुस्लिम युवकों और हिंदू युवतियों को इस्लाम के नाम पर जोड़ने और प्रेरित करने की बातें की गई हैं। यहां तक कि किताब में 'धर्मी लोगों की सेना' तक का जिक्र किया गया है, यानी ऐसे लोग जो इस्लाम के लिए अपनी जान देने को तैयार हों। साथ ही इसमें विस्तार से बताया गया है कि लोगों को इस्लाम के प्रति कैसे आकर्षित किया जाए और किस तरह धर्मांतरण की मुहिम चलाई जाए। यह किताब सोशल नेटवर्किंग और धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए युवाओं तक पहुंचाई जाती थी, जिससे वे धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित होते जाएं। 'शिजर-ए-तैयबा' की तरह ही आज यह सामने आया है कि देश भर में अनेक नामों से इसी प्रकार की किताबें चलन में हैं, जो छोटे ब्रेनवॉश का काम करती हैं।, दीने-तालीम के नाम पर मदरसों में क्या पढ़ाया जा रहा है, किसी भी राज्य सरकार को इसके बारे में पता नहीं है।

आप सोचिए; एक छांगुर बाबा उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन ने क्या कर दिया! उसने हजारों गैर मुसलमानों का ब्रेनवॉश, 1500 से अधिक हिन्दू महिलाओं के साथ लव जिहाद कर इस्लाम कबूल करवाना। हर हिन्दू युवतियों को लव जिहाद में फंसाने के लिए 10 से 20 लाख रुपए तक मुस्लिम युवक को देने की व्यवस्था, कई सौ करोड़ का साम्राज्य, दो हजार से अधिक स्लीपर सेल की टीम खड़ी करना, वह भी किसलिए सिर्फ इस्लाम के लिए। भारत को गजबा-ए-हिंद बनाने के लिए। आप यह भी विचार कर सकते हैं कि यह कोई अचानक नहीं हो गया है, पिछले कई सालों से यह सब चल रहा है। छांगुर, मोहम्मद जलालुद्दीन पिछले 15 वर्षो से अवैध धर्मांतरण गिरोह चला रहा था। सोचनेवाली बात यह है कि इसका पूरा यह षड्यंत्र कितना गोपनीय रहा होगा कि पुलिस का खुफिया तंत्र एवं देश की सुरक्षा एजेंसी भी इतने सालों तक उसकी भनक नहीं लगा सकीं।

गजबा-ए-हिंद की गंदी सोच सिर्फ इस बाबा छांगुर उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन की नहीं है, हाल ही में एनआईए राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आईएसआईएस पुणे स्लीपर मॉड्यूल में 11 लोग गिरफ्तार किए हैं, जिसमें कि रिजवान अली (अबु सलमा / मोला) की अहम गिरफ्तारी है। ऐसे ही मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी पकड़ा गया। मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में एचयूटी के आतंकवादी पकड़े गए। जिसमे मुस्लिम खान (प्रमुख योजनाकार, वित्तपोषक) की गिरफ्तारी बहुत अहम है। गाजवा-ए-हिंद के लिए एक पीएफआई मोड्यूल का खुलासा भी हुआ है। एनआईए द्वारा बिहार, यूपी, गुजरात व केरल में कई स्थानों पर रैड की गई और कई आरोपियों के साथ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। कर्नाटक से तीन लश्करएतैयबा (एलईटी) सहयोगी पकड़े गए हैं। कुछ कश्मीरी युवक भी पकड़े गए हैं। आज सोचनेवाली बात यह है कि देश भर में न जानें इस तरह के कितने षड्यंत्र सनातन के विरोध में चल रहे हैं!

सवाल यह है कि क्या यह ऑपरेशन जो मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के विचारों की उपज है, सिर्फ उत्तराखंड तक ही सीमित रहना चाहिए अथवा भारत के हर राज्य में इसी तरह से एक ऑपरेशन चलाया जाना चाहिए? जिसे कि उत्तराखंड की तरह ही राज्य सरकार हाथ में लेकर चलाए। वास्तव में आज इस अभियान में जैसी कार्रवाई फर्जी साधुओं और ठगी करने वालों के खिलाफ हो रही है, वह एक राज्य तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। सनातन धर्म या किसी भी मत, पंथ, संप्रदाय के खिलाफ देश भर में कहीं भी कुछ अपराध घट रहा है तो उस पर तुरंत अंकुश लगाना आवश्यक है, इसलिए कहना होगा कि उत्तराखंड में जो पुष्कर सिंह धामी 'ऑपरेशन कालनेमि' के जरिए कर रहे हैं, वह किसी भी रूप में सही देश के हर राज्य में किए जाने की जरूरत है। क्योंकि भारतीय संविधान सभी की सुरक्षा, मौलिकता और धर्म स्वातंत्र्य की गारंटी देता है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव

**ललित गर्ग**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपए के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दाफाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था। आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन का बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के जरिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती। नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है।

## सूडोकु नवताल- 7491

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7490 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# बिहार चुनाव में होगी मध्य प्रदेश के निषादराज सम्मेलन की गूंज

**हर्षवर्धन पाण्डेय**

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में 12 जुलाई को आयोजित निषादराज सम्मेलन न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि इसके गहरे सियासी मायने भी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य मछुआरा समुदाय को सशक्त बनाना, उनकी परंपराओं का सम्मान करना और सामाजिक सदभाव को बढ़ावा देना है। निषादराज सम्मेलन रामायण के पात्र निषादराज गुह से प्रेरित रहा, जिन्हें प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी भक्ति और समर्पण के लिए जाना जाता है।

निषादराज ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता को गंगा पार करने में सहायता प्रदान की थी जिसे सामाजिक समरसता का बड़ा प्रतीक माना जाता है। इस तरह के बड़े सम्मेलन का आयोजन देश के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी उज्जैन में करके प्रदेश सरकार निषाद समुदाय को यह संदेश दे रही है कि वह विरासत से विकास के अपने विजन पर मजबूती के साथ काम कर रही है।

मध्य प्रदेश में मछुआरा समुदाय की आबादी विशेष रूप से उज्जैन, नरसिंहपुर और होशंगाबाद में उल्लेखनीय है। यह समुदाय परंपरागत रूप से मत्स्य पालन और नदी-आधारित आजीविका पर निर्भर है। हालांकि यह समुदाय ओबीसी समुदायों जितना प्रभावशाली नहीं है फिर भी यह कई विधानसभा क्षेत्रों में जातिगत समीकरणों को प्रभावित करता दिखाई देता है। निषादराज सम्मेलन के आसरे भाजपा इस समुदाय को मुख्यधारा में लाने और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति को बेहतर करने की दिशा में अपने कदम मजबूती एक साथ प्रदेश की सियासत में बढ़ा रही है। मध्य प्रदेश आज मत्स्य उत्पादन और मछुआ समाज के सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना जैसे नवाचारों ने हजारों मछुआरों के जीवन में नई आशा की किरण जगाई है। ड्रोन और जीपीएस प्रणाली जैसे नवाचार और योजनाएं मध्य प्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सधे हुए कदम हैं।

मुख्यमंत्री ने 22 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से 453 स्मार्ट फिश पार्लर का भूमि-पूजन और इंदिरा सागर बांध में लगभग 92 करोड़ लागत से 3360 केज परियोजना का वर्चुअल भूमि-पूजन किया और कहा कि अब मछली पालन सिर्फ पारम्परिक कार्य नहीं, एक आधुनिक उद्योग है। इसमें निवेश बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा और सरकार मत्स्य पालन के लिए मछुआरों को अनुदान देगी। भोपाल में 40 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक एक्वा पार्क का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा सागर सहित अन्य जलाशयों में 3 लाख से अधिक केज स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में वर्तमान में 4.4 लाख हेक्टेयर में मछली पालन कार्य हो रहा है और वर्ष 2024-25 में प्रदेश का मछली उत्पादन 3.81 लाख मैट्रिक टन रहा।


मध्य प्रदेश की सियासत में जातिगत समीकरण हमेशा से महत्वपूर्ण रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वोटरों ने भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचाया था जिसके चलते कांग्रेस सत्ता में आई। हालांकि 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में हुए दलबदल के बाद भाजपा ने फिर से सत्ता हासिल की। वहीं 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पार्टी 2028 के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए अपनी स्थिति को और मजबूत करना चाहती है। निषाद समुदाय को साधने का प्रयास इसी रणनीति का हिस्सा है। यह समुदाय एक दौर में परंपरागत रूप से कांग्रेस या अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ जुड़ा रहा है अब बिहार ,बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के चुनावों में भाजपा के लिए संजीवनी बन सकता है। निषादराज सम्मेलन से एक तीर से दो निशाने खेलने की कोशिश की गई है। पहला सम्मेलन केवल निषाद समुदाय तक सीमित नहीं है। इसका सन्देश अन्य समुदायों में भी जाएगा जिनकी संख्या प्रदेश में कम है। दूसरा यह सम्मेलन मोदी सरकार की सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में एक नई लकीर खींचेगा जिसकी गूंज आने वाले बिहार चुनाव में सुनाई देगी। बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से लगभग 45 पर निषाद और मांझी जातियों का प्रभाव माना जाता है।

निषादराज सम्मेलन का आयोजन मुख्यमंत्री यादव का एक बड़ा मास्टर स्ट्रोक है जो निषाद समुदाय के सशक्तिकरण के साथ-साथ बिहार में भाजपा के निषाद और मांझी वोटबैंक को मजबूत करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा आने वाले दिनों में बनेगा। बिहार में भी मछुआरा समुदाय की आबादी भी आगामी चुनावों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। राज्य के 38 जिलों में मछुआ समुदाय विभिन्न क्षेत्रों में अपनी आजीविका के लिए मत्स्य पालन पर निर्भर है। मध्य प्रदेश में निषादराज सम्मेलन के सफल आयोजन की गूंज अब बिहार के गांवों और पंचायतों तक पहुंचना तय है। बिहार अब इस मध्य प्रदेश मॉडल को अपनाकर भविष्य में अपने मछुआरा समुदाय को सशक्त बना सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**15 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2025 वर्ष का 196 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 22.40 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 06.27 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 14.12 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 11.22 बजे तदनन्तर तैतिल 22.40 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 31' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872406 **जूलियन दिन** 2460871.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 19 **विशेष** मंगला गौरी व्रत।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.34 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | सिंह | 07.50 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.02 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.27 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.43 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.48 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.35 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.08 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | मेष | 23.38 बजे से |
| | | वृष | 01.18 बजे से |
| | | मिथुन | 03.16 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## तालपहाड़ी में शिविर का हुआ आयोजन



**लिट्टीपाड़ा :** ज़िले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के तालपहाड़ी पंचायत भवन में सोमवार को पीएम-जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, मुखिया मीनू हांसदा, पंचायत सचिव एवं वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में दराजमठ, डुमरिया, गांडो पहाड़ी और संग्रामपुर के ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आधार कार्ड, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति, निवास,आय प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान, जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा आदि के लिए आवेदन लिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉल में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य और सिकल सेल जाँच की गई और मरीजों को निःशुल्क दवाएँ दी गई। मौके पर प्रखंड कल्याण/कृषि पदाधिकारी के. सी दास, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश हांसदा सहित बड़ी संख्या में लाभुक ग्रामीण मौजूद थे।

## चेचका धाम पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बोकारो :** चास प्रखण्ड के पोराणिक चेचका धाम पर सावन के प्रथम सोमवार को कुम्हरी, डुमरदा व आसपास के दर्जनों गाँव से सैकड़ों महिला पुरुष व बच्चों श्रदालु की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रदालु दामोदर नदी में स्नान कर कोई कांवर से तो लोटा में जल भर कर बोल बम का नारा लगाते हुए चेचका धाम पर पहुंचे तथा जलाभिषेक कर पुजा अर्चना किया। बोल बम से चेचका धाम गुंज उठा। मंदिर के पुजारी ने श्रदालु को संकल्प कर पुजा अर्चना करया। चेचका धाम परिसर पर स्थित माता पार्वती मंदिर, राधा कृष्ण, शनि देव, नंदनी, कालभैरव,माँ शीतला, माता दुर्गा देवी मंदिरों में भी श्रदालु ने पुजा अर्चना किया। भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। प्रसाद का भी वितरण हुआ इस अवसर पर चेचका धाम विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्य गण व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिगंबर जैन समाज के चुनाव संपन्न आलोक कुमार जैन बने अध्यक्ष

**बोकारो :** सोमवार को दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से आलोक कुमार जैन को दिगंबर जैन समाज का अध्यक्ष चुना गया। सचिव पद के लिए पीयूष जैन और कोषाध्यक्ष पद के लिए अनिमेष जैन को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। अध्यक्ष बनने के बाद आलोक कुमार जैन ने कहा समाज के हित में वे सदैव तत्पर रहेंगे और समाज के लोगों के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। साथ ही थी दिगंबर जैन महिला समिति के पदाधिकारीयों का भी मनोनयन किया गया। दिगंबर जैन महिला समिति के लिए सर्वसम्मति से कामिनी जैन को अध्यक्ष एवं सुनीता जैन को सह अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संजय जैन, कमल जैन, डॉक्टर महेंद्र जैन, सुनील जैन, दीपक जैन, मनीष जैन, विकास जैन, आकाश जैन, विमल जैन, अजय जैन,कमला जैन, रश्मि बैसाखिया, निताशा जैन, कविता जैन, सीमा जैन, विनीता जैन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई दी और उम्मीद जाहिर की कि नये नेतृत्व में समाज प्रगति करेगा।

# बरकाकाना पुलिस ने पांच दिन बाद किया शव बरामद, हत्या में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरकाकाना :** टर्बो गाड़ी बेचे जाने से इनकार किए जाने पर हत्या कर युवक का शव बंद पड़े ईट भट्टे में छुपा दिया गया। बरकाकाना ओपी पुलिस द्वारा लापता युवक का शव पांच दिनों के बाद पीरी बस्ती स्थित बंद पड़े ईट भट्टा से बरामद किए जाने के बाद सोमवार को बरकाकाना ओपी परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता वार्ता में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी (भापुसे), पतरातू पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह व बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा शामिल हुए। पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी (भापुसे) द्वारा बताया गया कि दुर्गी बस्ती निवासी सऊद अंसारी, पिता सयूब अंसारी (24) वर्षीय मोहर्रम के दिन से ही लापता था। परिजनों द्वारा 6 जुलाई को बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर पुत्र के लापता होने की बात कही गई। इसके बाद पतरातू थाना कांड संख्या 177 /25 अंकित कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले को उद्वेदन किए जाने को लेकर रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अनुसंधान के दौरान आफताब अंसारी पिता मोहम्मद शाहिद अंसारी पीरी बस्ती निवासी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने पर उन्होंने लापता की युवक का हत्या किए जाने का आरोप को स्वीकार करते हुए बताया कि वह एवं एबाद उर्फ आबाद, पिता मुस्ताक अंसारी, ग्राम दुर्गी बस्ती निवासी के साथ अमन अंसारी के ईट भट्टे पर काम कर चुका है। जिस कारण दोनों में अच्छी पहचान है। मुहर्रम वाले दिन सउद अंसारी को लेकर अपने मित्र एबाद उर्फ आबाद व आबाद के मौसेरा भाई मृतक सउद को लेकर पीरी कर्बला रोड के पास सब मिलकर सुलेशन का नशा किया। इसके बाद सउद को छुरा मार कर हत्या कर दी गई। हत्या किए जाने के बाद मृतक का शव अमान के बंद पड़े ईट भट्टे में छुपा दिया गया। पुलिस द्वारा गठित विशेष दल में गौरव गोस्वामी सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, सत्येंद्र कुमार सिंह पुलिस निरीक्षक पतरातू आंचल, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानी नगर ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार, बेसल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, केस के अनुसंधान करता पुलिस और निरीक्षक हरदुगन हीरो व सशस्त्र बल शामिल थे।

**हत्या का क्या है कारण**

पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी (भापुसे) द्वारा बताया गया कि मृतक सउद अंसारी रांची रोड दिग्वार निवासी का टर्बो चलने का काम करता था। टर्बो मलिक सउद अंसारी पर बहुत ज्यादा ही भरोसा किया करता था। जिस कारण आफताब अंसारी पिता मोहम्मद शाहिद अंसारी व एबाद उर्फ आबाद द्वारा मालिक का टर्बो चोरी हो जाने की बात कह कर। कबाडी में कटवा कर बेच देने की बात कहा गया। जिस पर मृतक पूर्व में राजी हो गया। बाद में मृतक द्वारा मलिक का टर्बो नहीं बेचे जाने की बात कहे जाने पर हत्या कर दी गई।

# श्रावणी मेला विवाद को लेकर भुरकुंडा ओपी में हुई बैठक, पारदर्शिता और नई समिति गठन की उठी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** श्रावणी मेला आयोजन को लेकर उठे विवाद को शांत करने के उद्देश्य से सोमवार को भुरकुंडा ओपी परिसर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पतरातु अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया और ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान सीसीएल प्रबंधन, थाना मैदान बचाव समिति और विस्थापित ग्रामीणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में थाना मैदान बचाव समिति के सदस्यों ने कहा कि वर्षों से यह मेला उसी मैदान में आयोजित होता आ रहा है, लेकिन अब तक इसके राजस्व और खर्च का कोई स्पष्ट हिसाब नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेला से अवैध रूप से राजस्व वसूली होती है, जबकि मैदान की सुरक्षा और रख-रखाव पर कोई खर्च नहीं किया जाता। समिति के सदस्यों ने मांग की कि मेला आयोजन के लिए डाक प्रणाली से अनुमति ली जाए, और जो भी आय हो वह या तो सरकारी खजाने में जमा हो या मैदान के विकास में खर्च की जाए। दूसरी ओर, विस्थापित ग्रामीणों ने भी अपनी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि मेला समिति एकतरफा रूप से मनमानी करती है और अपनी पसंद की कमेटी बनाकर आयोजन करती है। ग्रामीणों की मांग थी कि एक सर्वसम्मत नई समिति का गठन हो, जिसमें सभी समुदायों और पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मेला की आमदनी को पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक कल्याण और विकास कार्यों में लगाया जाए। अंचलाधिकारी मनोज चौरसिया ने स्पष्ट किया कि श्रावणी मेला से संबंधित विवाद का निवारण रामगढ़ एसडीओ के दिशा-निर्देश के बाद ही संभव होगा। उन्होंने सभी पक्षों को आश्वासन दिया कि मामले में निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा। अंत में यह तय हुआ कि मंगलवार शाम 4 बजे अंचल कार्यालय पतरातु में तीनों पक्षों की उपस्थिति में पुनः एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में सीसीएल सुरक्षा अधिकारी एनके सिंह, पीएनपी स्टाफ ऑफिसर रितेश दास, पूर्व पार्षद झरी मुंडा, रामदास बेदिया, रंजीत बेसरा, संतोष मांझी, अनिल एक्का, संतोष उरांव, संजय सोरेन, अभिजीत सोरेन, राणा प्रताप सिंह, रोहित मुंडा, राजाराम प्रसाद, संजय यादव, सुरेश रजवार, राकेश मुंडा, नरेंद्र बेदिया, राजेश महतो, सुरेंद्र तुरी, सुनील बेदिया, छोटू बेदिया, लक्खी राणा, अजय साहू, विलियम उरांव, सुखदेव उरांव सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## मैट्रिक टॉपर्स को कुशवाहा समाज ने किया सम्मानित

**चौपारण :** सोमवार को कुशवाहा समाज चौपारण की ओर से पंचायत सचिवालय, बेला में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज की वरिष्ठ सदस्य माहेश्वरी मेहता ने की। इस अवसर पर समाजसेवी नागेन्द्र कुमार तथा बेला पंचायत की मुखिया ममता कुमारी ने उपस्थित होकर छात्रों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रखंड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले 15 विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी नागेन्द्र कुमार ने कहा बच्चों की यह सफलता पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। हमें चाहिए कि ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित कर आगे की पढ़ाई में भी मदद करें ताकि वे और ऊंचाइयों को छू सकें। मुखिया ममता कुमारी ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों को सम्मान देते हैं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से बच्चों में और बेहतर करने की भावना उत्पन्न होती है।

## सभी जिलों में पुस्तकालय सुदृढ़ हों : डॉ नीरा यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** राज्य के सभी जिलों में पुस्तकालय को सुदृढ़ किए जाएं। पुस्तकालयों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी वाली पुस्तकें, समाचार पत्र तथा देश और राज्य के महापुरुषों की जीवनी से संबंधित पुस्तकें भी पुस्तकालय में उपलब्ध कराई जाए। सोमवार को रांची में विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की बैठक में समिति की सभापति और कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्य और विधायक आलोक कुमार सोरेन, जयराम महतो, सुदीप गुड़िया के अलावे विभाग के कई वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। सभापति ने विभिन्न पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक के बाद सभापति डॉ नीरा यादव ने बताया कि सभी जिलों में जिला स्तरीय पुस्तकालय अनुश्रवण समिति गठित है। समिति में उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक होते हैं। अब इस समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद को सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुस्तक दान महा कल्याण के तर्ज पर लोगों से पुस्तक दान करने की भी अपील की जाएगी

## कौंडिण्निया स्कूल में छात्रों को दिया गया फायर सेफ्टी और सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा आश्रम रोड स्थित कौंडिण्निया पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के प्रांगण में आज झारखंड अग्निशमन सेवा कोडरमा के फायर सेफ्टी ऑफिसर तथा उनके टीम के द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बीच अग्निशमन सेवा जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला फायर सेफ्टी ऑफिसर ब्रजकिशोर पासवान तथा बिमन कुमार मांझी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा जिले में आग से सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आग लगने की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीकों से अवगत कराना है। आगे उन्होंने आग के प्रकार और उसके बुझाने के तरीको पर विस्तृत चर्चा की। **क्लास ए आग :** ठोस पदार्थ जैसे कागज, लकड़ी और कपड़े। इन्हें बुझाने के लिए पानी या कार्बन डाइऑक्साइड अग्निशामक का उपयोग किया जा सकता है।

**क्लास बी आग :** ज्वलनशील तरल पदार्थ जैसे पेट्रोल, डीजल और पेंट। इन्हें बुझाने के लिए फोम या ड्राई केमिकल पाउडर अग्निशामक का उपयोग किया जा सकता है।

**क्लास सी आग:** गैस और विद्युत स्रोत। इन्हें बुझाने के लिए ड्राई केमिकल पाउडर या कार्बन डाइऑक्साइड अग्निशामक का उपयोग किया जा सकता है।

कार्यशाला के दौरान फायर टीम ने अत्यंत प्रभावशाली और व्यावहारिक ढंग से विभिन्न स्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं तकनीकों को डेमो (प्रदर्शन) के माध्यम से समझाया। बच्चों को यह बताया गया किः

आग लगने की स्थिति में घबराएं नहीं, शांति से बाहर निकलने का रास्ता खोजें। धुएं से बचने के लिए जमीन के पास झुककर चलें। गीले कपड़े का उपयोग करके मुंह और नाक को ढकें। यदि कपड़ों में आग लग जाए तो रोल डाउन टेक्निक का प्रयोग करें -दौड़ें नहीं, जमीन पर लेटकर लुढ़कें। फायर फाइटर्स ने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति बेहोश हो जाए, तो सबसे पहले उसकी सांस और धड़कन की जांच करनी चाहिए। अगर सांस रुक गई हो, तो सीपीआर देने की विधि भी बच्चों को सिखाई गई। इसमें छाती को विशेष ढंग से दबाकर और कृत्रिम सांस देकर व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा, छात्रों को फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग की जानकारी दी गई तथा यह बताया गया कि किस प्रकार विभिन्न प्रकार की आग (इलेक्ट्रिकल, ऑयल, गैस आदि) को बुझाने के अलग-अलग तरीके होते हैं।

# रामगढ़ में आपदा मित्र प्रशिक्षण का आठवां दिन सफल 15 जुलाई तक 3000 मास्टर ट्रेनर होंगे तैयार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा बड़ी पहल की गई है जिसके तहत आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण अगले छः माह में जिले के 2 लाख लोगों को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में प्रशिक्षण के आठवें दिन सोमवार को अनुभवी डॉक्टरों द्वारा टाउन हॉल रामगढ़ में आपदा मित्र प्रशिक्षण के तहत सीपीआर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर सभी को प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2025 तक 3000 आम जनों, विद्यार्थियों आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि को प्रशिक्षण देकर आपदा मित्र एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आम जनों को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त, रामगढ़ आशिष अग्रवाल ने सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सभी को आकस्मिक परिस्थितियों में किए जाने वाले कार्य जो प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही है उन्हें अच्छी तरह सुनने व समझने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान नहीं दूर कर लेने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सक डॉ पल्लवी कौशल, डॉ नीतिश कुमार, डॉ कमलेश कुमार एवं ऑडियो विजुअल कंटेंट के माध्यम से सभी को सीपीआर, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आपदा मित्र को प्रैक्टिकल भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आपदा मित्रों को उप विकास आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब होकि 15 जुलाई तक आयोजित प्रशिक्षण के दौरान तैयार 3000 आपदा मित्रों (मास्टर ट्रेनरों) द्वारा पूरे जिले में 2 लाख लोगों को आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

## सीबीएसई फुटबॉल टूर्नामेंट क्लस्टर के पांचवें खेल मैदान में खिलाड़ियों का जोरदार प्रदर्शन




**रामगढ़ :** सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में चल रहे सीबीएसई क्लस्टर- फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें दिन मुकाबले और अधिक रोमांचक हो गए। जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने अंतिम दौर में पहुंच रहा है, खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर है। दर्शकों की भीड़ और खेल का रोमांच दोनों दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। 14 जुलाई को सेमीफाइनल मुकाबलों में जोरदार टक्कर देखने को मिली। आज कुल 14 मैच खेले गए। खिलाड़ियों ने जबरदस्त रणनीति, तेजी और तालमेल का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी संजीव बेदिया ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि आपकी मेहनत ही आपकी पहचान है, खेलो ऐसा कि इतिहास बन जाओ। हर मुकाबला है खुद को साबित करने का। मुख्य अतिथि राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार मत मानो हर पल खुद को बेहतर बनाओ। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्य सभा सदस्य शिबू सोरेन के अस्वस्थ होने के कारण सर गंगा राम अस्पताल में इलाजरत है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। संस्था सचिव प्रियंका कुमारी ने भी सभी टीमों का हौंसला बढ़ाया और कहा कि शारीरिक गतिविधियां तनाव कम करने का एक बेहतरीन तरीका है। आज के प्रमुख मुकाबलों में अंडर - 19 में मनन विद्या मंदिर स्कूल रांची बनाम होली क्रॉस स्कूल हजारीबाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए होली क्रॉस स्कूल ने 1-0 से जीत दर्ज की और फाइनल मैच में अपनी जगह बनाई। आखिरी मिनट में किया गया गोल निर्णायक साबित हुआ। वहीं विद्या भारती चिन्मया स्कूल और टेंडर हर्ट स्कूल रांची के बीच खेले गए मैच में विद्या भारती चिन्मया स्कूल ने मजबूत डिफेंस के साथ 1-0 से मुकाबला को जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। अंडर - 17 के सेमी फाइनल मैच में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल बनाम दयावती मोदी स्कूल तथा काशीडीह हाई स्कूल बनाम संत माइकल स्कूल पटना के बीच खेला गया। अंडर - 14 के सेमी फाइनल मैच विद्या निहार पूर्णिया बनाम दयावती मोदी स्कूल और संत माइकल स्कूल बनाम जीबी आरसी के बीच खेला गया। होली क्रॉस स्कूल टीम के कप्तान नवीन बेक ने कहा, हमारी टीम एकजुटता के साथ खेल रही है, फाइनल में भी जीत के लिए पूरी ताकत झोंकेंगे। वहीं कोच विकास विंडो ने कहा, हमारी रणनीति पूरी तरह फिट है, बच्चों का आत्मविश्वास फाइनल में दिखेगा। पांचवें दिन भी खेल मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। मौके पर राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, राधा गोविंद इंटर कॉलेज प्राचार्य सोमा पांडेय, डॉ संजय सिंह, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक उपस्थित रहे। 15 जुलाई को होने वाला फाइनल मुकाबला पूरे टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण रहेगा। खेल प्रेमियों को इस ऐतिहासिक मुकाबले की प्रतीक्षा है।

## दादी सेना द्वारा द्वितीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन 18 और 19 को



**हजारीबाग :** श्रद्धा और भक्ति के संगम के रूप में हजारीबाग में इस वर्ष दादी सेना के तत्वावधान में द्वितीय वार्षिक महोत्सव 2025 का आयोजन पूरे उत्साह और भव्यता के साथ किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ राणी सती मंदिर परिसर में पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर दादी सेना के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के बीच आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। महोत्सव का शुभारंभ 18 जुलाई को संध्या 4:00 बजे रानी सती मंदिर परिसर में दादी जी के श्रृंगार महोत्सव एवं मेहंदी महोत्सव के साथ होगा। इस दौरान दादी भक्तों के लिए विशेष भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। ठीक अगले दिन शनिवार 19 जुलाई को सुबह 11:00 बजे अग्रसेन भवन में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया है, जिसमें धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष कुमार अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। उनके भजन दादी भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर देंगे। कार्यक्रम की विशेष झलक के रूप में कोलकाता से आए कलाकार दादी जी की जीवनी पर आधारित भव्य नृत्य-नाटिका प्रस्तुत करेंगे, जो हजारीबाग के श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत दृश्य होगा। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान इत्र, हल्दी, गजरा, मेहंदी और चुनरी महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे कार्यक्रम में और भी अधिक भव्यता और उत्साह जुड़ जाएगा। महोत्सव को लेकर दादी सेना के सभी सदस्य अत्यंत श्रद्धा और जोश से परिपूर्ण हैं और दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने सभी दादी भक्तों को इस भव्य आयोजन में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है ताकि यह महोत्सव भक्ति और सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय उदाहरण बने।

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत पदमा से चौथा जत्था पावन तीर्थ स्थलों के लिए हुआ रवाना



**पदमा :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत सोमवार को तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड स्थित शिव मंदिर सह श्रीराम मंदिर प्रांगण से पूरे उत्साह के साथ रवाना हुआ। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर इस पावन यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, भाजपा नेता अजय मेहता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भक्तिभाव में लीन सभी यात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अनूठे प्रयास की सराहना की और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने ढोल-ताशे के साथ पुष्प-वर्षा कर यात्रियों को विदा किया, जिससे मंदिर प्रांगण में एक उत्सव का माहौल बन गया। सांसद सेवा कार्यालय की ओर से सभी तीर्थयात्रियों को अल्पाहार के साथ एक कपड़े के थैले में फल और पानी की बोतल उपलब्ध कराई गई, और उन्हें अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

## एक नजर

### महादेवगंज में एक युवक का शव कुएं में तैरता हुआ पुलिस ने किया बरामद



**साहिबगंज**: सोमवार की अहले सुबह एक युवक की कुएं में तैरता शव को ग्रामीणों द्वारा देखे जाने के उपरांत इलाके में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने के उपरांत पुलिस को जानकारी दी गई। मृतक युवक जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के श्रीराम चौकी महादेवगंज तुरी टोला निवासी संजय तुरी का 28 वर्षीय पुत्र रौशन तुरी बताया जा रहा है।मौजूद ग्रामीणों द्वारा जिरवाबाड़ी पुलिस को घटना का सूचना दिया गया। जिरवाबाड़ी एएसआई मनोज कुमार शर्मा व एएसआई एएस खान ने पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। शव को कुएं से निकालने के उपरांत अपने कब्जे में ले लिया गया। वहीं मौके पर मौजूद श्रीराम चौकी के प्रधान मरांग मरांडी द्वारा बताया गया कि कुआं में गिर जाने से रौशन तुरी का मौत हो गया है। आगे बताया कि कुएं से पानी भरने के दौरान पैर फिसलने के कारण हादसा हुआ होगा। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इलाके में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि श्यह हादसा है या हत्या हैश खैर जो भी बाते सामने निकलकर आए। अब पुलिस अनुसंधान के बाद ही पता चलेगा कि रौशन तुरी की मौत की वजह श्हादसा है या हत्या हैश। पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया।

### जिला स्तरीय स्टेयरिंग-सह- मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

**साहिबगंज**: डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय में जिला स्तरीय स्टेयरिंग-सह-मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा विभिन्न मामले को लेकर डीसी को अवगत कराया गया जिसमें डीसी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### दिनदहाड़े महिला से चेन स्नैचिंग, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**बोकारो** : बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 3डी में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने एक महिला के गले से चेन छीन ली। पीड़ित महिला नीरा सिंह सदर अस्पताल बोकारो में एचआईवी डिपार्टमेंट में काउंसलर के पद पर तैनात हैं। जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब वह मंदिर में पूजा कर लौट रही थीं। तभी बाइक पर सवार दो अपराधी पीछे से आए और उनके गले से चेन झपटकर फरार हो गए। घटना पूरी तरह पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना के दरोगा पिंटू महथा ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है। पीड़िता के अनुसार, बाइक सवार अपराधियों के कुछ साथी अन्य स्थानों पर भी खड़े थे, जिन्हें कुछ लोगों ने देखा है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और लोग पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बासुकीनाथ धाम में दिखा आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका** : झारखंड के बासुकीनाथ धाम में सावन मास के पहले सोमवार को आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात्रि से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें बाबा बासुकीनाथ के दर्शन और जलार्पण के लिए उमड़ पड़ी थीं। हर हर महादेव और ह्यबोल बम के जयकारों से पूरा बासुकीनाथ मेला क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। अब तक श्रद्धालुओं के जलाभिषेक यह आंकडा एक लाख के पार पहुंच चुका है। श्रद्धालुओं ने शिवगंगा सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद अर्घा के माध्यम से बाबा बासुकीनाथ को जलार्पण किया। मंदिर पट खुलने के कुछ देर बाद जलार्पण प्रारंभ हुआ। जो लगातार जारी है। श्रावणी मेला के चौथे दिन पहले सोमवार को शाम 4 बजे तक 90350 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया। सामान्य रुट लाइन से 82689, शीघ्र दर्शनम से 2250 एवं जलार्पण काउंटर से 5250 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। पहली सोमवारी को 161 डाक बम श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। देर शाम तक श्रद्धालुओं के जलाभिषेक यह आंकडा एक लाख के पार पहुंच चुका है। शीघ्र दर्शनम से 6,75,000 रुपये, दान पेटी से 3,12,660 रुपए, गोलक से 98640 रुपये एवं अन्य स्त्रोत से 4445 रुपए प्राप्त हुए। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा स्वयं देर रात्रि से मेला कंट्रोल रूम से संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी करते रहे। उन्होंने समय-समय पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों और पुलिस जवानों को वॉकी-टॉकी के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्था की नियमित समीक्षा करते रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहीं। देर रात से ही विभिन्न चिकित्सा शिविरों में चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मी मौजूद थे। सुरक्षा बलों के जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करते हुए जलार्पण की प्रक्रिया को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करते रहे। भीड़ प्रबंधन, विधि-व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर विशेष दलों की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं ने मेले की व्यवस्था बहुत अच्छी और भक्तों के अनुकूल है। उन्हें साफ पानी, शौचालय, सुरक्षा और इलाज जैसी जरूरी सुविधाएं आसानी से मिली। उन्होंने प्रशासन के कार्यों का सराहना की।

## मॉडल कॉलेज राजमहल में नैप 2020 पर कार्यशाला, नामांकन प्रक्रिया हुई शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**राजमहल** : मॉडल कॉलेज राजमहल में रविवार को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नैप) 2020 में सत्र 2025-29 के लिए किए गए संशोधनों एवं नामांकन प्रक्रिया के नवीन प्रावधानों पर आधारित एक शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की। कार्यशाला मे महाविद्यालय के नैप पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने नैप 2020 के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया, विषयों के चयन की प्रणाली, तथा मल्टी-डिसिप्लिनरी एवं भारतीय ज्ञान परम्परा इत्यादि विषयों के विकल्पों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अब छात्र-छात्राएं अपनी रुचियों और भविष्य की योजनाओं के अनुरूप विभिन्न विषयों का चयन कर सकते हैं, जिससे शिक्षा अधिक लचीली और उपयोगी हो सकेगी। प्राचार्य ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा किए गए ये संशोधन विद्यार्थियों के हित में एक सार्थक और दूरदर्शी पहल है। इससे विद्यार्थियों को विषय चयन में अब किसी प्रकार की दुविधा नहीं रहेगी। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना की और छात्र-छात्राओं से इस नीति का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। कार्यशाला में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विवेक महतो, दंडाधिकारी भैया बेसरा, शिक्षकगण राहुल, अजय सोनी, अरुण मंडल, नरेश मंडल, रानी, ऋतु, सौरभ साहा, सुमन, एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी मोहन, सुमित, प्रकाश, बबलू सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।


## सिविल सर्जन द्वारा देर रात्रि सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने बीती रात सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर, विभिन्न वार्डों और विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में पुराने आई.ई.सी सामग्रियों को तत्काल हटाया जाए। ड्रेसिंग रूम एवं आईपीडी वार्ड की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। अस्पताल के पिछे (बैकयार्ड) में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था (लाइट) की व्यवस्था की जाए। एसएनसीयू में ट्रांसपोर्ट इन्क्यूबेटर मशीन की स्थिति के बारे में स्टाफ से जानकारी ली गई। सिविल सर्जन ने एसएनसीयू में चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिया कि मुस्कान प्रमाणन हेतु निर्धारित सभी मापदंडों की पूर्णता तत्काल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी चिन्हित कमियों को शीघ्र दूर किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होने स्टेपडाउन वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। सिविल सर्जन ने वार्ड की स्वच्छता, बेड की स्थिति, माताओं एवं नवजातों को दी जा रही सुविधाओं की जांच की। उन्होंने प्रभारी डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया किः संक्रमण नियंत्रण के सभी मानकों का पालन हो। रिकॉर्ड संधारण व्यवस्थित हो। देखभाल की गुणवत्ता में कोई कमी न हो। उन्होंने दोहराया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जिला स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सावन माह के पवित्र पहली सोमवारी को गंगा डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर किया जलाअभिषेक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : पवित्र श्रावण माह की पहली सोमवारी के अवसर पर अहले सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्नान के उपरांत भक्तों ने शिवालयों में भोलेनाथ को जलार्पण किया। शहर के मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट, शकुन्तला सहाय घाट, गोपाल पुल घाट, चानन कबूतर खोपी घाट, सकरीगली गंगा घाट, महाराजपुर गंगा घाट, राजमहल गंगा घाट सहित विभिन्न गंगा घाटों में हजारों भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाई। शिवगादी, मोतीनाथ धाम, मुरली स्थित बाबा धनेश्वर नाथ धाम सहित विभिन्न शिवालयों में लाखों भक्तों ने भोलेनाथ को जलाभिषेक किया। बरहेट प्रखंड क्षेत्र के शिवगादी धाम स्थित बाबा गाजेश्वरधाम, तालझारी प्रखंड क्षेत्र के मोती झरना स्थित बाबा मोतिनाथ धाम, बरहरवा बिंधवासनी मंदिर, नगर परिषद क्षेत्र के पुलिस लाइन मंदिर, जैप 9 मंदिर, डाकीनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, सब्जी मंडी मंदिर, गंगा घाट स्तिथ शिवालय, बड़तल्ला स्तिथ शिवालय, स्टेशन परिसर शिवालय, जीआरपी मंदिर सहित राजमहल के सूर्य देव घाट स्थित शिव मंदिर, गोदारा घाट स्थित शिव मंदिर नयाबाजार स्थित महामृत्युंजय मंदिर सहित मटियाल, कासिम बाजार, महाजन टोली, मंडई, कटघर, नौगच्छी, जामनगर, सरकंडा आदि के शिव मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं ने जलार्पण कर पूजा-अर्चना की।

## मोतीझरना मोती नाथ धाम मंदिर में एसडीओ ने फीता काट कर किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला के तालझारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महराजपुर मोतीझरना स्थित बाबा मोती नाथ धाम मंदिर में सावन की पहली सोमवारी को पुरोहित प्रमोद झा द्वारा मंत्र उच्चारण कर राजमहल एसडीओ सदानंद महतो, तालझारी सीईओ राम सुमन प्रसाद एवं तालझारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार पाण्डे एवं समिति के सदस्यों को द्वारा नारियल फोड़ कर संयुक्त रूप से फीता काट का उद्घाटन किया।वही पुरोहित प्रमोद झा द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्र उच्चारण कर राजमहल एसडीओ सदानंद महतो, तालझारी सीईओ राम सुमन प्रसाद को शिवलिंग पर पूजा-अर्चना कराया गया। इस मौके पर क्षेत्र का माहौल शिवमय बना रहा। बाबा भोले के जयकारों से पूरा मोती झरना में शिवालय गुंजायमान होते रहे। सुबह से ही भक्तों का सैलाब विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए पहुंचता रहा। सोमवारी को लेकर शिवमंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। सावन की पहली सोमवारी को लेकर सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे। सावन की सोमवारी को शिव पर जलार्पण करने से भक्तों की सारी मनोकामना पूरी हो जाती है। मान्यता है कि सावन में भगवान भोले शंकर को जल, पुष्प व बेलपत्र अर्पण करने से भगवान अपने भक्तों पर प्रसन्न होते हैं।

# सिविल सर्जन की अध्यक्षता में सदर अस्पताल सभागार में हुई समीक्षात्मक बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में सदर अस्पताल साहिबगंज में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल के चिकित्सीय, प्रशासनिक और गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित कई निर्देश दिए गए, जिसका उद्देश्य अस्पताल सेवाओं में पारदर्शिता, अनुशासन और रोगी हित में सुधार लाना है। समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि सभी डॉक्टरों एवं स्टाफ को पानी की थर्मोस्टील फ्लॉक बोतल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया, ताकि प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा मिल सके। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के लिए ड्रेस कोड और नाम बैज अनिवार्य किया गया है। सिविल सर्जन ने स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि वे भी ड्रेस कोड का पालन करेंगे। आईपीडी वार्ड में मरीज के परिजनों के लिए सीमित विजिटिंग समय तय करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि मरीजों को आराम और संक्रमण से सुरक्षा मिल सके। नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वे जेएसएसके योजना की जानकारी एवं शून्य खर्च सुविधा हेतु मरीजों के परिजनों को नियमित रूप से काउंसलिंग करें। सभी डॉक्टर अपने अवकाश की सूचना मुख्यालय छोड़ने से कम से कम 48 घंटे पहले अनिवार्य रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेष परिस्थिती में सक्षम अधिकारी के आदेश से मुख्यालय छोड़ेंगे। एसएनसीयू में बबल कप्पा मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित हेतु निर्देशित किया, ताकि नवजातों की उन्नत देखभाल की जा सके। सदर अस्पताल में पदस्थापित एमपीडब्ल्यू की प्रतिनियुक्ति तत्काल समाप्त कर उन्हें उनके मूल कार्यक्षेत्र में भेजने हेतु निर्देशित किया। विभागीय स्तर पर मानकीकृत रेफरल स्लिप का मुद्रण कर उसका उपयोग अनिवार्य करने हेतु निर्देशित किया। सभी आईपीडी मरीजों से सहमति पत्र (कंसेंट फॉर्म) लिया जाए और रिकॉर्ड रखा हेतु निर्देशित किया। आईपीडी एवं पीएनसी वार्ड में प्रत्येक शिफ्ट में डॉक्टरों द्वारा राउंड किया जाना अनिवार्य होगा। अस्पताल में दवाइयों का बफर स्टॉक बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में आवश्यक दवाएं उपलब्ध हों। बीपीएल मरीजों की सभी जांचें सेंट्रल लैब में की जाएं, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिले। अस्पताल स्टाफ एवं डॉक्टरों के लिए एक कॉफी-टी कॉर्नर की स्थापना हेतु निर्देशित किया। लेबर रूम में एच आईवी टेस्ट किट और हीमोग्लोबिन किट की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हेतु निर्देशित किया गया। ज्ञाने ओपीडी को शीघ्र प्रारंभ हेतु निर्देशित किया गया। जन औषधि केंद्र के लिए शीघ्र निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता सर्वेक्षण टीम ने चाप गांव का किया निरीक्षण



**पाकुड़/ हिरणपुर** : ज़िले के हिरणपुर प्रखंड में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 की शुरूआत की गई। स्वच्छता में अव्वल रहने वाली पंचायत को मंत्रालय की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत सोमवार को स्वच्छ सर्वेक्षण टीम के द्वारा महेशपुर प्रखंड अंतर्गत धर्मखापाड़ा पंचायत के चाप गांव एवं हिरणपुर प्रखंड के केंदुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में स्वच्छता की स्थिति, सूखा कचरा, गीला कचरा प्लास्टिक छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, दिव्यांग के लिए अलग शौचालय भस्मक का निर्माण कंपोस्ट पिट, सोख्ता गड्ढा, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व्यक्तिगत तौर पर MIS के आधार पर व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के स्वतंत्र एजेंसी एकेडमिक स्टडीज मैनेजमेंट के प्रतिनिधि सर्वेक्षणकर्ता स्माइल अंसारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ आनंद प्रसाद सिंह, जिला समन्वयक IEC इमरान आलम, कनीय अभियंता सुवेंदु मिश्रा, जल सहिया पिंकी माल सहित ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न



**साहिबगंज**: जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अनुकम्पा समिति के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 11 मामलों को प्रस्तुत किया गया। डीसी द्वारा सभी आवेदनों की क्रमवार समीक्षा की गई तथा दस्तावेजों की गहन जांच की गई, जिनमें आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजात शामिल थे। जिन आवेदकों के दस्तावेज पूर्ण एवं संतोषजनक पाए गए, उन्हें अनुकंपा के आधार पर एक माह का प्रशिक्षण प्रदान कर विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित करने का निर्णय लिया गया। वहीं, जिन आवेदनों में दस्तावेजों की कमी पाई गई, उन्हें अगले बैठक में पुनः प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर स्थापना समिति की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों से जुड़े सेवा संतुष्टि के 03 मामले, विभागीय कार्रवाई के 09 मामले एवं नियमित प्रोन्नति के 08 मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने कर्मियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण एवं प्रतिनियुक्ति की कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झूनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बरहरवा नगर पंचायत वार्ड नं. 2 में आरसीसी नाले का निर्माण जल्द शुरू



**साहिबगंज**: जिले के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 के काली मंदिर से निशा मैरिज हॉल तक ढक्कन सहित आरसीसी नाले के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जहां पाकुड़ विधायक निसात आलम द्वारा 23 मई 2025 को इस परियोजना का शिलान्यास किया गया था, लेकिन सड़क के कुछ हिस्सों पर अतिक्रमण के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। उधर सोमवार को बरहरवा प्रखंड कार्यालय के अमीन बबलू मालतो द्वारा नापी और चिन्हांकन का कार्य पूरा कर लिया गया। इससे नाले का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रवासियों को जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी। उधर स्थानीय प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस विकास कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### दो दो अलग-अलग घटना में दो बुजुर्ग की हुई मौत




**साहिबगंज/उधवा**: राधानगर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों में दो लोगों की हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार केलाबाड़ी गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक बुजुर्ग व्यक्ति की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दिया गया। मृतक की पहचान पुरेंद्र साहा (60) वर्षीय के रूप में हुई है। आरोप है कि लोगन साहा उर्फ नागेंद्र साहा और कमल साहा ने पुरेंद्र साहा के साथ मारपीट की और फिर गमछे से उनका गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद राधानगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

मानसिक रूप से विक्षिप्त भतीजे ने डंडे से पीटकर चाचा को मारा

वही दूसरे घटना में राधानगर थाना क्षेत्र के साल्टीपोखर गांव में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ भतीजे ने कथित तौर पर डंडे से पीटकर अपने चाचा की जान ले ली। यह घटना रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुई। मृतक की पहचान सुलेमान बास्की (60) वर्षीय पिता चरण बास्की के रूप में हुई है। आरोप है कि उनके भतीजे सुनील बास्की ने डंडे से उन पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सुलेमान बास्की को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि आरोपी सुनील बास्की मृतक का भतीजा है और उसका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। पुलिस ने उसे अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# राहुल गांधी ने पूर्णिया के पीड़ित परिवार से बात की

## पूछाः पुलिस क्या कर रही है? आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे थे टेटगामा गांव

पूर्णिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्णिया के टेटगामा गांव में जिंदा जलाकर मारे गए एक ही परिवार के 5 लोगों के पीड़ित परिवार से मोबाइल पर बातचीत की है। दरअसल, रविवार को अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विक्रांत भूरिया पूर्णिया के टेटगामा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और कॉल लगाकर पीड़ित परिवार से राहुल गांधी की बातचीत कराई। राहुल गांधी को कॉल लगाकर विक्रांत भूरिया ने बताया कि बाबूलाल उरांव पांच भाई थे, जिनमें से चार भाई बचे हैं। चारों भाइयों के साथ बैठा हूं। आपसे पीड़ित परिवार की बात करानी थी। फिर वे बाबूलाल उरांव के भाई को फोन देते हैं।

राहुल गांधी- हैलो, नमस्कार

बाबूलाल के भाई- नमस्कर, बोलिए सर

राहुल गांधी- कैसे हैं आप, क्या हुआ भइया?

बाबूलाल के भाई- रामदेव का बेटा था। खेत में काम करने गया। घर आया खाना खाकर दोबारा खेत की ओर गया। लड़के की मां के हाथ में कुछ था, जिससे उन्होंने बेटे को मारा। ऐसा कहा जा रहा है, क्योंकि किसी ने ऐसा होते नहीं देखा। घर आया और बेहोश होकर गिरा और उसकी मौत हो गई।

राहुल गांधी- किसने मारा, बच्चे को चोट कहां लगी थी?

बाबूलाल के भाई- हम लोगों ने देखा ही नहीं, तो कैसे बताएं कि किसने मारा, कहां चोट लगी थी।

राहुल गांधी- कौन लोग थे, जिन्होंने लड़के को मारा?



बाबूलाल के भाई- परिवार में झगड़ा हुआ था, परिवार के ही किसी सदस्य ने लड़के की पिटाई की। जो बच्चा मरा, हम लोग उसके पड़ोसी हैं। फिर हम लोगों पर डायन का आरोप लगाकर मृतक के परिवार के लोगों ने कहा कि तुम पांचों भाइयों की हत्या कर देंगे। आरोपियों ने उसी दिन कहा कि पंचायत बैठाएंगे। हम लोगों को लगा कि मुखिया और सरपंच आएंगे ही। कोई बात नहीं पंचायत बैठनी चाहिए।

राहुल गांधी- पुलिस वालों ने क्या किया, पुलिस वाले क्या कह रहे हैं, क्या कर रहे हैं?

बाबूलाल के भाई- जब पंचायत वगैरह बैठी थी, तब पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। मेरे भाई और उसके परिवार को जलाकर मारने के पहले की बात बता रहा हूं सर। उसी दिन आरोपियों ने हम लोगों के साथ और बाबूलाल के परिवार के साथ मारपीट की।

फोन लेने के बाद विक्रांत भूरिया ने राहुल गांधी से बात करते हुए कहा कि घटना वाले दिन आरोपी बाबूलाल के भाइयों को भी पकड़कर लाए थे। चारों भाइयों के सामने ही बाबूलाल की आरोपियों ने जमकर पिटाई की, बुरी तरह मारा। पत्नी सीता, मां कातो देवी को भी बुलाकर मारा, इसके बाद उन्हें जला दिया।

राहुल गांधी- कितने लोग घटना में मरे हैं।

विक्रांत भूरिया- टोटल पांच लोग घटना के शिकार हुए हैं। पांच लोगों को जिंदा जलाया गया है।

राहुल गांधी- पुलिस वाले अभी क्या कर रहे है?

विक्रांत भूरिया- पुलिस ने तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। कुल मिलाकर 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। तीन लोगों को पकड़ा गया है। 23 नामजद हैं। अभी गांव के लोग घबराए हुए हैं, इसलिए खुलकर बोलने से डर रहे हैं।

इससे पहले विक्रांत भूरिया ने पीड़ित परिवार के परिजनों से मुलाकात की, उनके दर्द को समझा और घटना की विस्तृत जानकारी ली। पीड़ित परिवार से मुलाकात में उन्होंने कहा कि पूर्णिया के टेटगामा गांव में 6 जुलाई की रात हुई



आदिवासी परिवार के 5 सदस्यों की निर्मम हत्या न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि यह सामाजिक अन्याय, अंधविश्वास, और दमन की क्रूर तस्वीर प्रस्तुत करती है। इस जघन्य अपराध ने पूरे बिहार को झकझोर दिया है और समाज में व्याप्त अज्ञानता, पाखंड, और असमानता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि गांव में आदिवासी और दलित समुदाय भय, असमानता, और दबंगों के दबदबे के साए में जी रहा है। उनकी आजीविका हाशिए पर है, और सामाजिक-आर्थिक पिछड़ापन उनकी जिंदगी को और कठिन बना रहा है। पीने को शुद्ध पानी नही है, काम नहीं है, सड़क नहीं है साथ हीं अंधविश्वास का घोर प्रकोप फैला है। घटना मानवता पर कलंक है। अंधविश्वास और अशिक्षा ने एक निर्दोष परिवार को खत्म कर दिया। यह सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों और दबंगों की ताकत का परिणाम है। हमारी सरकार और समाज को मिलकर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। विक्रांत भूरिया ने कहा कि हमारी मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच हो, और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए। पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाए। अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार हो। आदिवासी और दलित समुदायों के लिए आजीविका और सुरक्षा के विशेष उपाय किए जाएं। भूरिया ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ हरसंभव सहायता का वादा किया। साथ ही घटना से संबंधित डीएम और एसपी से मिल कर जल्द करवाई का आग्रह किया और गांव की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, शिक्षा, आवास,स्वास्थ्य, पानी और अंधविश्वास को लेकर जागरूकता बढ़ाने का अभियान चलाने की बात कही। साथ ही सरकार परिवार के आर्थिक स्थिति को देखते हुए त्वरित आर्थिक सहायता करते हुए मुआवजा की घोषणा करे।

## संक्षिप्त डायरी

### सीएम नीतीश कुमार ने अथमलगोला में ताजपुर पुल निर्माण का किया निरीक्षण, धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी



पटना। जिले के बार अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला क्षेत्र में गंगा नदी पर बन रहे बहुप्रतीक्षित ताजपुर पुल (ड्रीम प्रोजेक्ट) के निर्माण कार्य का शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने लगभग आधे घंटे तक परियोजना स्थल का दौरा किया और निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य में अब और ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पुल निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पटना प्रमंडल आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।2014 में शुरू हुआ था ड्रीम प्रोजेक्ट, लागत में हुई वृद्धि

बताया गया कि ताजपुर पुल परियोजना की शुरूआत वर्ष 2014 में हुई थी। प्रारंभिक लागत 1608 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर करीब 2543 करोड़ रुपये हो चुकी है। यह पुल परियोजना तीन भागों में विभाजित हैः

चक लाल तक का कार्य पूर्ण हो चुका है।

चक लाल शाही से डुमरी तक और

डुमरी से करजान तक का कार्य अभी प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर बनाए जा रहे पिलर एक से सात तक की लॉचिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया और करजान से कास्टिंग यार्ड तक का दौरा भी किया। उन्होंने भू-अर्जन और राशि संबंधित समस्याओं की समीक्षा करते हुए आश्वासन दिया कि राशि की कमी के कारण परियोजना प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस ड्रीम प्रोजेक्ट को 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। यह पुल बख्तियारपुर से समस्तीपुर तक के मार्ग को जोड़ेगा, जिससे यात्रियों को लगभग 60 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी होगी और 4 घंटे तक का समय बचाया जा सकेगा।इस पुल के निर्माण से महात्मा गांधी सेतु और राजेंद्र सेतु पर यातायात का दबाव भी काफी हद तक कम होगा, जिससे पूरे क्षेत्र में यातायात सुगमता और कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार आएगा।

### पत्नी ने पंचायत रोजगार सेवक की हत्या कराई थी



मुजफ्फरपुर। 7 जुलाई को घर में घुसकर अपराधियों ने गला रेतकर पंचायत रोजगार सेवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लिया है। प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक अफेयर के चलते पति की हत्या करवाई थी। पत्नी की निशानदेही पर घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हत्या में दो अपराधियों के शामिल होने के सबूत मिले हैं। आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पुलिस मामले का खुलासा करेगी। पुलिस ने मोबाइल कॉल डिटेल और डीवीआर से मिले साक्ष्य के आधार पत्नी सबा फिरदौस को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान मुमताज अहमद (38) के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से वैशाली के रहने वाले थे। मुमताज को 12 बार चाकू मारा गया था। कमरे में खून से सनी लाश फर्श पर पड़ी थी। बेड पर कैश बिखरा था। घटना सोमवार सुबह 3 बजे काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के राम राजी रोड की है। मुमताज और सबा फिरदौस की शादी 2012 में हुई थी। दो बेटी और एक बेटा है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान कई खुलासे हुए हैं। पत्नी का किसी से अफेयर चल रहा था। इस वजह से पति को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची थी। फिलहाल प्रेमी अभी फरार है। जिस चाकू से हत्या की गई थी, उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। हत्या की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच पड़ताल की गई। सबा फिरदौस से पूछताछ की गई। वो बार-बार अपना बयान बदल रही थी। पहले बताया कि बिजली कटने के कारण उसकी नींद खुली तो देखा कि पति की हत्या हो गई है। बाद में बताया कि अपराधी ने उसे चाकू की नोंक पर बंधक बना लिया था। उसके सामने ही पति की हत्या की गई है। सिटी एसपी कोटा किरण ने बताया कि जांच के दौरान कुछ साक्ष्य मिले हैं। जिसके आधार पर पत्नी को हिरासत में लिया गया है। अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# 91वीं बिहार स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का भव्य समापन

## खिलाड़ियों ने बटोरे दर्जनों पदक

पटना। पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में आयोजित 91वीं बिहार स्टेट जूनियर एंड सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 13 जुलाई तक चले इस चार दिवसीय आयोजन में राज्यभर के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। समापन समारोह में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण, निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी, पूर्व निदेशक संजय कुमार सिन्हा, उप निदेशक हिमांशु सिंह, क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार, मोहम्मद हारुन, मोनूकांत तथा बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लियाकत अली एवं टूर्नामेंट मैनेजर





एएमई शम्सी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

चौथे दिन के मुख्य परिणाम इस प्रकार रहेः

100 मीटर दौड़

पुरुष वर्गः कुश कुमार (भागलपुर) ने स्वर्ण, शुभम रॉय (पटना) ने रजत, और अतुल आनंद (पटना) ने कांस्य पदक जीता।

अंडर-23 बालकः विभास्कर कुमार (सारण) ने स्वर्ण, करण कुमार सिंह व जीवेश कुमार (बांका) ने रजत।

अंडर-20 बालकः सौरव कुमार (पश्चिम चंपारण) - स्वर्ण, शाषिकेश (भागलपुर) - रजत, सोनू कुमार (समस्तीपुर) - कांस्य।

अंडर-23 बालिकाः शीतल कुमारी (मधेपुरा) - स्वर्ण, सुकृति राज (पटना) - रजत, आरती कुमारी (गया) - कांस्य।

महिला वर्ग व अंडर कैटेगरी में प्रभावशाली प्रदर्शन

अंडर-18 बालिका वर्ग में प्रियांशी (पटना) ने 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीता, वहीं खुशी कुमारी (भागलपुर) ने 400 मीटर दौड़ में बाजी मारी।

अंडर-20 बालिका वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में स्वीटी कुमारी (गया) ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

महिला वर्ग के 10 किलोमीटर दौड़ में सोनी प्रिया (भागलपुर) ने स्वर्ण पदक जीत कर शानदार प्रदर्शन किया।

भाला फेंक और लंबी कूद में उत्कृष्टता

पुरुष भाला फेंक में अरुण मोदी (जमुई) और महिला वर्ग में अंजली कुमारी (जमुई) ने स्वर्ण पदक जीते।

अंडर-23 बालक वर्ग की लंबी कूद में शिशुपाल पांडेय (भागलपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

स्टीपलचेस और ट्रिपल जंप में रोचक प्रतिस्पर्धा

पुरुष वर्ग की 3000 मीटर स्टीपलचेस में प्रिंस (पटना) ने पहला स्थान हासिल किया।

ट्रिपल जम्प (अंडर-20) में सन्नी राज (औरंगाबाद) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-23 में आदित्य राज (पटना) विजयी रहे।

# बिहार में शुरू हुई बालू के घाटों की नीलामी



पटना। इस वर्ष अक्टूबर से एक बार फिर राज्य की नदियों से खनन शुरू होने से पहले खान एवं भूतत्व विभाग ने उन घाटों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनकी आरक्षित राशि अधिक होने या आकार बड़ा होने के कारण नीलामी नहीं हो सकी थी। पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न नदियों के जिन घाटों की नीलामी नहीं हो पाई थी, उनकी भी समीक्षा की गई। घाटों की नीलामी नहीं होने का कारण समझने के बाद मंत्री ने अधिकारियों को ऐसे घाटों की समीक्षा करने और उन्हें सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। आवश्यकता पड़ने पर उन घाटों की नीलामी के लिए संशोधन का प्रस्ताव भी दिया जा सकता है, जिनकी नीलामी के लिए सरकार ने आरक्षित राशि रखी है और वह अधिक लगती है। मंत्री ने जिलों के सहायक निदेशकों एवं खनिज विकास पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निश्चित समयावधि के भीतर बालू घाटों की नीलामी का कार्य करें। उन्होंने इस संबंध में समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराने के साथ ही इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का भी निर्देश दिया। बैठक में मंत्री के अलावा विभाग के सचिव और निदेशक तथा जिलों के खनिज विकास पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# करोड़ों की जमीन विवाद में वकील की हत्या का शक

पटना। रविवार की दोपहर सुल्तानगंज थाने से सटे बीच सड़क पर अपराधियों ने जितेन्द्र कुमार महतो को गोली मार दी। करोड़ों की पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मार्केट में सड़क किनारे कई छोटे प्लाट थे। उसमें से एक जमीन मस्जिद के पास की भी थी। इस पर भी भूमाफियाओं की निगाह थी। इस मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं। हमलावर बाइक से आए थे। गोली मारकर हथियार लहराते हुए गली से भाग गए। जितेंद्र की इलाज के दौरान ढटउल्ह में मौत हो गई। वे पेशे से वकील थे। सिविल कोर्ट और पटना हाईकोर्ट दोनों जगह प्रैक्टिस करते थे। जितेंद्र की 5 संतानें हैं, इसमें दो बेटा और तीन बेटी हैं। रविवार दोपहर घर से पैदल रोड पर चाय पीने के लिए निकले थे। चाय पीकर लौट रहे थे, उससे 40 कदम



पहले उन्हें सड़क पर अपराधियों ने गोली मार दी। तीन राउंड उन पर गोलियां दागी गईं। अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। इसके बाद पुलिस पहुंचीं। घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए गए हैं। FSL, डॉग स्क्वॉड की टीम भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। जिस वक्त उन पर फायरिंग हुई, उस वक्त सड़क पर काफी चहलकदमी थी। राहगीर वहां से गुजर रहे थे। आस-पास की दुकानें भी खुली थीं। मृतक की पत्नी ने बताया कि कभी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। सभी की मदद करते थे। रविवार को भोजन के लिए बोली थी। लेकिन, बोले कि रोड पर से आ रहा हूं, खाना भी नहीं खाए। सबसे मिलते जुलते रहते थे। सबके साथ उनके संबंध अच्छे थे। सिर्फ परिवार में ही विवाद होता था। छोटी बेटी नेहा ने बताया कि एक सप्ताह पहले मस्जिद के पास की जमीन पर घर बनाने के दौरान चाचा लोगों से लड़ाई झगड़े हुए थे। इस जमीन को लेकर अक्सर चाचा लोगों से विवाद चल रहा था। छोटे भाई की पत्नी ने बताया कि मेरा घर बन रहा था। इस दौरान छज्जा निकालने को लेकर विवाद बढ़ा था। यह सब एक सप्ताह पहले की बात है। अब किसने क्यों गोली मार दी, कुछ कह नहीं सकते। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। परिवार के लोगों से भी बातचीत की जा रही है।

# देवघर में डेढ़ लाख कांवरिए पहुंचे

देवघर। सावन की आज पहली सोमवारी है। भक्त सुबह से ही शिवालयों में लंबी कतार में लगे हैं। देवघर में भी सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं की 8डट लंबी कतार लगी है। भक्त लाइन में खड़े होकर बम भोले का जयकारा लगा रहे हैं। देवघर में तड़के सुबह 3 बजे मंदिर का द्वार खुलते ही बोल बम के जयकारों से पूरा मंदिर गूंज रहा है। पट खुलने के बाद कांचा जल और प्रातः कालीन पूजा की गई। इसके बाद 4 बजे से कांवरियों ने जल चढ़ाना शुरू किया है। हर मिनट में 180 लोग मंदिर के अंदर अरघा में जल चढ़ा रहे हैं। बाहरी अरघा में हर मिनट 30-40 श्रद्धालु जल चढ़ा रहे हैं। अब तक 50 हजार कांवरिए जल चढ़ा चुके हैं।डेढ़ लाख से ज्यादा मंदिर में मौजूद हैं। मंदिर में ढाई लाख भक्तों के होने का अनुमान है। पहली सोमवारी को 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जल चढ़ा सकते है। श्रावण के एक महीने तक श्क्ढ दर्शन पर रोक लगी है। बीते तीन दिनों में 3.50 लाख से अधिक श्रद्धालु जल चढ़ा चुके है। पिछले साल 48 लाख लोगों ने जल चढ़ाया था। इस साल 50 लाख से अधिक



लोगों के जल चढ़ाने का अनुमान है। जिला कलेक्ट्रेट नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि इस बार मेले की तैयारी बाकी साल की तुलना में बेहतर की गई है। एक महीने तक मेले में वीआईपी पूजा बंद है। इसके अलावा शीघ्र दर्शन की व्यवस्था भी रविवार और सोमवार को बंद रहेगी, ताकि आम श्रद्धालु भी दर्शन कर सके और जल चढ़ा सके। जिला कलेक्ट्रेट ने बताया कि पूरे मेले की व्यवस्था को मैनेज करने के लिए बिहार और झारखंड के बॉर्डर के जिला प्रशासन के साथ समन्वय बना कर हम कांवरियों को काउंट करते है। इसके अलावा देवघर में भी टोकन से कांवरियों की काउंटिंग की जाती है। बस और ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं का भी हेड काउंट अक कैमरे की मदद से किया जा रहा है। शहर में अक कैमरे लगाए गए है। यह कैमरा हेवी क्राउड वाले एरिया को तुरंत डिटेक्ट करता है। जिसके बाद ड्यूटी पर लगे पुलिस वाले और ट्रैफिक पुलिस उस एरिया में क्राउड मैनेज करती है। जो श्रद्धालु जल चढ़ा लेते है, वो लोग मेले से बाहर निकलते रहे, इसको लेकर भी लगातार मॉनिटरिंग की जाती है। देवघर शहर के बाहर कई टेंट सिटी बनाए गए है, जहां श्रद्धालु ठहर सकते है। इसके अलावा शहर के बाहर ही पार्किंग बनाया गया है। सावन की पहली सोमवारी में बाबा नगरी कहा जाना वाला देवघर पूरी तरह से भगवान शिव की भक्ति में डूब गया है। भक्त नाचते-झूमते बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। औरंगाबाद के देवकुंड स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में काफी भीड़ है। मंदिर को फूलों से सजाया गया है। कांवड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के बाहर पंडाल लगाया गया है। भक्त लाइन में खड़े होकर बम भोले का जयकारा लगा रहे हैं। देवघर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में काफी भीड़ है। एक मिनट में करीब 180 कांवरिए जलाभिषेक कर रहे हैं। अरघा से जल बाबा बैद्यनाथ पर चढ़ाया जा रहा है। बक्सर के प्रसिद्ध ब्रह्मपुर धाम में ब्रह्मेश्वरनाथ धाम मंदिर को फूलों से सजाया गया है। भक्तों की भारी भीड़ है। बगहा के रामनगर स्थित नीलकंठ नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम से जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सुबह तीन बजे से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की लंबी कतार है।



## मलाई से घी बनाते समय कमरे में फैली बदबू को इन हैक्स से करें दूर, अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

अगर आप छोटे अपार्टमेंट में रहते हैं तो घी की गंध से नाक में दम हो सकता है। वहीं इस दौरान यदि घर में कोई मेहमान आ जाए, तो वह भी बहुत असहज हो सकता है। अगर आप भी घी बनाते हुए आने वाली गंध पसंद नहीं है, तो आप हैक की मदद ले सकते हैं।

स्वास्थ्य के लिए घी बहुत ही अच्छा माना जाता है। भारतीय घरों में घी का खूब इस्तेमाल होता है। मार्केट में सबकुछ मिलावटी मिलने लगा है। मिलावटी और नकली घी स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। इस कारण आज भी बहुत सारे घरों में खुद से मलाई से घी तैयार किया जाता है। लेकिन जब घी बनाया जाता है, तो इसकी गंध बहुत तेज निकलती है। इसकी महक इतनी ज्यादा तेज होती है कि घर में दम घुटने लगे।

ऐसे में अगर आप छोटे अपार्टमेंट में रहते हैं तो घी की गंध से नाक में दम हो सकता है। वहीं इस दौरान यदि घर में कोई मेहमान आ जाए, तो वह भी बहुत असहज हो सकता है। अगर आप भी घी बनाते हुए आने वाली गंध पसंद नहीं है, तो आप हैक की मदद ले सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घी बनाने के दौरान आने वाली बदबू को कैसे दूर किया जा सकता है।

इस चीज से दूर होगी घी की बदबू

घी से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए आप विनेगर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए जब भी आप घी बनाएं, तो एक गिलास में सिरका भरकर गैस के बगल में रख दें। सिरका एक नेचुरल स्मेल ऑब्जर्वर की तरह काम करता है। यह हवा में मौजूद गंध को सोख लेता है। यह घी की तेज गंध को रोकने में सहायता करता है।

विनेगर

विनेगर में एसिटिक एसिड मौजूद होता है, जोकि हवा में मौजूद पार्टिकल्स को न्यूट्रलाइज करने का काम करता है। यह बदबू को खत्म करता है, जोकि रसोई में बहुत काम आ सकता है। इससे न सिर्फ घी की बल्कि अन्य कई तरह की दूसरी बदबू भी दूर कर सकते हैं।

ऐसे दूर करें बदबू

इसके अलावा आप अन्य कई तरीकों से भी घी की बदबू को दूर किया जा सकता है। इसके लिए आप किचन में एसेंशियल ऑयल भी रख सकते हैं, इससे भी महक दूर होगी।

बता दें कि घी की महक को दूर करने के लिए इसको बनाने के दौरान किचन की खिड़की को खुला रखें। साथ ही एग्जॉस्ट फैन को भी ऑन रखें।

## रोज सुबह की ये चार आदतें किडनी को रखेंगी हेल्दी, आज ही रूटीन में करें शामिल

जब किडनी पर अधिक बोझ पड़ने लगता है तो यह ठीक तरीके से काम नहीं कर पाते हैं। जिससे शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा होने लगते हैं। इसलिए किडनी को डिटाक्स करना काफी जरूरी होता है। किडनी का डिटॉक्स करने से अंगों की कार्यक्षमता में सुधार होता है।

किडनी हमारे शरीर के सबसे जरुरी अंगों में से एक है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने, चयापचय प्रक्रियाओं को संतुलित करने और खून को साफ करने में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन जब किडनी पर अधिक बोझ पड़ने लगता है तो यह ठीक तरीके से काम नहीं कर पाते हैं। जिससे शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा होने लगते हैं। इसलिए किडनी को डिटाक्स करना काफी जरूरी होता है। किडनी का डिटॉक्स करने से अंगों की कार्यक्षमता में सुधार होता है। वही शरीर में ऊर्जा का सही संतुलन बना रहता है। वहीं आजकल की अनहेल्दी लाइफस्टाइल, प्रदूषण, गलत खानपान और स्ट्रेसफुल लाइफस्टाइल की वजह से किडनी पर अधिक बोझ पड़ता है। वहीं डिटॉक्स प्रोसेस से इन अंगों को आराम मिलता है और वह अपनी कार्यक्षमता को भी बनाए रख पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह की चार ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको डेली रूटीन में शामिल करके आप किडनी को डिटॉक्स करके स्वस्थ रख सकते हैं।


गुनगुने पानी में नींबू डालकर पिएं – सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीने से लिवर डिटॉक्स करने में सहायता मिलती है। नींबू में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जोकि किडनी को शुद्ध करने और पाचन में सुधार का काम करते हैं। सुबह की यह आदत शरीर हाइड्रेटेड रखने में सहायता करती है।


ग्रीन टी या हर्बल टी पिएं – सुबह के समय आप चाय या कॉपी भी जगह हर्बल टी या फिर ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं। ग्रीन टी में कैटेचिन्स पाए जाते हैं, जो किडनी की सफाई करने में सहायता करते हैं और उसकी कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। डेंडेलियन या तुलसी की चाय किडनी की सफाई में भी फायदेमंद साबित हो सकती है।

फल खाएं – सुबह के समय नाश्ते में पानी से भरपूर फल जैसे खीरा, तरबूज, अंगूर या संतरा आदि का सेवन करना चाहिए। यह फल शरीर को हाइड्रेट रखते हैं और किडनी से विषाक्त पदार्थों को निकालने में भी सहायता करते हैं। फलों में मौजूद नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स किडनी की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं।

डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें – बता दें कि सुबह की शुरूआत योग और गहरी सांस लेने वाली एक्सरसाइज से करनी चाहिए। डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने से बॉडी में ऑक्सीजन लेवल बढ़ता है, साथ ही यह विषाक्त पदार्थों को निकालने में सहायता करता है। गहरी सांस लेने से अंगों को डिटॉक्स होने में सहायता मिलती है। इसके अलावा आप धनुरासन, भुजंगासन और कपालभाति प्राणायाम कर सकते हैं, यह किडनी के लिए फायदेमंद होते हैं।







# बारिश के मौसम ये गलती ना कर बैठना ये खाते ही पेट हो जाएगा खराब

**मॉनसून का मौसम हर किसी को बहुत पसंद होता है। बारिश की ठंडी बूंदें, हरियाली और ठंडी हवा का आनंद सबको भाता है। लेकिन मॉनसून के मौसम में खाने-पीने को लेकर थोड़ा सावधानी बरतनी बहुत जरूरी होती है। इस मौसम में कई तरह की बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि नमी और ठंडक की वजह से बैक्टीरिया और वायरस तेजी से पनपते हैं। ऐसे में कुछ खास फूड्स ऐसे होते हैं जिन्हें मॉनसून में बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए, वरना सेहत को गंभीर नुकसान हो सकता है।**

आज हम आपको मॉनसून में न खाने वाले पांच फूड्स के बारे में बताएंगे, ताकि आप इस बारिश के मौसम का मजा लें और बीमारियों से बच सकें।

### बाहर का खाना

मॉनसून में बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। खासकर सड़क किनारे मिलने वाले पकौड़े, समोसे, पकोड़े और अन्य स्नैक्स में नमी की वजह से बैक्टीरिया पनप सकते हैं। बारिश के कारण सड़कें गीली और कीचड़ से भरी होती हैं, जिससे भोजन में गंदगी आसानी से लग जाती है। इससे खाना तुरंत खराब हो सकता है और खाने के बाद पेट में दर्द, एसिडिटी, उल्टी-दस्त जैसी परेशानियां हो सकती हैं। अगर बाहर खाना हो भी तो हमेशा साफ-सफाई का ध्यान रखें और सुनिश्चित करें कि खाना ताजा और गर्म हो। घर पर ही ताजा और साफ-सुथरा खाना बनाएं और खाएं।

### पके हुए फल और कटे हुए सलाद

मॉनसून में खुले में रखे कटे हुए फल और सलाद बिल्कुल न खाएं। बारिश की नमी और हवा में मौजूद कीटाणु इन फलों और सलादों पर जल्दी लग जाते हैं। ऐसे फल और सलाद अगर ठीक से धोएं नहीं जाते हैं तो उनमें बैक्टीरिया और कीड़े-पतंगे आसानी से पहुंच जाते हैं। इससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है, जिसके कारण उल्टी, दस्त, और पेट दर्द हो सकता है। फलों को अच्छे से धोकर छीलकर ही खाएं। सलाद को ताजा बनाएं और घर पर ही साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। अगर बाहर खाने का मन हो तो पैकेज्ड और अच्छे तरीके से पैक किए गए फल या सलाद लें।

### डेयरी प्रोडक्ट्स (दूध, पनीर, दही)

मॉनसून में दूध और उससे बने उत्पादों के सेवन में सावधानी बरतनी चाहिए। बारिश के मौसम में दूध जल्दी खराब हो जाता है, जिससे उसमें बैक्टीरिया का विकास होता है। खराब दूध पीने से पेट में इंफेक्शन, दस्त और अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पनीर और दही भी यदि ठीक से स्टोर न किया जाए तो इससे भी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। सभी डेयरी प्रोडक्ट्स को ठंडे और साफ वातावरण में रखें। अगर आपको दूध खरीदना हो तो फ्रिज में ठंडा दूध लें और तुरंत इस्तेमाल करें। पनीर और दही भी हमेशा फ्रिज में रखें और पुराना सामान न खाएं।

### तली हुई और ज्यादा मसालेदार चीजें

मॉनसून में तला हुआ और ज्यादा मसालेदार खाना खाने से बचें। बारिश के मौसम में पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है और भारी तले हुए भोजन से पेट में भारीपन, एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार खाना भी कई बार पेट की परेशानी को बढ़ा देता है। मॉनसून में हल्का और पौष्टिक खाना खाएं। ज्यादा तेल-मसाले वाली चीजों से बचें। आप उबला हुआ खाना, सूप, दलिया, और सब्जियां ज्यादा खाएं ताकि आपकी पाचन क्रिया ठीक रहे।

### बासी और खराब खाना

बारिश के मौसम में खाना जल्दी खराब हो जाता है। अगर आप बासी खाना खा लेते हैं तो आपको बहुत सारी बीमारियां हो सकती हैं। बासी खाना खाने से पेट में संक्रमण हो सकता है, उल्टी-दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मॉनसून में खास तौर पर खाने को अच्छे से ढक कर रखना चाहिए। खाना ताजा बनाएं और तुरंत खाएं। बचा हुआ खाना फ्रिज में रखें और दोबारा इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह गर्म करें। बासी खाना बिल्कुल न खाएं।

### मॉनसून में सुरक्षित रहने के लिए कुछ अन्य टिप्स

मॉनसून में हमेशा साफ-सफाई का खास ध्यान रखें।

खाने से पहले और बाद में हाथ धोएं।

भरपूर पानी पिएं, लेकिन बाहर के खुले पानी से बचें।

ताजा और अच्छी क्वालिटी के फलों और सब्जियों का सेवन करें।

अपने आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखें ताकि मच्छरों और कीटाणुओं का प्रकोप न हो।

मौसम के अनुसार अपनी डाइट में बदलाव करें और भारी भोजन से बचें।

मॉनसून का मौसम तो बहुत ही खूबसूरत होता है, लेकिन साथ ही यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी थोड़ा संवेदनशील होता है। इस मौसम में खाना-पीना लेकर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। ऊपर बताई गई पांच चीजें मॉनसून में बिल्कुल न खाएं ताकि आप बीमारियों से बच सकें और स्वस्थ रह सकें। हमेशा ताजा, साफ और संतुलित भोजन करें ताकि यह मौसम आपके लिए खुशियों और सेहत से भरा रहे।



# मानसून हेल्थ टिप्स: बारिश के मौसम में कैसी होनी चाहिए डाइट?



मानसून की शुरुआत देश के कई हिस्सों में हो चुकी है। बारिश के इस मौसम में मौसम तो खुशनुमा होता है, लेकिन साथ ही यह बीमारियों का खतरा भी साथ लाता है। ऐसे में सेहत का खास ध्यान रखना जरूरी होता है, खासकर हमारी डाइट यानी खाने-पीने की आदतों का।

बारिश के कारण जगह-जगह गंदा पानी जमा हो जाता है, जिससे मच्छर पनपते हैं और डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही, इस मौसम में हवा में नमी होती है, जिससे बैक्टीरिया और वायरस तेजी से फैलते हैं। ऐसे में खासतौर पर कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों को सतर्क रहने की जरूरत होती है।

### हल्का और घर का बना खाना खाएं

मानसून के समय भारी और तले-भुने खाने से बचना चाहिए। जंक फूड या ओवरऑयली खाना खाने से फूड पॉइजनिंग, गैस, कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस मौसम में आप लौकी, करेला, टिंडा, तोरी, और दलिया जैसी हल्की चीजें खाएं। ये ना सिर्फ पचने में आसान होती हैं, बल्कि इम्युनिटी भी बढ़ाती हैं।

### मौसमी फल जरूर खाएं

बारिश के समय मिलने वाले फ्रेश फल जैसे – आम, संतरा, तरबूज, खरबूजा खाने से शरीर को जरूरी पोषण और विटामिन्स मिलते हैं। ये फल आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) को मजबूत करते हैं और बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

### गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें

मानसून में ठंडे ड्रिंक्स या कोल्ड ड्रिंक पीने से गला खराब, जुकाम, खांसी जैसी परेशानियां हो सकती हैं। बेहतर होगा कि आप गर्म पानी, हल्दी वाला दूध, अदरक-तुलसी का काढ़ा, या हर्बल चाय पिएं। इससे शरीर हाइड्रेट भी रहेगा और इन्फेक्शन से बचाव भी होगा।

### प्रोबायोटिक्स को डाइट में शामिल करें

इस मौसम में पाचनतंत्र का ख्याल रखना जरूरी है। दही और छाछ जैसे प्रोबायोटिक फूड्स पेट के लिए फायदेमंद होते हैं। ये पाचन क्रिया सुधारते हैं और आपकी गट हेल्थ को मजबूत करते हैं।

### जंक फूड और स्ट्रीट फूड से दूरी बनाएं

बरसात में गंदगी और नमी के चलते बाहर के खाने में अक्सर हाइजीन की कमी होती है। इसलिए स्ट्रीट फूड, कटे-फटे फल, और बासी खाने से बचें। इससे फूड पॉइजनिंग और संक्रमण का खतरा हो सकता है। मानसून का मौसम भले ही सुहावना हो, लेकिन सेहत के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि आप साफ-सुथरा, हल्का और पोषक खाना खाएं। इम्युनिटी को मजबूत रखें और फालतू के खाने से दूरी बनाएं।



# शुभमन गिल ने इंग्लैंड में बल्ले से मचाया कोहराम, राहुल द्रविड़ का पुराना रिकॉर्ड तोड़ डाला



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने 13 जुलाई को इंग्लैंड की धरती पर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पूर्व भारतीय क्रिकेटर राहुल द्रविड़ का 23 साल पुराना रिकॉर्ड धवस्त किया। गिल इंग्लैंड की धरती पर किसी टेस्ट सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में गिल ने 2 रन बनाने के साथ ही ये बड़ा मुकाम अपने नाम किया है।

वहीं शुभमन गिल के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में 3 मैचों की 6 पारियों में अब तक कुल 603 रन बना लिए हैं। दरअसल, साल 2002 में राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज में 602 रन बनाए थे। इंग्लैंड में भारत के लिए टेस्ट सीरीज में द्रविड़ ही सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय थे, लेकिन अब शुभमन गिल ने केवल तीन मैचों की 6 पारियों में 603 रन बनाकर उन्हें पछाड़ दिया हैं।

लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में गिल सिर्फ 16 रन बना सके थे, लेकिन दूसरी पारी में 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर दो रन लेकर उन्होंने द्रविड़ का 23 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

वहीं भारत के लिए टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 टेस्ट में 732 रन बनाए थे। गिल के पास अब कोहली और गावस्कर दोनों के रिकॉर्ड तोड़ने का बेहतरीन मौका है।

किंग कोहली ने बतौर कप्तान 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच में 655 रन बनाए थे। वहीं साल 2017 में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों में 610 रन बनाए थे।

# बेन डकेट को आउट कर उग्र हुए सिराज, आईसीसी ने ठोका जुर्माना, एक डिमेरिट अंक भी जुड़ा



**लॉर्ड्स(एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान बेन डकेट को आउट करने के बाद उग्र होने के लिए मैच फीस का 15त्न जुर्माना लगाया है। सिराज को जुर्माने के अलावा एक और डिमेरिट अंक भी दिया गया है।

यह घटना मैच के चौथे दिन हुई थी जब उन्होंने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज को आउट किया था। सिराज ने इंग्लिश बल्लेबाज को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में विदाई दी जिसमें उनके चेहरे पर जोर से जश्न मनाना और आउट होने के बाद उनसे टकराना भी शामिल था।

सिराज को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, हरकतें या हाव-भाव का इस्तेमाल करने या बल्लेबाज को भड़काने से संबंधित है। सिराज को जुर्माने के अलावा एक और डिमेरिट अंक भी दिया गया है।

पिछले 24 महीनों में सिराज का यह दूसरा ऐसा अपराध था, जिसका मतलब है कि अब उनके रिकॉर्ड में 2 डिमेरिट अंक हैं। अगर 24 महीने की अवधि समाप्त होने से पहले उनके 4 डिमेरिट अंक हो जाते हैं तो उन पर स्वतः ही एक मैच का निलंबन लग जाएगा।

# भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को बड़ी जिम्मेदारी, इस आईपीएल टीम ने बनाया कोच



**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है।'

आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे। 35 साल के आरोन ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी का खेल था। झारखंड के इस 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने पर उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में आस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्राथ के साथ एक कोच के रूप में कुछ समय के लिए काम किया था।

आरोन करियर की शुरुआत में एक युवा तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई थी जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को पार करने में सक्षम था। भारतीय क्रिकेट के शीर्ष अधिकारियों ने उस समय आरोन और उभरते हुए एक अन्य तेज गेंदबाज उमेश यादव पर बहुत अधिक ध्यान दिया था। उमेश ने देश के लिए 50 से अधिक टेस्ट खेले तो वहीं लगातार चोटिल होने के कारण आरोन का करियर परवान नहीं चढ़ सका। आरोन ने संन्यास के बाद टेलीविजन पर क्रिकेट विशेषज्ञ के तौर पर काम करना शुरू किया है।

# एमआई न्यूयॉर्क ने दूसरी बार जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

**डलास (एजेंसी)।** एमआई न्यूयॉर्क ने सोमवार को वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ फाइनल मुकाबले में पांच रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ एमआई ने दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया।




एमआई न्यूयॉर्क ने साल 2023 में पहली बार एमएलसी की ट्रॉफी अपने नाम की थी, जिसके बाद अगले साल इस खिताब को वाशिंगटन फ्रीडम ने अपने नाम किया था। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने सात विकेट खोकर 180 रन बनाए। इस टीम को सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत दिलाई। मोनांक पटेल और क्विंटन डी कॉक ने 7.1 ओवरों में 72 रन जोड़े। मोनांक 22 गेंदों में 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तजिंदर ढिल्लन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन 14 रन से ज्यादा नहीं बना सके।

यहां से क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन जुटाए। पूरन ने 17 गेंदों में 21 रन की पारी खेली, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 46 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 77 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके। उनके अलावा इयान हॉलैंड, जैक एडवर्ड्स, ग्लेन मैक्सवेल और सौरभ नेत्रावलकर ने एक-एक शिकार किया।

इसके जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम निर्धारित ओवरों में 175/5 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ सकी। टीम शुरुआती पांच गेंदों में अपने दो बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। इस समय तक फ्रीडम का खाता तक नहीं खुला था। यहां से रचिन रविंद्र ने जैक एडवर्ड्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। एडवर्ड्स 22 गेंदों में 33 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इसके बाद रचिन रविंद्र ने ग्लेन फिलिप्स के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रन जुटाए। रविंद्र 41 गेंदों में दो छक्कों और आठ चौकों की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए।

ग्लेन फिलिप्स ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने की कोशिश जरूर की, लेकिन जीत नहीं दिला सके। फिलिप्स 34 गेंदों में 48 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी में पांच छक्के शामिल थे। एमआई न्यूयॉर्क की ओर से ट्रेंट बोल्ट और रुशिल उगरकर को दो-दो विकेट हाथ लगे, जबकि नोस्टुश केंजीगे ने एक शिकार किया।

# कुदेरमेतोवा और मेर्टेंस महिला युगल चैंपियन



लंदन। वेरोनिका कुदेरमेतोवा और एलिसे मेर्टेंस की जोड़ी ने महिला युगल के फाइनल में सु-वेई सीह और येलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा कर लिया। कुदेरमेतोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनी हैं जबकि मेर्टेंस का यह पांचवां ग्रैंड स्लैम और दूसरा विम्बलडन युगल खिताब है। कुदेरमेतोवा और मेर्टेंस 2021 के फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ थीं, लेकिन इस साल विम्बलडन में पहली बार एक साथ खेल रही थीं। यह जोड़ी तीसरे सेट में 2-4 से पीछे थी लेकिन शानदार वापसी करते हुए अंतिम चार गेम को भुना कर खिताब जीतने में सफल रही। सु-वेई ने तीन अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ चार बार विम्बलडन युगल खिताब जीता है। कुदेरमेतोवा ने कहा, मैं वह (2021) फाइनल हार गई थी और वह बहुत निराशाजनक था। आज मैंने खुद से कहा था कि मुझे यह खिताब चाहिए, और अब यह मेरा है।

# डब्यूपीएल से महिला क्रिकेट को मिली कई प्रतिभाएं : कोच मजूमदार

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्यूपीएल) के अनुभवों के कारण ही इस बार भारतीय टीम इंग्लैंड में टी20 सीरीज जीतने में सफल रही है। उन्होंने कहा, 'डब्यूपीएल से टीम को कई प्रतिभाएं मिली हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है पर भारत में और भी टूर्नामेंट हैं जिन पर हमारी नजरें है। बहुत सारे घरेलू खिलाड़ी भी इनमें खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'डब्ल्यूपीएल बीसीसीआई की पहल का एक हिस्सा मात्र है। इसलिए मुझे लगता है कि डब्ल्यूपीएल हमारे लिए एक सुखद अनुभव रहा है। लेकिन साथ ही ऐसे अन्य टूर्नामेंट भी हैं जो महत्वपूर्ण हैं। भारत की पदार्पण करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 विकेट लेकर श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह भी डब्ल्यूपीएल से ही निकलकर भारतीय टीम में पहुंची हैं। अमोल ने कहा, 'मुझे लगता है, आप जानते हैं, डब्ल्यूपीएल से हमने उन्हें पहचाना और फिर मुझे लगता है कि उनकी प्रगति शानदार रही है। हम एक बाएं हाथ की स्पिनर की तलाश में थे और वह इस काम के लिए बिल्कुल सही रही हैं। मजूमदार ने कहा कि इस सीरीज में सबसे विशेष बात भारत की सटीक गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहा जिसने पहले से ही मजबूत बल्लेबाजी क्रम का अच्छा साथ निभाया।



उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे अहम बात हमारी गेंदबाजी थी। इसमें कोई संदे नहीं है। भारत से रवाना होने से पहले हमारे पास एक रणनीति थी। हमारा शिविर अच्छा था और हमने अपनी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दिया जिसका प्रभाव इस सीरीज में दिखा। मुझे लगता है कि सबसे बड़ी उपलब्धि हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहे। राधा यादव की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण ने भी श्रृंखला के दौरान ध्यान आकर्षित किया और मजूमदार ने कहा कि यह सुधार इस बाएं हाथ की स्पिनर द्वारा घरेलू स्तर पर किए गए प्रयासों का परिणाम है।

# श्री चरणी टी20 ने की राधा के रिकार्ड की बराबरी



एजबेस्टन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई स्पिनर श्री चरणी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। श्री चरणी ने इसी सीरीज में अपने टी20 करियर की शुरुआत करते हुए सीरीज के पांच मैचों में 14.8 की औसत के साथ 10 विकेट लिए हैं। इसी के साथ श्री चरणी टी20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से पहले पायदान पर पहुंच गई हैं। श्री चरणी के अलावा राधा यादव के नाम भी एक ही टी20 सीरीज में 10 विकेट लेने का रिकार्ड है। राधा ने साल 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी। इस सूची में श्री चरणी और राधा यादव के बाद दीप्ति शर्मा है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ इसी सीरीज में 9 विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने इससे पहले एकदिवसीय प्राच्रूप में के पांच मैचों में छह विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 12 रन देकर चार विकेट और अगले तीन मैचों में दो-दो शिकार किए। हालांकि, अंतिम मैच में उन्हें कोई विकेट हाथ नहीं मिला। इस सीरीज को टीम इंडिया ने 3-2 से जीता और इस दौरान पूरी सीरीज में भारतीय खिलाड़ी छायी रही। अंतिम मैच में भ मेजबान टीम को अंतिम गेंद पर ही जीत मिली।

# पीएसजी को हराकर चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप का खिताब

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन यानी पीएसजी के फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीतने का सपना टूट गया है। इस सीजन पीएसजी ने सभी चार ट्रॉफी अपने नाम की थी लेकिन यहां चेल्सी भारी पड़ गई। मेटलाइफ स्टेडियम पर खेले गए खिताबी मुकाबले में चेल्सी ने पीएसजी को 3-0 से हराया। चेल्सी की यह दूसरी क्लब विश्व कप ट्रॉफी है। इससे पहले टीम ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में आयोजित किया गया था। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2023 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती हैं।



### कोल पाल्मर जीत के हीरो रहे

चेल्सी के लिए कोल पाल्मर ने दो गोल किए। 22वें मिनट में पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके 8 मिनट बाद उन्होंने टीम की तरफ से दूसरा गोल कर दिया। 30वें मिनट तक चेल्सी की बढ़त 2-0 की हो गई थी। पहले हाफ के अंत में चेल्सी ने तीसरा गोल भी कर दिया। जोआओ पेड्रो के गोल की मदद से चेल्सी की जीत पहले हाफ में ही पक्की हो गई थी। पीएसजी की टीम पूरे मुकाबले में कोई भी गोल नहीं कर पाई।

### डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रॉफी दी

पीएसजी का इस सीजन शानदार प्रदर्शन रहा। क्लब ने फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप और फ्रेंच सुपर कप की ट्रॉफी जीती थी। फिर इतिहास में पहली बार चैंपियंस लीग का खिताब भी जीता। लेकिन सीजन की 5वीं ट्रॉफी जीतने का सपना चेल्सी ने तोड़ दिया। चेल्सी हालिया प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर रही थी। यह मुकाबला 81,118 दर्शकों की मौजूदगी में खेला गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। ट्रंप ने पोडियम पर जाकर विजेता टीम को ट्रॉफी दी।

चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया है। यह अवॉर्डटूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल करने के साथ ही दो असिस्ट भी किए। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला और 20 वर्षीय पीएसजी फॉरवर्ड डेसिरे डूए को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया।

# साइना नेहवाल अपने पति कश्यप परुपल्ली से होंगी अलग, सोशल मीडिया पर शेयर की भावुक पोस्ट

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन आइकन साइना नेहवाल ने पति और साथी शटलर कश्यप परुपल्ली से अलग होने की घोषणा की है। यह जोड़ा, जो एक दशक से अधिक समय से साथ है और 2018 में शादी के बंधन में बंधा था। साइना ने रविवार को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक बयान के माध्यम से अलग होने के अपने फैसले की पुष्टि की। साइना ने कहा, 'जीवन हमें कभी-कभी अलग दिशाओं में ले जाता है। बहुत सोचने और विचार करने के बाद कश्यप परुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला किया है। हम अपने और एक-दूसरे के लिए शांति, विकास और उपचार का चयन कर रहे हैं। मैं यादों के लिए आभारी हूं और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं देती हूं।' साइना और कश्यप भारत की सबसे प्रमुख बैडमिंटन हस्तियों में से हैं जिन्हें अक्सर टूर्नामेंटों में एक-दूसरे का समर्थन करते और पेशेवर उपलब्धियों का जश्न साथ मिलकर मनाते देखा गया है। अलगाव का कारण निजी है, साइना के संदेश में आपसी सम्मान और सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने के साझा इरादे पर जोर दिया गया है। इस पोस्ट को प्रशंसकों, साथी एथलीटों और शुभचिंतकों का भरपूर समर्थन मिला, जिनमें से कई ने स्थिति को संभालने में दोनों की शालीनता और परिपक्वता की प्रशंसा की। पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए एक पथप्रदर्शक रही हैं। कश्यप पारुपल्ली का भी एक विशिष्ट करियर रहा है उन्होंने ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अलग-अलग निजी यात्राओं पर निकल पड़े साइना और कश्यप दोनों ही बैडमिंटन समुदाय और उसके बाहर अपार सम्मान अर्जित करते हैं।



# नीरज सहित कई एथलीट विश्व चैंपियनशिप से पहले यूरोप और अमेरिका में अभ्यास करेंगे

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए विदेश में प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। इसका खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा। इसी के तहत ही भारतीय खिलाड़ी सितंबर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप से पहले यूरोप और अमेरिका में अभ्यास करेंगे। एथलेटिक्स के सबसे अधिक खिलाड़ियों को विदेश में प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। एक बैठक में एथलेटिक्स के लिए 86 लाख रुपये के प्रशिक्षण और प्रतियोगिता प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा उन खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किया गया है जिन्होंने 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के नाम विश्व चैंपियनशिप के दो पदक है और 27 साल का यह खिलाड़ी एक बार फिर से भारत के लिए पदक की सबसे बड़ी उम्मीद होगा। वह 57 दिनों के लिए प्राग और चेक गणराज्य के निम्बार्क में प्रशिक्षण लेंगे। चोपड़ा ने 2022 में रजत और 2023 में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले, पारुल चौधरी और लंबी दूरी के धावक गुलबीर सिंह 15 जुलाई से तीन सितंबर तक कोलोराडो स्प्रिंग्स, लॉस एंजिल्स में प्रशिक्षण लेंगे। सरकार ने तीनों के प्रशिक्षण खर्च के लिए 41.29 लाख रुपये मंजूर किए हैं।

# लिवरपूल ने प्री-सीजन की शुरुआत प्रेस्टन पर 3-1 की जीत के साथ की, जोटा-सिल्वा को दी गई श्रद्धांजलि

लिवरपूल, 14 जुलाई (वेब वार्ता)। लिवरपूल ने अपने 2025-26 प्री-सीजन की शुरुआत डीपडेल में प्रेस्टन नॉर्थ एंड पर 3-1 से जीत के साथ की। यह जीत लिवरपूल के लिए बेहद भावनात्मक थी। लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा की पिछले सप्ताह स्पेन में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। हादसे में जोटा के भाई आंद्रे सिल्वा की भी मौत हो गई थी। मैच शुरू होने से पहले, स्टेडियम का माहौल बेहद भावुक था। प्रेस्टन और लिवरपूल के खिलाड़ियों ने प्रशंसकों के सामने एक मिनट का मौन रखा और जोटा के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। मैच से पहले 'यू विल नेवर वॉक अलोन' का भावपूर्ण लाइव प्रदर्शन हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। 20वें मिनट में, जब दोनों भाइयों की तस्वीर दिखाई गई, तो पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से भर गया। जोटा के लिए भावुक गीत भी गाया गया। डिओगो और आंद्रे को दी जाने वाली श्रद्धांजलि यहीं नहीं रुकी। लिवरपूल के डार्विन नुनेज ने दूसरे हाफ में जोटा के प्रतिष्ठित गोल सेलिब्रेशन की नकल करके अपने गोल का जश्न मनाया, जबकि कोडी गाकपो ने बाद में जोटा की शर्ट नंबर - 20 का इशारा करते हुए अपने गोल का जश्न मनाया, जिससे प्रशंसक खुशी से झूम उठे। मैदान पर, रेड्स ने शानदार प्रदर्शन किया। कॉनर ब्रैडली ने पहले हाफ के आखिर में स्कोरिंग की शुरुआत की, जिसमें किशोर रियो न्गुमोहा और फेडेरिको चिएसा ने भी मदद की। ब्रेक के बाद नुनेज ने रक्षात्मक गलती का फायदा उठाकर बढ़त दोगुनी कर दी और गैकपो ने अंतिम मिनटों में प्रेस्टन के लियाम लिंडसे द्वारा एक शक्तिशाली हेडर से गोल करने के बाद तीसरा गोल दागा।



# यानिक सिनर ने पहला विम्बलडन खिताब जीता, दो बार के गत चैंपियन अल्काराज को हराया

**लंदन (एजेंसी)।** शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर पहला विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। इस तरह इटली के खिलाड़ी सिनर ने पांच हफ्ते पहले हुए फ्रेंच ओपन के ऐतिहासिक फाइनल के नतीजे को भी बदल दिया। अब सिनर दूसरी रैंकिंग पर काबिज स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज से कुल ग्रैंडस्लैम खिताब से एक कदम दूर हैं।

इस जीत से सिनर ने 22 वर्षीय अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे जिसमें हालिया जीत आठ जून को रोलां गैरां में लगभग साढ़े पांच घंटे तक चली पांच सेटों की भिड़ंत में आई थी। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त बना ली थी लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। इससे अल्काराज का मेजर फाइनल में स्कोर 5-0 हो गया था।

सिनर ने ऑल इंग्लैंड क्लब में ऐसे मैच में अपनी छाप छोड़ी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। हालांकि बीच-बीच में चूक भी हुई। अल्काराज ने सेंटर कोर्ट में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 20 मैच जीते थे जिसमें 2023 और 2024 के फाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ जीत भी शामिल है।

विंबलडन में पिछली बार अल्काराज को हराने वाले खिलाड़ी सिनर हैं जिन्होंने 2022 में चौथे दौर में उन्हें शिकस्त दी थी। यह सिनर के लिए एक यादगार जीत साबित हुई जिसने उनकी उस बात को साबित कर दिया कि पेरिस में हारने का कोई असर नहीं होगा। हालांकि यह कल्पना करना मुश्किल है कि रविवार को उस हार का जरा भी ख्याल उनके दिमाग में नहीं था, विशेषकर जब तब चौथे सेट में 4-3, 15-40 के स्कोर पर सर्विस करते हुए उन्हें दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। लेकिन सिनर ने शांति से अगले चार प्वाइंट अपने नाम कर जीत हासिल कर ली।

जब सेट खत्म हुआ तो सिनर ने दोनों हाथ अपनी सफेद टोपी पर रख लिए। नेट पर अल्काराज को गले लगाने के बाद सिनर सिर झुकाकर कोर्ट पर झुक गए और फिर अपनी दाहिनी हथेली घास पर रख दी। सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार को सच में पीछे छोड़ दिया और दिखा दिया कि अल्काराज के साथ उनका मुकाबला आने वाले वर्षों तक टेनिस प्रशंसकों को खुश कर सकता है।

दिलचस्प बात है कि पिछली सात ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को दोनों ने आपस में बांटा है जिसमें पिछली 12 में से नौ ट्रॉफियां शामिल हैं। संयोग से यह पहली बार है जब दो पुरुष खिलाड़ियों ने एक ही वर्ष में रोलां गैरां के क्ले कोर्ट और ऑल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर खिताबी मुकाबले खेले। इससे पहले रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने 2006, 2007 और 2008 में ऐसा किया था। सिनर ने पिछले चार मेजर फाइनल में से प्रत्येक में भाग लिया है और यह सिलसिला पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन में जीत के साथ शुरू हुआ और उसके बाद उन्होंने इस जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक और जीत हासिल की। अपनी दाहिनी कोहनी की सुरक्षा के लिए सफेद टेप और सफेद बांह की आस्तीन पहने हुए सिनर को कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने सेमीफाइनल में 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच को बाहर करते समय भी कोई भी परेशानी महसूस नहीं की थी।



## मायावती ने नीतीश की घोषणाओं को अच्छे दिन जैसी जुमलेबाजी बताया

लखनऊ (एजेंसी)। बिहार में चुनावी साल में हालिया रोजगार संबंधी घोषणाओं को लेकर बसपा प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने इन घोषणाओं को जुमलेबाजी और चुनावी छलावा करार दिया है। मायावती ने पोस्ट कर कहा कि नीतीश द्वारा चुनाव के बाद सरकार बनने पर अगले पांच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा बिहार की बिगड़ती कानून-व्यवस्था से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए की गई एक कोशिश मात्र है। उन्होंने नीतिश की घोषणा को अच्छे दिन जैसी जुमलेबाजी बताया, जो लोगों को हकीकत से दूर करती है। मायावती ने कहा कि जनता विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के चुनावी वादों, दावों और घोषणाओं से भलीभांति परिचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी पार्टियां चुनाव से पहले इसतरह के लोक लुभावने वादे करने में बिल्कुल नहीं हिचकिचातीं। उनके अनुसार, बिहार की वर्तमान गठबंधन सरकार का नौकरी और रोजगार का वादा उनके अन्य वादों से मेल खाता है, जिसे जनता अपने अनुभवों के आधार पर जानती है। मायावती ने उम्मीद जाहिर की बिहार की जनता सोच-समझकर गरीब और सर्वजन हितैषी सरकार चुनेगी। उन्होंने चुनाव आयोग से सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चुनाव बाहुबल, धनबल और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से मुक्त होकर पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। उन्होंने कहा कि सभी गरीबों, मजदूरों और अन्य मेहनतकश लोगों को सही से वोट डालने का मौका मिलना चाहिए।



## प्लास्टिक के जहरीले रसायन से भारत में सबसे ज्यादा मौतें

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्लास्टिक में पाया जाने वाला एक खतरनाक रसायन डाय-2 एथाइलहेक्सिल थैलेट (डीईएचपी) दिल की बीमारियों का प्रमुख कारण बन रहा है। चिंता की बात यह है कि इस रसायन से संबंधित सबसे ज्यादा मौतें भारत में हो रही हैं। प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर एक नया अध्ययन बेहद चौंकाने वाले तथ्य सामने लाया है। अमेरिका की न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन हेल्थ द्वारा किए गए इस अध्ययन में बताया गया है कि सिर्फ वर्ष 2018 में ही डीईएचपी के संपर्क से करीब 3.5 लाख लोगों की जान हृदय संबंधी बीमारियों के कारण गई। इनमें 1,03,587 मौतें अकेले भारत में हुईं, जो चीन और इंडोनेशिया जैसे देशों से भी ज्यादा हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि भारत प्लास्टिक से उत्पन्न स्वास्थ्य संकट की गंभीर चपेट में है। डीईएचपी का उपयोग आमतौर पर प्लास्टिक को लचीला और टिकाऊ बनाने के लिए किया जाता है। यह रसायन खासकर फूड पैकेजिंग, मेडिकल ट्यूब, ब्लड बैग्स, बोतलें और घरेलू प्लास्टिक कंटेनरों में पाया जाता है। जब ये वस्तुएं गर्म होती हैं या टूटती हैं, तो इनमें से सूक्ष्म प्लास्टिक कण डीईएचपी के साथ निकलकर शरीर में पहुंच जाते हैं। इससे दिल की धमनियों में सूजन, ब्लॉकेज, हार्ट अटैक, स्ट्रोक, और साथ ही मोटापा, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. लियोनार्डो ट्रासांडे के अनुसार, डीईएचपी अकेला कारण नहीं है लेकिन इसका असर अन्य रसायनों के मुकाबले कहीं ज्यादा खतरनाक है। यह विश्लेषण 55 से 64 वर्ष की उम्र के लोगों के स्वास्थ्य डाटा पर आधारित है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि असल मृत्यु संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है। रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि डीईएचपी से होने वाली मौतों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को साल 2018 में ही 510 अरब से लेकर 3.74 लाख करोड़ डॉलर तक का नुकसान हुआ। भारत, चीन और इंडोनेशिया जैसे देशों में प्लास्टिक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके सुरक्षित प्रयोग और जागरूकता की भारी कमी है।

## दिल्ली में लापता हुई छात्रा स्नेहा की लाश मिली, त्रिपुरा सीएम ने कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते कई दिनों से त्रिपुरा की छात्रा स्नेहा देबनाथ लापता थी। बीते रोज कथित डेड बॉडी गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास से बरामद कर ली गई है। स्नेहा दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा थी। उसकी एक करीबी मित्र ने उसके बारे में कई खुलासे किए हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि 7 जुलाई को पर्यावरण कॉम्पलेक्स से स्नेहा के लापता होने की सूचना मिली थी। परिजनों की ओर से सौंपे गए एक नोट में उसके सिग्नेचर ब्रिज से कूदने के इरादे का संकेत मिला था। पुलिस ने बताया कि 19 साल की स्नेहा के परिजनों में महरौली थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दी थी। परिजनों ने अपनी शिकायत में बताया कि स्नेहा दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। 7 जुलाई को उसने आखिरी बार अपने परिवार से संपर्क किया था। वहीं दूसरी तरफ त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने भी मामले में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपने एक पोस्ट में कहा कि सबरूम की रहने वाली स्नेहा देबनाथ जो नई दिल्ली में लापता हो गई हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में मामला आते ही उसकी ओर से दिल्ली पुलिस को तत्काल और उचित कार्रवाई करनी चाहिए। दिल्ली पुलिस की मानें तो कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने जांच टीम को बताया कि उन्होंने एक लड़की को ब्रिज पर खड़ा देखा था। फिर इसके बाद एनडीआरएफ की मदद ली गई। एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर निगम बोध घाट से नोएडा तक तलाशी अभियान चलाया गया। आखिरकार गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास से उसकी कथित डेड बॉडी बरामद कर ली गई। इन शुरुआती जानकारी के आधार पर दिल्ली पुलिस ने स्नेहा की खोजबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान एक कैब ड्राइवर ने स्नेहा को सिग्नेचर ब्रिज पर छोड़ने की बात बताई। फिर तकनीकी निगरानी से स्नेहा की आखिरी लोकेशन सिग्नेचर ब्रिज पर पाई गई। दिल्ली पुलिस ने यह भी बताया कि स्नेहा के करीबी दोस्तों ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से परेशान थी। यही नहीं स्नेहा ने उसी सुबह एक ई-मेल और व्हाट्सएप संदेश भेजा था। पुलिस ने बताया कि वह मामले की छानबीन कर रही है।

# पंजाब में पंचायत का फरमान... अवैध तौर पर रह रहे अप्रवासी एक सप्ताह में गांव छोड़ें



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के अंदर हिंदी बनाम मराठी का विवाद पैदा करने की कोशिशें बीते कुछ दिनों में हुई हैं। इसके अलावा राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने उत्तर भारतीयों को भी निशाने पर लिया है। इस बीच पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से भी इसतरह से खबरें आ रही है, जहां के एक गांव से प्रवासियों को निकलने का फरमान आया है। फतेहगढ़ साहिब जिले के गांव लखनपुर गारचा पट्टी की पंचायत ने गांव में रहने वाले प्रवासियों को एक सप्ताह के अंदर निकल जाने का फरमान दिया है। पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया है कि गांव में काफी लोग अवैध तौर पर रहे हैं और इन्हें एक सप्ताह में निकलने का आदेश दिया है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

ग्रामीणों की पंचायत में पारित प्रस्ताव में बताया गया हैं कि ये प्रवासी लोग महिलाओं से बदसलूकी करते हैं। गांव के सरपंच बरिंदर सिंह बिंडा ने कहा कि ये प्रवासी लोग यहां खेतों में काम करने के लिए आए थे, लेकिन अब ये स्थायी तौर पर यहीं बस गए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें से तमाम इसतरह के लोग हैं, जो गांव में घूमते रहते हैं। सिगरेट और बीड़ी पीते हैं। इसके अलावा इनमें से कई लोगों को ड्रग्स की लत है और उसके प्रभाव में आकर ये लोग चोरियां तक कर रहे हैं। ड्रग तस्करी से भी इंकार नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बाद भी इन पर लगाम नहीं लगी है। ऐसी स्थिति में हम गांव वालों ने प्रस्ताव पारित किया है कि ये लोग निकल ही जाएं।

सरपंच बिंडा ने कहा कि उन लोगों को ही यहां रुकने दिया जाएगा, जिनके पास आधार कार्ड हैं या फिर अन्य दस्तावेज हैं। बिना आईडी प्रूफ वाले लोगों को यहां रुकने की परमिशन नहीं होगी। ऐसा इसलिए ताकि कानून व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या यदि खड़ी होती है, तब उसके बारे में आसानी से पता लगाया जा सके। इस मामले में कुछ संगठनों ने दखल देने की कोशिश की है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आखिर इस बात की गारंटी कौन लेगा कि बिना किसी आईडी प्रूफ के यहां रहने वाले लोग कोई समस्या पैदा नहीं करेगा।

## शिक्षा मंत्री प्रधान के बैनर पर पोती कालिख, सपा के तीन नेता गिरफ्तार

**-स्कूल मर्जर नीति के खिलाफ हुआ विरोध प्रदर्शन और थाने का घेराव**



**प्रयागराज (एजेंसी)।** शिक्षा मंत्रालय की स्कूल मर्जर नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पोस्टर और बैनर पर कालिख पोतने के मामले में प्रयागराज पुलिस ने तीन समाजवादी पार्टी नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान सपा छात्र सभा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बैनर पर कालिख पोती और शिक्षा बनाम मधुशाला जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया। इस घटना को गंभीर मानते हुए पुलिस ने तीन टीमों का गठन कर छापेमारी की और छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवा केसरवानी, उपाध्यक्ष शिवा बाग़ी, तथा सद्दाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकारी बैनर को नुकसान पहुंचाने, शांति भंग करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज किया है। यहां गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही सपा के वरिष्ठ नेता सिविल लाइंस थाने पहुंचे और गिरफ्तारी का विरोध किया। महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन और महासचिव रविंद्र यादव रवि की अगुवाई में बैठक कर इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया गया। प्रदर्शन के पीछे छात्रों और समाजवादी पार्टी की मांग है कि स्कूलों के विलय से गांवों और छोटे इलाकों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। अब इस मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है।

## छांगुर बाबा का कुबूलनामा: अंतरराष्ट्रीय गिरोह के नेटवर्क की कमान संभालती थी नसरीन



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अवैध धर्मांतरण के मामले में धरे गए छांगुर बाबा ने अपनी करतूतों को कबूल लिया है। उन्होंने कबूला है कि दुबई और नेपाल में उसके गिरोह का सबसे ज्यादा नेटवर्क है। यहां की कमान नीतू उर्फ नसरीन ही संभाल रही थी। यहां से आने वाली रकम व संस्थाओं को सहयोग के लिए मददगार नीतू से ही सम्पर्क करते थे। रिमाण्ड अवधि के चौथे दिन एटीएस अफसरों से ऐसा ही छांगुर बाबा ने कहा। रविवार को भी सबसे ज्यादा सवाल विदेशी फंडिंग को लेकर हुए।

एटीएस ने जब पूछा कि दोनों व गिरोह के अन्य सदस्यों के कितने खाते कहां-कहां खुले हुए हैं। इस पर दोनों के विरोधाभासी जवाब थे। छांगुर ने कहा कि उसे सिर्फ अपने खाते के बारे में पता है। वहीं नीतू ने कहा कि छांगुर ही सारे खाते का हिसाब रखता था। वह अपने नाम से खुले आठ खातों के बारे में ही जानती है। उसके इन खातों में तीन अलग-अलग संस्थाओं के नाम से हैं। एटीएस ने धर्मांतरण से जुड़े कई सवाल किए। बताया जाता है कि एटीएस इन दोनों को आजमगढ़ व श्रावस्ती भी ले जा सकती है। एटीएस सूत्रों के मुताबिक जैसे ही उससे धर्मांतरण के बारे में पूछा जाता है, वह एक ही रट लगाता है कि उसने एक भी अवैध धर्मांतरण नहीं कराया। सबने अपनी मर्जी से ही इस्लाम धर्म कुबूल किया। सालाना उर्स की बात पर उसने कहा कि सब कुछ सबके सामने होता था। दरगाह के पास सालाना उर्स में हर धर्म के लोग आते थे। जब उससे रुपये देकर इस्लाम धर्म कुबूलवाने की बात कही तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। उसके सामने ही नीतू से पूछा गया कि रकम कहां-कहां खर्च करती थी। इस पर उसने छांगुर बाबा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि ये ही तय करते थे कितनी रकम कहां खर्च की जानी थी। एटीएस रिमाण्ड पर पूछताछ के दौरान दोनों के गोलमोल जवाब देने पर वह सख्त भी हुई।

# मजिस्द की चारदीवारी फांदकर नमाज पढ़ने पहुंचे उमर, नजर बंद करने का आरोप लगाया

**-शहीद दिवस पर फातिहा पढ़ने से रोका गया**



**हरिद्वार (एजेंसी)।** श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कथित तौर पर सुरक्षा बलों द्वारा रोकने के बाद मजार-ए-शोहदा की चारदीवारी फांदकर नमाज़ पढ़ी। सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने मज़ार-ए-शोहदा आने से पहले किसी को सूचित नहीं किया था, क्योंकि उन्हें 13 जुलाई शहीद दिवस पर नज़रबंद किया गया था। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें सुरक्षा बलों के द्वारा रोकने की कोशिश की गई। इस मौके पर अब्दुल्ला के फारुक अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें उमर दीवार फांदकर अंदर जा रहे हैं। 13 जुलाई, 1931 को जम्मू-कश्मीर में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह डोगरा राजशाही के खिलाफ विद्रोह में मारे गए 22 नागरिकों की हत्या की याद में मनाया गया था।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने की ज़िम्मेदारी बताते हैं। उनके आदेश पर हमें कल फ़ातिहा पढ़ने की इजाज़त नहीं दी गई। सुबह से ही सभी को नज़रबंद किया गया था। जब मैंने कंट्रोल रूम को बताया कि मैं यहां फ़ातिहा पढ़ने आना चाहता हूं। तब कुछ ही मिनटों में मेरे घर के बाहर बंकर लगा दिए गए। और वे रात के 12-1 बजे तक वहां रहे। आज मैं बिना किसी को बताए यहां आया था। आज भी उन्होंने हमें रोकने की कोशिश की। मैं जानना चाहता हूँ कि किस क़ानून के तहत मुझे रोका गया।

अब्दुल्ला ने कहा कि वे कहते हैं कि यह एक आज़ाद देश है, लेकिन वे सोचते हैं कि हम उनके गुलाम हैं। हम किसी के गुलाम नहीं हैं। हम सिर्फ़ यहां के लोगों के गुलाम हैं। हमने उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया। उन्होंने हमारा झंडा फाड़ने की कोशिश की। लेकिन हम यहां आए और फ़ातिहा पढ़ा। वे भूल जाते हैं कि ये कब्रें हमेशा यहीं रहेंगी।

अन्य नेताओं के दावे और प्रतिक्रियाएँ

उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भी आरोप लगाया कि कश्मीर में उनके आधिकारिक आवास पर अधिकारियों ने ताला लगा दिया था। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया और जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ़्ती ने कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं को पुलिस थानों में नज़रबंद कर दिया गया, जबकि अन्य को उनके घरों में बंद कर दिया गया। उन्होंने इन कार्रवाइयों को दमनकारी बताया और इनकी तुलना 13 जुलाई के शहीदों द्वारा लड़ी गई लड़ाई से की।

पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने भी दावा किया कि उन्हें अपने घर से बाहर निकलने से रोका गया और उन्होंने 13 जुलाई को दिए गए बलिदान को कश्मीरियों के लिए पवित्र बताया।

## अहमदबाद विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट से पायलट एसोसिएशन नाराज... जांच में शामिल होने की बात कही

**-जांच पूरी हुए बिना पायलट पर इल्जाम लगाना सही नहीं**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर आई विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुवाती रिपोर्ट चर्चा में है। रिपोर्ट में विमान हादसे के पीछे फ्यूट कटऑफ का अंदेशा जाहिर किया गया है, इसपर पायलट यूनियन का गुस्सा भड़क गया है। एअरलाइन पायलट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एलएपीए) ने प्लेन क्रैश की जांच में शामिल करने की मांग की है।

भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ (आईसीपीए) ने पायलट के द्वारा विमान का फ्यूल कटऑफ करने वाली थ्यौरी की कड़ी निंदा की है। आईसीपीए का कहना है कि जांच पूरी हुए बिना पायलट पर इस तरह से इल्जाम लगाना सही नहीं है। पायलट की आत्महत्या का आरोप पूरी तरह से निराधार है।

आईसीपीए के अनुसार, विमान हादसे के बाद मीडिया और लोगों के बीच जिस तरह की बातें चल रही हैं, उससे हम बेहद दुखी हैं। पायलट के द्वारा आत्महत्या का यह आरोप बकवास और निराधार है। इस तरह के दावों का कोई आधार नहीं है। प्रारंभिक जांच और अधूरे आंकड़ों के आधार पर इसतरह के इल्जाम लगाना न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना हरकत है बल्कि उनके परिवार के प्रति भी असंवेदनशीलता को दिखाते हैं।

वहीं एअरलाइन पायलट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एलएपीए) ने प्लेन क्रैश जांच में शामिल होने की मांग की है। एलएपीए 800 एअरलाइंस और हेलीकॉप्टर कंपनियों का प्रतिनिधित्व करती है। साथ ही संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एअरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (आईएफएएलपीए) से जुड़ी है। वहीं, दुनिया के 100 देशों के 1 लाख पायलट आईएफएएलपीए के सदस्य हैं।

एलएपीए-इंडिया के अध्यक्ष सैम थॉमस ने बताया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट वेबसाइट पर डाल दी गई। उस पर किसी के हस्ताक्षर नहीं थे। हम पारदर्शिता चाहते हैं। हम चाहते हैं कि जांच टीम में हमारे प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाए।

थॉमन के अनुसार, जांच की गोपनीयता से हम हैरान हैं। हमें लगता है कि जांच में पायलट्स को प्लेन क्रैश के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हम इसके सख्त खिलाफ हैं।

## समाज में कुछ ऐसे लोग हों जो सरकार के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर करें

**गडकरी ने कहा-अदालती आदेश से ऐसे काम हो सकते हैं जो सरकार नहीं कर सकती**



**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोक प्रशासन में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सरकार के खिलाफ अदालती मामले दायर करने की जरुरत पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ ऐसे लोग होने चाहिए जो सरकार के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर करें। इससे राजनेताओं में अनुशासन आता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सरकार के मंत्री भी वह काम नहीं कर सकते जो अदालती आदेश से हो सकता है। लोकप्रिय राजनीति राजनेताओं और मंत्रियों के आड़े आती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नागपुर में प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए गडकरी ने कहा कि अदालती आदेश से ऐसे काम हो सकते हैं जो सरकार भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में कुशल संगठक के रूप में सम्मानित किए गए लोगों ने सरकार के खिलाफ ऐसी कई कानूनी लड़ाइयाँ लड़ीं। गडकरी ने कहा कि कुशल संगठकों ने शिक्षा क्षेत्र में गलत सरकारी फैसलों के खिलाफ कई मामले दायर किए और कई मौकों पर सरकार को अपने फैसले वापस लेने के लिए मजबूर भी किया।

इससे पहले गडकरी ने रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान युद्धों का हवाला देते हुए कहा कि महाशक्तियों की तानाशाही और निरंकुशता के कारण समन्वय, आपसी सद्भाव और प्रेम खत्म हो रहा है और दुनिया भर में संघर्ष का माहौल है। भारत को दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश देने वाली बुद्ध की भूमि बताते हुए गडकरी ने अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की समीक्षा और विचार-विमर्श के बाद भविष्य की नीति निर्धारित करने की जरुरत पर जोर दिया। ये संघर्ष ऐसी स्थिति पैदा कर रहे हैं जहां विश्व युद्ध 'कभी भी' छिड़ सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध से संबंधित तकनीकी प्रगति भी मानवता की रक्षा करना कठिन बना रही है।

# अब ट्रेनों में लगाए जाएंगे कैमरे, चोर और बदमाशों पर रखी जाएगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब इंडियन रेलवे सिक्योरिटी को और पुख्ता करने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इससे यात्रियों की सुरक्षा को और चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। ट्रायल के पॉजिटिव रिजल्ट आने के बाद अब रेलवे ने सभी यात्री कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया है। इस पहल से ट्रेनों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगेगा और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

हर कोच में चार डोम-टाइप सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, दो-दो कैमरे दोनों दरवाजों के पास। वहीं, प्रत्येक इंजन में कुल छह कैमरे होंगे, आगे, पीछे और दोनों ओर एक-एक। इसके अलावा फ्रंट और रियर कैब में एक-एक डोम कैमरा और दो डेस्क माउंटेड माइक्रोफोन भी लगाए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सभी कैमरे नवीनतम तकनीक से लैस होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। रेल मंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसे कैमरे लगाए जाएं, जो 100 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक की रफ्तार से चल रही ट्रेनों में भी स्पष्ट रिकॉर्डिंग कर सकें। साथ ही कम रोशनी में भी बेहतर प्रदर्शन करें।

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कैमरे यात्रियों की प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए कोच के सामान्य आवागमन क्षेत्र, जैसे दरवाजों के पास लगाए जाएंगे। यह कदम उन असामाजिक तत्वों और संगठित गिरोहों पर लगाम कसने में मददगार होगा, जो भोले-भाले यात्रियों को निशाना बनाते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने एक उच्चस्तरीय बैठक में इस योजना की समीक्षा की। बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसमें बताया गया कि उत्तरी रेलवे में किए गए सफल परीक्षणों के बाद अब देशभर के सभी कोचों और इंजनों में कैमरे लगाए जाएंगे। रेल मंत्री अधिकारियों को इंडिया एआई मिशन के सहयोग से इन कैमरों द्वारा कैप्चर किए गए डेटा पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की संभावनाएं तलाशने को भी कहा। रेलवे मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि यात्रियों की निजता से कोई समझौता न हो। कैमरे केवल सार्वजनिक आवागमन वाले क्षेत्रों में लगाए जाएंगे, जिससे सुरक्षा तो सुनिश्चित होगी ही। साथ ही किसी की गोपनीयता भी प्रभावित नहीं होगी। यह



पहल भारतीय रेलवे की यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आने वाले समय में यह तकनीक रेल यात्रा को पहले से ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद बनाएगी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**